
# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक



भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते सीएम हेमंत सोरेन


• बोकारो, बुधवार 15 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 326 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## जैक ने जारी किया 11वीं का रिजल्ट, 99.12 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए पास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को कक्षा 11वीं की परीक्षा 2026 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया। परीक्षा का आयोजन राज्यभर में 25 से 28 फरवरी 2026 के बीच किया गया था। परिणाम की घोषणा जैक के अध्यक्ष डॉ. नटवा हांसदा ने परिषद मुख्यालय, रांची में की। इस मौके पर परिषद के सचिव, परीक्षा नियंत्रक और वरिष्ठ सूचना पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस साल कक्षा 11वीं का परिणाम काफी बेहतर रहा। कुल 3,61,683 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था जिनमें से 3,58,533 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 3,55,399 विद्यार्थियों को प्रोन्नत किया गया। इस तरह कुल पास प्रतिशत 99.12 रहा, जो पिछले साल के मुकाबले अधिक है। पिछले साल यह आंकड़ा करीब 98% था। जैक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस बार सभी जिलों और विभिन्न डिवीजनों में छात्रों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है। अधिकांश विद्यालयों में रिजल्ट बेहतर रहा जिससे शिक्षा व्यवस्था में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। उच्च पास प्रतिशत से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। परिणाम जारी करते हुए जैक अध्यक्ष डॉ. नटवा हांसदा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। साथ ही उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन में जिला शिक्षा पदाधिकारियों, स्कूल प्राचार्यों और परीक्षा कर्मियों के योगदान की सराहना की। अध्यक्ष ने उन छात्रों को भी प्रोत्साहित किया जो किसी कारणवश कम अंक ला पाए हैं या परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थियों के लिए आगे भी अवसर उपलब्ध रहेंगे और उन्हें निरंतर मेहनत करते रहना चाहिए। जैक ने यह भी संकेत दिया है कि कक्षा 8वीं और 9वीं के परिणाम इसी सप्ताह जारी किए जा सकते हैं। वहीं मैट्रिक (10वीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) के परिणाम अगले सप्ताह घोषित होने की संभावना है। कक्षा 11वीं के बेहतर परिणाम के बाद अब छात्रों और अभिभावकों की नजर आगामी परीक्षाओं के नतीजों पर टिकी हुई है। शिक्षा विभाग को उम्मीद है कि आने वाले परिणाम भी इसी तरह संतोषजनक रहेंगे। इस वर्ष का 11वीं का परिणाम राज्य के लिए सकारात्मक संकेत लेकर आया है जो यह दर्शाता है कि झारखंड में शिक्षा के स्तर में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

## निजी अस्पतालों की खामियों एवं शोषण को उजागर करने पर देंगे अवार्ड : स्वास्थ्य मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पाकुड़।** पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार प्रसार करने जा रहे झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मंगलवार को पाकुड़ पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री ने यहां स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और विभाग के चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ-साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि झारखंड के सभी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का काम हमारे कार्यकाल में हो रहा है और सभी अस्पतालों को और भी बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन सरकारी अस्पतालों की खामियों को ही मीडिया द्वारा दिखाया जा रहा है जिससे डॉक्टरों का मनोबल टूट रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में इतने सारे निजी अस्पताल हैं और वहां पर सबसे ज्यादा शोषण हो रहा है मगर इस पर कोई आवाज नहीं उठाता है। मंत्री ने कहा कि निजी अस्पतालों में काफी खामियां हैं लेकिन सरकारी अस्पतालों को ही निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों में हो रहे शोषण और खामियों को भी दिखाएं हम उन्हें अवार्ड देंगे। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि चारपाई पर मरीजों को दिखाया जा रहा है ये सब क्या है, हमें समय दीजिये हम व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सैकड़ों एंबुलेंस हैं जो लाखों किलोमीटर चलने के कारण खराब हैं। जल्द ही नई एंबुलेंस की खरीदारी होगी। इसकी प्रक्रिया जारी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के सभी सिविल सर्जन को यह निर्देश दिया गया है कि कर्मियों की जो कमी है उसकी सूची उपलब्ध कराएं, जल्द बहाली की प्रक्रिया होगी। मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में पाकुड़ में ओपीडी लगाएंगे और मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे ताकि लोगों का सरकारी व्यवस्था के प्रति विश्वास जगे। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों को हाइटेक बनाया जायेगा ताकि मरीज के अस्पताल पहुंचने पर उसे एक अच्छा माहौल मिले और बेड या डॉक्टर्स की कमी महसूस न हो। सदर अस्पताल से गंभीर रोगी या सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को रेफर किये जाने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि इसके लिए हमारी जनता और कुछ राजनीतिक दलों के नेता जिम्मेदार हैं क्योंकि जब भी कोई इस तरह का केस आता है तो दो सौ से तीन सौ लोग साथ में पहुंच जाते हैं। इससे डॉक्टर्स को लगता है कि यदि इलाज के क्रम में मरीज की स्थिति खराब हो गयी तो हमें मारेगा और इसी कारण ज्यादातर मरीज रेफर किया जाता है। ऐसे में यदि मरीज के परिजन साथ दें तो उनका इलाज उसी अस्पताल में हो जायेगा।

### संक्षिप्त समाचार

#### एक करोड़ की अफीम-डोडा जब्त

**चतरा (नबिटा ब्यूरो)।** चतरा पुलिस ने लावालौंग क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग एक करोड़ रुपये की अफीम और डोडा जब्त किया है। यह कार्रवाई एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में की गई जिसमें छह तस्करों के घरों से नशे का जखीरा बरामद हुआ। हालांकि तस्कर भागने में कामयाब रहे। पिछले तीन दिनों के भीतर लावालौंग क्षेत्र में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है जिसमें अफीम माफियाओं के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया है। पुलिस ने तस्करों के घरों से उनके आधार कार्ड भी बरामद किए हैं।

#### पूर्वा एक्सप्रेस से गिरकर पति-पत्नी घायल

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** दिल्ली से हावड़ा जा रही पूर्वा एक्सप्रेस से गिरकर एक दंपति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना मंगलवार को डोकरा हॉल्ट से कुछ दूरी पर पोल संख्या 226/18 के पास हुई। दोनों को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे कंट्रोल रूम सक्रिय हो गया। रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेल पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। सुरक्षा बलों ने घायलों को घटनास्थल से उठाकर एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया।

#### सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**गोड्डा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नगर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। यह घटना बीती रात तब हुई जब एक तेज रफ्तार वाहन ने मजदूर को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान मकुंदी डिगवानी निवासी 50 वर्षीय जगदीश यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार जगदीश यादव काम खत्म कर बाजार से अपने घर लौट रहे थे। भागलपुर रोड स्थित रामनगर रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात हाइवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मजदूर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

#### रेलवे ट्रैक पर मिला ट्रक चालक का शव

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** धनबाद-गया रेल खंड पर कोडरमा स्टेशन के पास एक युवक का शव रेलवे पटरी पर दो टुकड़ों में मिला है। मृतक की पहचान मरकच्चो थाना क्षेत्र के कोशडीहरा गांव निवासी 28 वर्षीय विकास कुमार यादव के रूप में हुई है। विकास पेशे से ट्रक चालक था और पिछले तीन दिनों से लापता था। विकास का रेल की पटरियों पर संदेहास्पद तरीके से शव मिलने पर घर वालों को संदेह है कि उसकी साजिश के तहत हत्या कर रेल दुर्घटना बताने की कोशिश की जा रही है। परिजनों में जीआरपी पुलिस से इसकी गंभीरता से जांच की मांग की है।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को पूरा देश याद कर रहा है। इस मौके पर राजधानी रांची के डोरंडा स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर सुबह से ही श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले लोगों का तांता लगा। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री की पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब के योगदान को न केवल देश बल्कि दुनिया ने सराहा है, आज उनकी जयंती है, हम सभी उन्हें नमन करते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए कहा कि उनके विचार हमेशा प्रासंगिक बने रहेंगे। निश्चित रुप से वे हमेशा याद किये जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज का यह शुभ दिन भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए गौरव का क्षण है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को हुए लगभग 135 साल हो गए और कहीं न कहीं बाबा भीमराव अंबेडकर का जो योगदान है, वो योगदान किसी से नहीं छिपा है और ना छिपेगा। शायद इनके द्वारा संविधान की रचना को पूरी दुनिया सलाम करती है। सीएम ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जैसे सपूत हमें मिले हैं और इससे पूरे देश का नाम ऊंचा हुआ है। देश के लोग उनके योगदान को जब तक दुनिया है, सदैव याद रखेंगे। अंबेडकर जयंती के मौके पर डोरंडा स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का तांता लगा रहा। बाबा साहेब अमर रहे के नारे लगते रहे और लोग बारी-बारी से उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते रहे। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। वहीं भाजपा के कई नेता श्रद्धांजलि अर्पित करते देखे गए। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू सहित कई बड़े चेहरे बाबा साहेब को याद कर उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## जमीन विवाद में पथराव, पुलिस ने संभाला मोर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** जिले के जमुआ थाना क्षेत्र के घोरंजो में मंगलवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में भिड़ंत हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों की तरफ से कई लोग जुट गए और पथराव शुरू हो गया। बीच सड़क पर भी पत्थरबाजी की गई। बाद में मामले की सूचना पुलिस को लगी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विभूति देव ने गश्ती दल को भेजा और खुद भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। इस संबंध में जमुआ थाना प्रभारी विभूति देव ने बताया कि घोरंजो में गैरमजरुआ जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। मंगलवार को एक पक्ष ने कार्य शुरू करने का प्रयास किया तो दूसरे पक्ष ने विरोध कर दिया। इस दौरान दोनों पक्ष से लोग जुटे और कुछ मिनट के लिए पथराव हो गया। हालांकि समय पर गश्ती दल के पहुंच जाने से दोनों पक्ष शांत हुए। घटना में किसी को भी चोट नहीं लगी। हालांकि पुलिस गश्ती दल मौके पर मौजूद है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही जमुआ के सीओ नरेश कुमार वर्मा भी मौके पर पहुंच गए। सीओ ने पहले स्थिति को नियंत्रित किया, फिर लोगों को समझाया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की बात थी तो लोगों को प्रशासन के पास आना चाहिए न की खुद ही फैसला करने में लोग जुट जाएं। सीओ ने कहा कि कानून को हाथ में लेनेवाले लोगों पर कार्रवाई होगी। फोन पर हुई बातचीत में सीओ ने कहा कि दो पक्ष जमीन को लेकर भिड़े हैं। स्थिति को देखते हुए खोरी महुआ अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर निषेधाज्ञा (बीएनएस की धारा 163) लागू कर दी गई है। पथराव में जो लोग शामिल हैं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## अलग-अलग सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गुमला।** जिले में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई है। सभी घटनाए सोमवार की रात हुई। पहली घटना सदर थाना क्षेत्र के गुमला-टोटो मुख्य मार्ग पर हुई। टोटो मुख्य चौक के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में सेमरडीह आंजन निवासी मनोज कुजूर (30) की मौत हो गई जबकि बाइक पर बैठा उसका दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं दूसरी घटना गुमला सदर थाना क्षेत्र के खोरा पतराटोली के पास हुई। यहां सिसई करंज टोली निवासी 46 वर्षीय बुधु भगत की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधु भगत बाइक से गुमला की ओर आ रहे थे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। तीसरी घटना पालकोट रोड स्थित रोटरी क्लब के पास हुई। इसमें सरना टोली निवासी 34 वर्षीय पंचू खड़िया खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से बाहर सड़क पर निकला था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क के एक छोर से दूसरे छोर तक जा गिरा और उसके सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। कुछ वर्ष पूर्व उसकी पत्नी की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है।

### राज्यपाल से मिलीं रांची विवि की कुलपति, भेंट की भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित पुस्तकें

## भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने की जरूरत : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से लोकभवन में सादर शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात शैक्षणिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है जिसमें उच्च शिक्षा के विविध आयामों पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रो. सरोज शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं प्राचीन भारतीय विज्ञान विषय पर अपनी लिखित पुस्तकों की प्रतियां को विनम्रतापूर्वक भेंट कीं। उन्होंने बताया कि इन पुस्तकों में भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत, प्राचीन वैज्ञानिक उपलब्धियों और पारंपरिक ज्ञान की व्यापक व्याख्या की गई है, जो आज के आधुनिक शिक्षा तंत्र में भी प्रासंगिक है। कुलपति ने इस दौरान विश्वविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक सुधार, अनुसंधान गतिविधियों और नई शिक्षा नीति के तहत किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम में शामिल करने और छात्रों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रो. शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों को इस दिशा में और सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया ताकि युवा पीढ़ी अपनी विरासत से परिचित हो सके और उसे आगे बढ़ा सके। इस मुलाकात के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार, शोध को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। यह शिष्टाचार भेंट न केवल औपचारिक रही, बल्कि इसमें शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं और दिशा को लेकर सार्थक संवाद भी देखने को मिला।

## लातेहार में रेत की तरह बिखर रही है ग्रामीण सड़कें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**लातेहार।** गांव का विकास तभी संभव हो पाएगा जब वहां अच्छी सड़क पहुंच पाए। सरकार इसे लेकर लगातार प्रयास भी कर रही है लेकिन संवेदक की लापरवाही और मनमानी के कारण ग्रामीण सड़क निर्माण का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। ऐसा ही एक मामला लातेहार जिले के मनिका प्रखंड में देखा जा सकता है। यहां जान्हों से लेकर सधवाडीह तक बन रहे सड़क की गुणवत्ता पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रश्न चिन्ह लगा दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जो पक्की सड़क बन रही है उसकी गुणवत्ता इतनी निम्न है कि वह रेत की तरह बिखर जा रही है। दरअसल लातेहार जिले के मनिका प्रखंड अंतर्गत जान्हों से लेकर सधवाडीह तक ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य आरंभ है। इस सड़क की स्वीकृति चार साल पहले ही हुई थी लेकिन किसी न किसी कारण से सड़क का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ था। इस वर्ष विभागीय दबाव के बाद संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की गुणवत्ता अत्यंत निम्न है। पंचायत के मुखिया बहादुर उरांव, ग्रामीण अरुण कुमार ठाकुर आदि लोगों ने आरोप लगाया कि पक्की सड़क होने के बावजूद इसकी गुणवत्ता काफी निम्न है। पक्की सड़क में जो कालीकरण की गई है वह रेत की तरह बिखर जा रही है। यदि सड़क की स्थिति यही रही तो बरसात के बाद सड़क का नामोनिशान नहीं बचेगा। मुखिया समेत अन्य ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया कि इस मामले में त्वरित संज्ञान ले और सड़क की गुणवत्ता में सुधार करवाए ताकि जिस उद्देश्य से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है उसका लाभ आम लोगों को मिल सके। इधर सड़क की गुणवत्ता को लेकर आम लोगों में भी भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से यह सड़क अधूरी पड़ी हुई थी। अब जब निर्माण कार्य शुरू हुआ तो इसकी गुणवत्ता इतनी खराब है कि सड़क बनने के साथ ही उखड़ने लगी है। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कई वर्षों के इंतजार के बाद जब सड़क बनाई जा रही है तो कम से कम इसकी गुणवत्ता ऐसी रहे ताकि कुछ दिनों तक सड़क चलने लायक बची रहे। इधर इस संबंध में पूछने पर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता ओमप्रकाश बड़ाइक ने बताया कि ग्रामीण सड़क की स्वीकृति चार वर्ष पहले ही मिली थी। उन्होंने कहा कि कालीकरण का थिकनेस 40 मिमी रखना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत के आलोक में जूनियर इंजीनियर को मामले की जांच का निर्देश दिया गया है। सड़क का निर्माण प्रावधान और प्राक्कलन के अनुरूप ही कराया जाएगा।


Reg No. JHENG/25/A4874

Another Launching from

NAVBIHAR TIMES GROUP

THE EASTERN VOICE

'English Daily Newspaper

Regional Newspaper in whole Bihar & Jharkhand

Email Id-theeasternv@gmail.com

Bihar Office:-Satyendra Nagar,Aurangabad (BiharJharkhand)
Office:-31-Co-operative Colony,Bokaro Steel City, Bokaro (Jharkhand)

Contact:- 6206165107, 7295863300

# 301 बच्चियों को मिला प्रमाण पत्र, कुटुंब प्रबोधन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** कुटुंब प्रबोधन द्वारा माता अहिल्याबाई होलकर वाहिनी के तत्वावधान में मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 को संगम गार्डन में एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 301 बच्चियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया गया कार्यक्रम की संयोजिका सह कुटुंब प्रबोधन की प्रांत टोली सदस्य पूनम बरनवाल के नेतृत्व में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता पूजन से हुई, जिसके पश्चात अतिथियों ने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए इस अवसर पर कुटुंब प्रबोधन के प्रांत प्रभारी सकलदेव चौरसिया, गिरिडीह की मेयर प्रमिला मेहरा, नगर संघ संचालक विजय जैन, सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष अर्जुन मिस्त्कार, सचिव शालिनी पूर्व प्रचार्या पुष्पा सिन्हा, शांति भवन की साध्वी बहन, जैन समाज की महिला अध्यक्ष प्रेमलता जैन, गोल्डन फ्यूचर स्कूल की निदेशक प्रमिला बरनवाल, कारू बरनवाल, शारदा भवन से उर्मिला बरनवाल, प्रकाश सेठ एवं गायत्री परिवार के कामेश्वर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान बच्चियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिससे उनमें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ। आयोजन में सोनू, संध्या, माधुरी, ज्योति, ललिता, सुमन समेत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बच्चियां और सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।यह आयोजन सामाजिक जागरूकता एवं नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में सराहा गया।






# बाबा साहब और गुरुदास चटर्जी अमर रहें के नारों से गूंजा महुवाटांड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** महुवाटांड़ स्थित माले कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं शहीद कॉमरेड गुरुदास चटर्जी के 26वें शहादत दिवस के अवसर पर संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ह्वबाबा साहब अमर रहेंह्व और ह्वगुरुदास चटर्जी अमर रहेंह्व के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में उपस्थित माले एवं असंगठित मजदूर मोर्चा के सदस्यों ने दोनों महान हस्तियों की तस्वीर पर बारी-बारी से माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर बाबा साहब के कार्यों, भारतीय संविधान, युवाओं की भूमिका तथा वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई माले के जिला कमिटी सदस्य कन्हाई पांडेय ने कहा कि बाबा साहब ने देश को नई दिशा दी, लेकिन आज संविधान की मूल भावना का पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने सभी लोगों से संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। साथ ही शहीद गुरुदास चटर्जी के जीवन, उनके संघर्ष और कार्यशैली पर भी प्रकाश डाला गया जिला कमिटी सदस्य राजेश सिन्हा ने कहा कि बाबा साहब एक महानायक थे, जिनसे आज के युवाओं को सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने चिंता जताई कि आज का एक बड़ा वर्ग उनके सिद्धांतों से दूर होता जा रहा है, जबकि उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है असंगठित मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष किशोर राय ने कहा कि बाबा साहब और गुरुदास चटर्जी ने दलित, आदिवासी और वंचित समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश को बेहतर दिशा देने का काम किया है। उन्होंने दोनों नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेने की बात कही इस अवसर पर मोहन कोल्ह, गुलाब कोल्ह, धनेश्वर कोल्ह, परसादी राय, हुबलाल राय, सरिता देवी, सीता देवी, कामनी देवी, बालेश्वर मुर्मू, निमिया देवी, कर्मी देवी, ललिता देवी, चंदन टुडू, लूटना दास, सोनू दास, शिवनाथ सिंह, हीरालाल पंडित, बबलू राय सहित कई लोग उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### अंबेडकर जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित संविधानिक मूल्यों पर दिया गया जोर

**गिरिडीह (नबिटासं)।** भाकपा-माले प्रखंड कमिटी बेंगाबाद के प्रखंड सचिव कामरेड रामलाल मुर्मू एवं जिला कमेटी सदस्य कामरेड शंकर पाण्डेय के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत ग्राम हरिला (बेंगाबाद) में सामाजिक कार्यकर्ता देव दास के आवास पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर के साथ-साथ ज्योतिबा फुले एवं कॉ. गुरुदास चटर्जी को भी संयुक्त रूप से स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अप्रैल माह में इन महान व्यक्तित्वों की स्मृति तिथियों के मद्देनजर सभी को सामूहिक रूप से याद किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने महान विभूतियों के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कामरेड शंकर पाण्डेय ने डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में संविधान के मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—के प्रति हर नागरिक की जिम्मेदारी बढ़ जाती है वहीं कामरेड रामलाल मुर्मू ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कराया और कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने श्रमिकों, महिलाओं एवं वंचित-शोषित समुदायों के अधिकारों को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 14 अप्रैल 2000 को धनबाद के देवली में शहादत देने वाले कम्युनिस्ट नेता कॉ. गुरुदास चटर्जी को भी याद करते हुए उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया।सामाजिक कार्यकर्ता देव दास ने अपने संबोधन में कहा कि अंबेडकर के समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा समाज में बदलाव की कुंजी है इस अवसर पर एपवा नेत्री अश्वा खातुन, ग्रामीण महिलाओं में बबीता देवी, गीता देवी, प्रमीला कुमारी एवं युवा छात्र सचिन दास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के समापन से पूर्व कामरेड शंकर पाण्डेय ने डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित पुस्तकें छात्राओं के बीच वितरित कीं।



### साहित्य सम्मेलन में युगांतर लेकर आए पं छविनाथ पांडेय

**पटना (नबिटासं)।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के जीवन में एक महान युगांतर तब आया जब महान स्वतंत्रता सेनानी और हिन्दी-सेवी पं छविनाथ पाण्डेय सम्मेलन के प्रधानमंत्री के रूप में सम्मेलन से जुड़े। उन्हीं के कारण, सम्मेलन का मुख्यालय प्रदेश की राजधानी पटना में स्थापित हुआ, भूमि मिली और भवन का निर्माण हुआ और इस प्रकार सम्मेलन के जीवन में स्थायित्व की स्थापना हुई। यदि वो न होते तो देश के अन्य प्रांतीय साहित्य सम्मेलनों की भाँति बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन का अस्तित्व भी दशकों पूर्व समाप्त हो गया होता। यह बातें बुधवार को सम्मेलन सभागार में आयोजित जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, सम्मेलन को अमर बनाने में जिन साहित्यकारों ने अपना सब कुछ न्योछावर किया, उनमें छविनाथ जी अग्रगण्य थे। वे हिन्दी और अंग्रेजी के महान विद्वान, पत्रकारिता के भी आदर्श और मुद्रण-कला के विशेषज्ञ थे। पांडेय जी का ऋषि-तुल्य तपस्वी-जीवन हमें सदा प्रेरणा देता है। विदुषी कवयित्री गिरिजा वर्णवाल को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि काशी विश्व विद्यालय में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी और डा नामवर सिंह जैसे महान साहित्याकारों की शिष्या रहीं गिरिजा जी एक विदुषी लेखिका ही नहीं एक आदर्श स्त्री भी थीं। उन्होंने एक कुशल गृहिणी की तरह अपने पति स्मृति-शेष साहित्यकार नृपेंद्र नाथ गुप्त के साहित्यिक व्यक्तित्व के उन्नयन में अमूल्य योगदान दिया। साहित्य और साहित्याकारों के प्रति उनका अनुराग भी अनुकरणीय था। उनकी रचनाओं में उनकी प्रतिभा और विद्वता की स्पष्ट झलक मिलती है। उनकी विनम्रता और उनका आंतरिक सौंदर्य, उनके विचारों, व्यवहार और रचनाओं में अभिव्यक्त हुआ है। उनके व्याख्यान भी अत्यंत प्रभावशाली होते थे। उनके चेहरे पर सदा एक स्निग्ध मुस्कान खिलती रहती थी, जो उन्हें विशिष्ट बनाती थी।



# अंबेडकर जयंती पर कांग्रेस की श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला कांग्रेस कमेटी के स्वास्थ्य विभाग की ओर से बरवाडीह कर्बला मैदान में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया शामिल हुए। सर्वप्रथम सभी उपस्थित लोगों ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन संघर्ष एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सतीश केडिया ने कहा कि बाबा साहब का जन्म एक मध्यमवर्गीय दलित परिवार में हुआ था। उन्होंने विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त की, लेकिन भारत लौटकर उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने दलितों को समान अधिकार दिलाने और देश को मजबूत संविधान देने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज भी भारत का संविधान विश्व के श्रेष्ठ संविधानों में गिना जाता है और पूरा देश उनकी जयंती पर उन्हें नमन कर रहा है। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नदीम अख्तर, अशोक विश्वकर्मा, महमूद अली खान, महासचिव प्रो. मंजूर अंसारी, सुलेमान अख्तर, शाहनवाज आलम, साबिर खान, गुलाम मुस्तफा, गुलाम सरवर, अमीन अकेला, विशु कुमार मंडल एवं ऋषभ आनंद समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने अपने विचारों के माध्यम से बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में गिरिडीह विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बिलाल अहमद हुसैनी, प्रकाश कुमार, प्रभात कुमार, अमित कुमार, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद शहाबुद्दीन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष मिराज अहमद ने की। इस दौरान कुछ लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की, जिन्हें जिलाध्यक्ष सतीश केडिया ने पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया कार्यक्रम के समापन के बाद सभी कार्यकताओं ने अंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



# संदिग्ध किरायेदारों की दें सूचना, पहचान छुपाकर रह रहे युवाओं पर रखें नजर : थाना प्रभारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग)।** क्षेत्र में संभावित आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण को लेकर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने आम नागरिकों से सतर्क रहने और संदिग्ध किरायेदारों की सूचना देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का सहयोग अपराध नियंत्रण में बेहद महत्वपूर्ण है। थाना प्रभारी ने अनजान व्यक्तियों को घर किराए पर देने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करने की बात कहते हुए अपने या आसपास किराए पर रह रहे 20 से 35 वर्ष के युवकों पर विशेष नजर रखने को कहा। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति का स्थायी पता, काम या यहां रहने का उद्देश्य स्पष्ट नहीं है, तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी जाए।

■ किरायेदार रखने से पहले मकान मालिक किरायेदार का कराएं पुलिस सत्यापन



# रामचरितमानस नवाह पारायण महायज्ञ का आठवां दिन, उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बघारा में 07 अप्रैल 2026 से आयोजित श्री श्री 108 रामचरितमानस नवाह पारायण महायज्ञ का सोमवार को आठवां दिन भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। सुबह 6 बजे से 9:30 बजे तक मानस पाठ तथा 9:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक पूजन, हवन और आरती का आयोजन प्रतिदिन की भांति किया गया। वहीं रात में कथावाचकों द्वारा प्रवचन प्रस्तुत किए गए आठवें दिन विशेष रूप से घी धरी कार्यक्रम के तहत देवपूजन के लिए यज्ञ स्थल से शिव मंदिर तक गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

भ्रमण के बाद यज्ञ स्थल पर लौटकर चयनित पुजारियों द्वारा विधिवत घी धरी की रस्म संपन्न कराई गई सुबह से ही यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए पानी और शरबत की समुचित व्यवस्था की गई थी। आकर्षक मंडप और विशाल पंडाल ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय और गौरवपूर्ण वातावरण में बदल दिया रात के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रवचन सुना और भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के बाद अपने-अपने घर लौटे महायज्ञ में मुख्य पुजारी के रूप में पंकज यादव एवं उनकी पत्नी रेणु यादव शामिल हैं।

वहीं सहयोगी पुजारियों में सुनील कुमार वर्मा एवं संगीता रानी, दिनेश शर्मा एवं मालती शर्मा, आशीष वर्मा एवं पिंकी वर्मा, घनश्याम गोप एवं रामेश्वरी देवी, मनोज चौधरी एवं अनीता देवी, देवकी यादव एवं मीना देवी तथा मेघलाल महतो एवं खिरिया देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही मुख्य पुजारी पंकज यादव सहित सभी पुजारियों ने कहा कि वे इस धार्मिक कार्य में तन, मन और धन से जुड़े हैं तथा ऐसे आयोजन से उन्हें आत्मिक आनंद और सुकून की अनुभूति होती है इस संबंध में जानकारी सरयू गोप द्वारा दी गई।



# अभाविप द्वारा अंबेडकर जयंती पर माल्यार्पण, सामाजिक न्याय का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की नगर इकाई द्वारा नटराज चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी 135वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संगठन के कार्यकताओं ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में अभाविप प्रदेश सह मंत्री मंटू मुर्मू ने कहा कि बाबा साहब के जन्मदिवस पर नगर इकाई द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि संविधान निमार्ता, समाज सुधारक और महान कानूनविद् अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन समाज में समानता और न्याय स्थापित करने के लिए समर्पित किया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

इस मौके पर कार्यकताओं ने सामाजिक न्याय, समानता और दलितों एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए बाबा साहब द्वारा किए गए संघर्षों को याद किया और उनके सिद्धांतों पर चलने की प्रतिबद्धता जताई वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री, संविधान के मुख्य शिल्पकार, प्रख्यात अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनकी वैचारिक विरासत आज भी देश को दिशा दे रही है, जिसमें दलित, पिछड़े वर्गों के उत्थान के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण का भी स्पष्ट संदेश मिलता है बताया गया कि 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली उनकी जयंती पूरे देश में राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाई जाती है। बाबा साहब उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी रहे और कोलंबिया विश्वविद्यालय तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाले शुरूआती भारतीयों में शामिल थे। कार्यक्रम में प्रदेश एसएफएस सह संयोजक अनीश राय, नगर सह मंत्री सदानंद राय, कॉलेज अध्यक्ष अंकुश सिंह, कॉलेज मंत्री कृष पासवान, उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, मुन्ना पंडित, रामानंद कुशवाहा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अंबेडकर जयंती पर पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कई कार्यक्रमों में लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने हजारीबाग जिले के विभिन्न हिस्सों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मंगलवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत उन्होंने सबसे पहले शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड़ स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जय भीम और सामाजिक समानता के नारों के बीच वातावरण भावपूर्ण बना रहा। इसके पश्चात वे नवाबगंज स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जिला कल्याण छात्रावास में आयोजित जयंती समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उपस्थित लोगों के साथ केक काटकर उनका जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय लोगों ने भी बाबा साहेब के जीवन और योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में मुन्ना सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, त्याग और सामाजिक न्याय के लिए अटूट संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मजबूत आधार दिया, जिसे हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सुरक्षित और सशक्त बनाए रखे। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में जब समाज में विभाजनकारी ताकतें सक्रिय हैं, तब बाबा साहेब के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा से उनके सिद्धांतों—समानता, शिक्षा, अधिकार और सामाजिक न्याय—को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी। मुन्ना सिंह जी ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें बाबा साहेब के विचारों को केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में उतारकर एक समतामूलक समाज के निर्माण के लिए प्रयास करना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए कटकमसांडी प्रखंड के चट्टी गांव का दौरा किया, जहां हाल ही में पानी में डूबने से दिवंगत हुए सुनील साव के पुत्र के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।



# लिपिक मोर्चा की बैठक, प्रोन्नति व स्थानांतरण पर उठी आवाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा, जिला इकाई गिरिडीह की एक महत्वपूर्ण बैठक झंडा मैदान, पुराना जेल परिसर में संघ के महासचिव विकास कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखंड रांची द्वारा जारी आदेश—जिसमें योग्य लिपिकों को प्रोन्नति देने एवं तीन वर्षों से एक ही कार्यालय में पदस्थापित विद्यालय लिपिकों के स्थानांतरण की बात कही गई है—पर विचार-विमर्श करना था।

बैठक में उपस्थित लिपिकों ने इस आदेश पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभाग से नियमानुसार कार्रवाई की मांग की। प्रमुख मांगों में कहा गया कि विद्यालय लिपिकों का स्थानांतरण प्रोन्नति के बाद ही किया जाए। साथ ही, विद्यालयों के उत्क्रमण के बाद स्वीकृत पदों में वृद्धि होने की स्थिति में पदों का पुनः कर्णांकन एवं संशोधन किया जाए मोर्चा ने यह भी मांग रखी कि निम्न वर्गीय लिपिक, उच्च वर्गीय लिपिक एवं प्रधान लिपिक के पदों पर केवल उन्हीं कर्मियों की पदस्थापना हो, जिन्हें उस पद के अनुरूप प्रोन्नति दी गई हो। इसके अलावा लिपिकों के अभ्यावेदन के आधार पर ही स्थानांतरण करने, संघ के कार्यकारिणी पदधारकों का स्थानांतरण न करने तथा आवश्यक स्थिति में जिला मुख्यालय के समीप स्थानांतरण सुनिश्चित करने की बात कही गई बैठक में बिना अभ्यावेदन के किए गए स्थानांतरण पर सेवा संहिता के अनुसार स्थानांतरण भत्ता एवं पैकिंग भत्ता देने की मांग भी उठाई गई। इसके साथ ही योग्य लिपिकों को प्रोन्नति एवं एमएसीपी का लाभ देने, लंबित अवकाश स्वीकृति, वेतन निर्धारण एवं सेवा संपुष्टि की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने की भी मांग की गई लिपिकों ने यह भी बताया कि कई वर्षों से विभागीय प्रशिक्षण नहीं दिया गया है, जिससे कार्य निष्पादन में कठिनाइयाँ होती हैं। उन्होंने कोषागार वेतन विपत्र ऑनलाइन, पेंशन एवं अन्य सेवा संबंधी प्रशिक्षण शीघ्र आयोजित करने की मांग की। बैठक में साकेत कुमार, जिला सचिव अवधेश कुमार यादव, राज्य कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, अनिल कुमार, विशाल कुमार, नरेश बेसरा, सुभाष मुर्मू, संदीप कुशवाहा, भावेश कुमार, महेश कुमार, नूतन देवी, प्रियंका गुप्ता, अशोक कुमार, मो. इकबाल अहमद सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कई लिपिक उपस्थित रहे बैठक के अंत में निर्णय लिया गया कि संघ का एक प्रतिनिधिमंडल आगामी तीसरे शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी, गिरिडीह से मिलकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेगा तथा अन्य समस्याओं के समाधान के लिए वार्ता करेगा।



# जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे आने का मुख्य कार्यकारी अधिकारी का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



पतरातू (रामगढ़)। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पीवीयूएनएल पतरातु के नेताजी सुभाष चंद्र बोस सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ए.के. सहगल (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पीवीयूएनएल), विशिष्ट अतिथि मनोज अगरिया (प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड आदिम जनजाति विकास समिति), रेनू सहगल (अध्यक्ष, स्वर्णरेखा महिला समिति) सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा विद्यालय, पतरातु की 35 छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए बाबा साहेब के जीवन एवं विचारों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथि मनोज अगरिया ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, उनके आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं मुख्य अतिथि ए.के. सहगल ने बाबा साहेब से प्रेरणा लेकर समाज के जरूरतमंद वर्गों की सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। रेनू सहगल ने अपने संबोधन में बाबा साहेब द्वारा स्थापित समानता के अधिकार एवं महिलाओं के सशक्तिकरण में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए छात्राओं को शिक्षा पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को अपर महाप्रबंधक विवेकानंद, उप महाप्रबंधक अनमोल खलखो एवं राजेश डुंगडुंग ने भी संबोधित करते हुए बाबा साहेब के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रमुख, विभागाध्यक्ष एवं स्वर्णरेखा महिला समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कस्तूरबा विद्यालय पतरातु की सभी 35 छात्राओं को स्कूल बैग एवं स्टडी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## निजी अस्पतालों की खामियों एवं शोषण को करें उजागर, हम देंगे अवार्डः स्वास्थ्य मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़**। पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार प्रसार करने जा रहे झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मंगलवार को पाकुड़ पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री ने यहां स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और विभाग के चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ-साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि झारखंड के सभी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का काम हमारे कार्यकाल में हो रहा है और सभी अस्पतालों को और भी बेहतर बनाने के प्रयास किया जा रहा है। लेकिन सरकारी अस्पतालों की खामियों को ही मीडिया द्वारा दिखाया जा रहा है, जिससे डॉक्टरों का मनोबल टूट रहा है।

# संगठित अपराध के खिलाफ करें कार्रवाई : डीआइजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामगढ़**। जिले में बढ़ते संगठित अपराध (ऑर्गेनाइज्ड क्राइम) पर लगाम कसने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इस कड़ी में रामगढ़ एसपी कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता हजारीबाग प्रक्षेत्र के डीआइजी अंजनी कुमार झा ने की। बैठक में रामगढ़ एसपी अजय कुमार सहित सभी एसडीपीओ और थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान डीआईजी ने पुलिस अफसरों को कई दिशा निर्देश दिए।

**संगठित अपराध के खिलाफ करें कार्रवाईः डीआईजी**

बैठक के दौरान डीआईजी अंजनी कुमार ने कहा कि जिले में सक्रिय संगठित अपराधियों के खिलाफ सख्त और निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित हो। उन्होंने अपराधियों की पहचान कर उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।

**अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें: एसपी**

इस दौरान एसपी अजय कुमार ने भी बैठक में मौजूद सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नियमित रूप से गश्ती बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी करने और खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने की बात कही। बैठक में अपराध की रोकथाम के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई। जिसमें संगठित गिरोहों पर कार्रवाई, वारंटियों की गिरफ्तारी और अवैध हथियार और नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में डीआईजी अंजनी कुमार झा ने कहा कि इन दिनों लगातार किसी एक खास अपराधी का नाम लेकर दहशत फैलाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि रामगढ़ पुलिस ने कई मामलों में दहशत फैलाने वाले अपराधियों को गिरफ्तार किया है और कई कांडों का खुलासा भी किया है।

## तरन्नुम संगीत संस्थान, मोराबादी में स्वर कोकिला आशा भोसले को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोराबादी (रांची)**। तरन्नुम संगीत संस्थान, अंतू चौक मोराबादी में महान गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान संस्थान में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। संस्थान की डायरेक्टर डॉ. मृणालिनी अखौरी ने स्वर कोकिला आशा भोसले को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनके संगीत योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि आशा भोसले और उनका परिवार स्वयं में एक संगीत संस्थान की तरह है, जिससे पीढ़ियों ने बहुत कुछ सीखा है और आगे भी सीखते रहेंगे। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षार्थियों ने भी उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि स्वरूप उनके गाए प्रसिद्ध भजन "तोरा मन दर्पण कहलाए" तथा गजलें "दर्द जब तेरी अता है" और "सलोना सा सजन है और मैं हूं" प्रस्तुत कर स्वरांजलि अर्पित की।

डॉ. मृणालिनी अखौरी ने कहा कि उन्होंने बचपन से ही आशा भोसले के गीतों को सुनकर संगीत की बारीकियों को समझने का प्रयास किया और आज की नई पीढ़ी को भी उनके गीतों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके गाए गीत सदैव संगीत जगत में अमर रहेंगे और आने वाले गायक-गायिकाओं को मार्गदर्शन देते रहेंगे।

इस अवसर पर संजय ठाकुर, बसंत शर्मा, मनोज, रीमा, ललिता, खुशी, नैंसी, रूपक कुमार, हिमांशी, स्नेहा एवं सरस्वती सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# यू-18 एशिया कप की तैयारीः झारखंड के 11 खिलाड़ी भारतीय हॉकी कैंप में चयनित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रांची**। U-18 एशिया कप 2026 की तैयारियों के तहत आयोजित होने वाले सब जूनियर भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीम के कोचिंग कैंप में झारखंड के कुल 11 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें 8 महिला और 3 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। यह कोचिंग कैंप 19 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक भोपाल स्थित साई सेंटर (SAI) में आयोजित किया जाएगा। यह कैंप 29 मई से 6 जून 2026 तक जापान के काकामीगाहारा में होने वाले U-18 एशिया कप के लिए खिलाड़ियों की अंतिम तैयारी के उद्देश्य से लगाया जा रहा है। देशभर से महिला और पुरुष वर्ग में 40-40 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिनमें झारखंड के खिलाड़ियों की मजबूत भागीदारी देखने को मिल रही है।

महिला टीम में झारखंड की सुगन सांगा, संदीपा कुमारी, पुष्पा मांझी, अंकिता लकड़ा, श्रुति कुमारी, खिली कुमारी, नीलम टोपनो और प्रीति बिलुंग को जगह मिली है। वहीं पुरुष टीम में आशीष तानी पूर्ति, प्रेमचंद सोय और जयसन कांडूलना का चयन हुआ है।

झारखंड के 11 खिलाड़ियों का एक साथ चयन होना राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इससे यह साफ है कि राज्य में हॉकी के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इन खिलाड़ियों का चयन हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

महिला खिलाड़ियों का चयन 1 से 12 अप्रैल तक रांची में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2026 के प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। वहीं पुरुष खिलाड़ियों का चयन राजगीर में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। झारखंड के खिलाड़ियों के चयन पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। हॉकी झारखंड कहना है कि यह चयन राज्य के लिए गर्व की बात है और उम्मीद है कि ये खिलाड़ी आगामी एशिया कप में देश का नाम रोशन करेंगे। साथ ही यह भी कहा गया कि राज्य में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका परिणाम अब सामने आने लगा है। झारखंड के खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन न सिर्फ राज्य बल्कि पूरे देश के लिए सकारात्मक संकेत है और आने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

# नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और वार्ड पार्षदों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दुमका**। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर निजी संस्थान के द्वारा नगर निकाय चुनाव जीतकर आए नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

पटेल सेवा संस्थान बासुकीनाथ की ओर से बासुकीनाथ में नगर निगम देवघर एवं नगर पंचायत बासुकीनाथ के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में देवघर के मेयर रवि राउत, बासुकीनाथ नगर पंचायत की अध्यक्ष वीणा देवी, उपाध्यक्ष रोहित कुमार राव सहित वार्ड पार्षदों को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।

देवघर के मेयर रवि राउत ने बताया कि पटेल सेवा संस्थान बासुकीनाथ के द्वारा सम्मानित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिसके लिए मैं संस्थान का आभार जताता हूं। उन्होंने बताया कि बाबाधाम देवघर एवं बासुकीनाथ शहर का विकास करना ही प्रमुख लक्ष्य है। बाबा धाम एवं बासुकीनाथ आस्था का केंद्र है और यहां पूजा अर्चना के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं का आगमन होता है।

श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सुविधा मिले इसको लेकर नगर विकास विभाग से फंड प्राप्त कर देवघर एवं बासुकीनाथ दोनों शहरों का समुचित विकास किया जाएगा। वहीं पटेल सेवा संस्थान बासुकीनाथ के संरक्षक विश्वंभर राव ने बताया कि संविधान निर्माता डॉ। भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और इस अवसर पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

# देवघर के सदर अस्पताल में जांच की व्यवस्था ढुलमुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर**। जिले को संथाल परगना के स्वास्थ्य राजधानी के रूप में जाना जाता है। इसलिए यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन तत्पर रहती है। लेकिन हाल की बात करें तो देवघर की स्वास्थ्य व्यवस्था राम भरोसे है।

असल में, देवघर के सदर अस्पताल में इन दिनों मरीजों को टेस्ट करवाने में काफी दिक्कत हो रही है, क्योंकि पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड के तहत चलने वाले टेस्टिंग सेंटर के टेंडर पीरियड के बाद, अब डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ लेबोरेट्री ही मरीजों के लिए एकमात्र सहारा है। हालांकि, यह लेबोरेट्री सहारा बनने के बजाय चुनौती बनती जा रही है।

इस लैब में जांच का समय दोपहर 3:00 तक ही होता है, जिससे सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जो मरीज दूर दराज और ग्रामीण इलाकों से आते हैं, उनके लिए जांच करवाना मुश्किल ही नहीं असंभव हो जाता है।

जामताड़ा से आए एक मरीज ने ऑफ कैमरा अपनी समस्या बताते हुए कहा कि डॉक्टरों ने स्पष्ट कहा है कि पहले जांच रिपोर्ट लाएं उसके बाद ही आगे का इलाज हो पाएगा। लेकिन जांच की समय सीमा तय होने से अब उनकी जांच डॉक्टरों के दिए समय पर नहीं हो पा रहा है। वहीं मधुपुर से आए एक मरीज ने बताया कि जांच नहीं होने के कारण डॉक्टर इलाज के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। क्योंकि जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आएगी तब तक उचित दवा देना डॉक्टर के लिए भी संभव नहीं है। मरीजों ने बताया कि पीपीपी मोड पर जब जांच हुआ करती थी तो उस वक्त लोगों के लिए कोई समय सीमा नहीं थी और 24 घंटे जांच की सुविधा मौजूद रहती थी। लेकिन विगत 31 मार्च से पीपीपी मोड पर चल रहे जांच घर बंद होने से लोगों को जांच के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। सबसे ज्यादा दिक्कत वैसे मरीजों को हो रही है जो दूर दराज के ग्रामीण इलाकों से सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

मरीजों की परेशानी को लेकर सदर अस्पताल में संचालित जांच घर के पदाधिकारी मनोज मिश्रा बताते हैं कि सदर अस्पताल का जांच घर तो चल रहा है लेकिन पब्लिक प्राइवेट मोड पर चल रहे जांच घर के बंद होने से देर शाम जांच कराने वाले मरीजों को काफी दिक्कत हो रही है। उन्होंने बताया कि कर्मियों की कमी की वजह से सदर अस्पताल परिसर में पीपीपी मोड पर चल रहे जांच घर बंद हुए हैं। पीपीपी मोड पर चलने वाले जांच घर को फिर से शुरू करने के लिए अधिकारियों से बातचीत जारी है। उम्मीद है कि जल्द ही सदर अस्पताल परिसर में जांच की व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया जाएगा, ताकि दूर इलाके से आए मरीजों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# अम्बेडकर जयंती पर मदनपुर में निकला जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर (औरंगाबाद)**। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिवनाथ बिगहा स्थित कार्यक्रम स्थल पर समारोहपूर्वक जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर सामूहिक माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में जिला परिषद सदस्य शंकर यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक वंशी राम, छोटन राम, संरक्षक सह मुखिया संजय यादव, पैक्स अध्यक्ष शंभू यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लालदेव यादव, अधिवक्ता चंदेश्वर पासवान, विमल राम, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष रामप्रवेश मांझी, हेडमास्टर तपेश्वर कुमार, अनिल यादव एवं पैक्स अध्यक्ष अनुज सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलेश्वर राम ने की। इससे पूर्व एक विशाल जुलूस निकाली गई, जो खिरियावां मोड़ से प्रारंभ होकर एनएच-19, थाना रोड, दर्जी बिगहा मोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। जुलूस के दौरान प्रतिभागियों ने "जय भीम" के नारे भी लगाये।

# रसोई गैस वितरण में अनियमितता पर एसडीओ ने जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। ओवर ब्रिज के समीप लिंगराज एचपी गैस एजेंसी के समीप गैस उपभोक्ताओं द्वारा सड़क जाम किए जाने की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को प्राप्त हुई। सूचना के आलोक में पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने मामले का जायजा लिया। निरीक्षण टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी रमन बहादुर सिंह, विपणन पदाधिकारी अमरजीत कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में एजेंसी कार्यालय में संधारित स्टॉक पंजी, कैश मेमो, होम डिलीवरी पंजी आदि अभिलेखों की गहन जांच की गई। तत्पश्चात गोदाम में उपलब्ध एलपीजी सिलेंडरों के भौतिक सत्यापन के साथ स्टॉक का मिलान किया गया। जांच के दौरान एफआईएफओ (पहले आओ, पहले जाओ) प्रणाली का अनुपालन नहीं किए जाने संबंधी अनियमितता पाई गई। उक्त अनियमितता पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एचपी सेल्स मैनेजर एवं गैस एजेंसी संचालक को फटकार लगाई गई तथा एजेंसी संचालक एवं प्रबंधक से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एचपी के सेल्स मैनेजर को प्रतिदिन न्यूनतम दो लोड एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एलपीजी सिलेंडरों के वितरण में एफआईएफओ प्रणाली का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए, जिससे पुराने स्टॉक का समय पर निष्पादन सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि में होम डिलीवरी उपलब्ध कराने एवं उपभोक्ताओं के साथ शिष्ट व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रफीगंज**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रफीगंज इकाई के नगर मंत्री राहुल गुप्ता के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को पूरे भारत ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर एक पर्व के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया, जिसका योगदान आज भी प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।


इस मौके पर राजू चौहान, वार्डन अनुराधा कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, खुशी कुमारी, राहुल कुमार, रोहित कुमार, प्रिंस कुमार, मोहित कुमार, रोहित कुमार सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सांसद ने परिजनों से मिलकर जताई संवेदना

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता**। प्रखंड के धमनी गांव टोला शम्भो निवासी वीर सपूत, सीआरपीएफ कोबरा कमांडो में तैनात राकेश चौधरी के शहीद होने की दुखद खबर से पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया। शहीद का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ संपन्न किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद काराकाट के सांसद राजाराम सिंह मंगलवार को शहीद के आवास पहुंचे। उन्होंने शहीद राकेश चौधरी के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और इस अपूरणीय क्षति पर ढांढस बंधाया। सांसद ने आश्वासन दिया कि शहीद के परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके बाद सांसद ग्राम अल्पा पहुंचे, जहां 22 वर्षीय अजय कुमार की विद्युत स्पर्शाघात से हुई मौत पर उन्होंने शोक व्यक्त किया। पीड़ित परिवार से मिलकर उन्होंने अपनी संवेदना प्रकट की और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

# पलामू में सूखे पत्तों से उग रही आजीविका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पलामू**। पतझड़ के मौसम में पेड़ों से गिरने वाले सूखे पत्ते, जिन्हें अब तक लोग बेकार समझकर फेंक देते थे या जला दिया करते थे, अब ग्रामीणों के लिए कमाई का मजबूत जरिया बनते जा रहे हैं। पलामू, गढ़वा और लातेहार के इलाकों में इन पत्तों से तैयार हो रही कंपोस्ट खाद की मांग झारखंड के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी तेजी से बढ़ रही है। दरअसल, वर्ष 2025 में पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) ने एक पायलट प्रोजेक्ट के तहत सूखे पत्तों से कंपोस्ट बनाने की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत ईको डेवलपमेंट समिति और वन समितियों से जुड़ी महिलाओं एवं ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद बड़ी संख्या में लोग इस कार्य से जुड़ गए हैं। कंपोस्ट तैयार करने वाली महिलाओं को 'कंपोस्ट दीदी' की उपाधि दी गई है। पीटीआर के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना के अनुसार, इस पहल का सबसे बड़ा लाभ यह है कि अब ग्रामीण जंगलों में आग लगाकर पत्तों को नष्ट नहीं करेंगे, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। शुरुआती दौर में झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी इस कंपोस्ट की खरीद करती थी, लेकिन अब इसकी गुणवत्ता को देखते हुए नोएडा और हरियाणा की फार्मिंग कंपनियों ने भी खरीद में रुचि दिखाई है। स्थानीय बाजार में यह कंपोस्ट 15 रुपये प्रति किलो बिक रही है, जबकि बाहरी कंपनियां इसे 25 रुपये प्रति किलो तक खरीदने को तैयार है। ग्रामीण अमोला देवी बताती हैं कि पहले लोग इन पत्तों को बेकार समझकर जला देते थे, लेकिन अब इन्हें इकट्ठा कर खाद तैयार की जा रही है और इससे आय भी हो रही है।

**ऐसे बनती है कंपोस्ट खाद**

सूखे पत्तों से कंपोस्ट बनाना एक सरल और पूरी तरह जैविक प्रक्रिया है। सबसे पहले पत्तों को इकट्ठा कर छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा जाता है। इसके बाद उन्हें गोबर और पानी के घोल में मिलाकर एक स्थान पर जमा कर दिया जाता है। करीब 55 से 60 दिनों में यह मिश्रण सड़कर उच्च गुणवत्ता वाली कंपोस्ट खाद में बदल जाता है, जो खेतों की उर्वरा क्षमता बढ़ाने में सहायक है। वर्ष 2025 में इस योजना के तहत 28 हजार किलो कंपोस्ट तैयार किया गया था, जबकि वर्ष 2026 में अब तक करीब 1.75 लाख किलो उत्पादन हो चुका है। वर्तमान में पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के लगभग 50 गांव इस उत्पादन से सीधे जुड़े हुए हैं।

**ग्रामीणों से खरीदे जा रहे पत्ते**

कंपोस्ट निर्माण के लिए ईको डेवलपमेंट और वन समितियां स्थानीय ग्रामीणों से किलो के हिसाब से सूखे पत्ते खरीद रही हैं। इससे ग्रामीणों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिल रहा है। पहले जहां ये पत्ते जंगलों में आग लगने का कारण बनते थे और वन्यजीवों व पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते थे, वहीं अब यही पत्ते हरियाली और रोजगार की नई कहानी लिख रहे हैं।

## एक नजर

### 32000 लीटर जावा महुआ का विनष्टीकरण

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। पुलिस द्वारा सोन तटीय इलाके में शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई एटीएफ प्रभारी सह एएसआई गोपाल प्रसाद सिंह के नेतृत्व में की गई। बताया गया कि अमृत बिगहा और भगवान बिगहा के पश्चिम सोन नदी के झाड़ी में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 13 शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया। शराब बनाने की सामग्री को नष्ट किया गया। लगभग 32000 लीटर जमा महुआ का विनष्टीकरण किया गया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### विधिज्ञ संघ परिसर में मनाई गई जयंती

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती विधिज्ञ संघ परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा मनाई गई। उपस्थित अधिवक्ताओं ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। संघ के पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह, अधिवक्ता बैजनाथ प्रसाद देवराज पासवान, महेंद्र पासवान,जयकेश पासवान, विजय पासवान आदि उपस्थित थे।

### सम्राट चौधरी के नेता चुने जाने पर हर्ष

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। अनुमंडल क्षेत्र के एनडीए नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पद के लिए एनडीए का नेता सम्राट चौधरी के चुने जाने पर हर्ष जताया है। इसके लिए नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया है। नेताओं ने कहा है आने वाले समय में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार का निरंतर विकास होगा तथा एनडीए और मजबूत बनकर उभरेगा। हर्ष जतानेवालों में जदयू नेता संजय पटेल, राष्ट्रीय लोक मोर्चा नेता अजय कुशवाहा, अशोक मेहता, अमन वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक, जदयू नगर अध्यक्ष प्रशांत कुमार तांती, पप्पू गुप्ता, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल, अरुण सिंह, विनोद सिंह, रंजीत कुशवाहा, राकेश कुशवाहा आदि शामिल हैं।

# समता दिवस के रुप में मनायी गई डा. अम्बेदकर की जयंती






**नबिटा टीम**

**औरंगाबाद/शिवाजीनगर।** मंगलवार को संविधान निर्माताओं में प्रमुख भारत रत्न से सम्मानित डा० भीम राव अम्बेदकर जी के 136वीं जयन्ति पर पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष कांग्रेस आनंद शंकर के नेतृत्व में समाहाराणालय औरंगाबाद में अम्बेदकर साहब के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया । माननीय जिलाअध्यक्ष कांग्रेस के साथ प्रमुख कांग्रेसी उपस्थित थे जिनमें प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मो० जुल्फिकार ' पूर्व उपाध्यक्ष उदय पासवान युवा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र पासवान नगर प्रमुख शकिल अहमद नगर युवा समाजसेवी मो० जिन्ना कुरैशी, सामजसेवी नागेन्द्र कुमार सिंह वरिय कांग्रेसी शैलेन्द्र मिश्र शैल, वरीय कांग्रेसी घिरेन्द्र सिंह, गौतम सिंह, यूवा नेता आशुतोष, नवीन कुमार शर्मा वैगरह ने भी माल्यार्पन किया।

इसी तरह जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में संत मरियम मिशन स्कूल जम्होर के प्रांगण में महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत माता के अमर सपूत डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह समानता दिवस के रूप में मनाई गई।


जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया।उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी के नेतृत्व में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम पंचायत जम्होर के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंबेडकर जी पहले ऐसे वैश्विक प्रणेता थे जिन्होंने वैश्विक मानवता का संदेश देकर पूरी दुनिया में शांति का मार्ग प्रशस्त करने का कार्य किया था। जम्होर विकास मंच के सचिव राणा सुनील सिंह डायरेक्टर सतीश कुमार सिंह, अमृता शर्मा,खुश्बू सिंह, शिवानी पाण्डेय ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अंबेडकर जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।आजादी के बाद प्रथम मंत्रिमंडल में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर पूरे भारत में कानून का शासन कायम करने में महत्वपूर्ण दिया था।संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष बनकर संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।वे अक्सर कहा करते थे जिंदगी लंबी नहीं,महान होनी चाहिए। शिक्षित करो,आंदोलन करो और संगठित करो यह उनका मूल मंत्र था।

**शिवाजीनगर से संवाददाता के अनुसार** प्रखंड के बंधार ग्राम पंचायत में समाजसेवी सह भावी मुखिया प्रत्याशी संध्या कुमारी के सौजन्य से डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सह सफलता समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के संविधान निर्माता के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना था। समारोह में बाबा साहब के संघर्षमय जीवन, उनके सामाजिक योगदान एवं शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें समानता, शिक्षा और आत्मसम्मान की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है इस अवसर पर बंधार पंचायत अंतर्गत मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को संध्या कुमारी द्वारा मेडल, डायरी, कलम एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं पूर्व शिक्षक विष्णु देव महतो, विपिन कुमार, अर्जुन कुमार,बिनोद भाई, जितेंद्र कुमार, डॉ. पप्पू एवं अजय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन चंदन सहनी द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया अंत में संध्या कुमारी ने सभी आगंतुकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बंधार पंचायत में शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं विकास कार्यों को निरंतर प्राथमिकता दी जाएगी।

# शराब तस्कर को पकड़ने गयी पुलिस टीम पर फायरिंग

## बाल-बाल बचे थानाध्यक्ष, जवान जख्मी

## बाइक, स्कूटी एवं शराब के साथ एक धराया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के करनामेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरना-दलन छपरा इलाके में संध्या समय अवैध शराब तस्करों को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। इस घटना में पीटीसी पुलिसकर्मी अंशु पटेल और थानाध्यक्ष बाल-बाल बच गए। मारपीट में पीटीसी को चोटें आई हैं।

घटना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर एक तस्कर को धर दबोचा, जबकि तीन अन्य आरोपित मौके से फरार हो गए। फरार आरोपितों की पहचान निलेश कुमार, शिवेंद्र कुमार और राजेश साह के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपित सोनू कुमार पांडेय शाहपुर थाना क्षेत्र के सहजौली गांव का निवासी है।

पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। इस मामले में थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार के बयान पर सरना निवासी शराब तस्कर मंगल समेत सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मौके से करीब 52 लीटर अंग्रेजी शराब भी बरामद की गई है, जबकि एक बाइक और एक स्कूटी जब्त की गई है।

बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि तस्कर महुआर पुल, सरना के रास्ते स्कूटी और बाइक से अंग्रेजी शराब की खेप लेकर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की, तो चारों तस्कर खेत के रास्ते भागने लगे। पीछा करने के दौरान पहले पीटीसी अंशु पटेल पर लोहे के फाइटर से हमला किया गया।

इसके बाद आरोपितों ने हत्या की नीयत से कमर से पिस्तौल निकालकर थानाध्यक्ष पर फायरिंग कर दी। हालांकि, थानाध्यक्ष बाल-बाल बच गए। पुलिस फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## सिरकटी लाश बरामद, सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जंक्शन के रेलवे यार्ड में सोमवार सुबह एक युवती की सिर कटी लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना समस्तीपुर-रोसड़ा रेलखंड पर प्लेटफॉर्म संख्या एक से कुछ दूरी पर ट्रैक किनारे की है, जहां शव मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग जुट गए।

शव के पास युवती का सिर नहीं मिलने से उसकी पहचान नहीं हो सकी है, जिससे मामला और भी रहस्यमय हो गया है। मौके पर पहुंचे लोगों ने तुरंत इसकी सूचना रेल पुलिस को दी, जिसके बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने जांच शुरू की।

पुलिस को शव के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज नहीं मिला है। युवती ने हल्के आसमानी रंग का सूट पहन रखा था, जो क्षतिग्रस्त अवस्था में पाया गया। पुलिस आसपास के इलाकों में सिर की तलाश कर रही है, ताकि पहचान की प्रक्रिया आगे बढ़ सके।

# प्रस्तावित बजट से नये सत्र में बदलेगी क्षेत्र की सूरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट से नगर क्षेत्र के सूरत बदलने, शहर के सुनियोजित और सर्वांगीण विकास के लिए नगर परिषद ने बड़ा कदम उठाया है। जिसमें कचरा सफाई, इंफ्रास्ट्रक्चर, नागरिक सुविधाएं के लिए इमारतें, संक्रमण रोकथाम के लिए फॉगिंग, दीपावली छठ को लेकर साफ सफाई, गर्मी के मौसम में प्याऊ, ठंडी मौसम के लिए अलाव, कबीर अंत्येष्ठि, पार्किंग, वेंडर जॉन बनाने, सड़क नाला निर्माण, लाइट, जल जीवन हरियाली को प्रस्तावित बजट में रखा गया है।

बजट में बुनियादी सुविधा के विस्तार के साथ साथ शहर को आधुनिक, सुरक्षित व सुविधाजनक बनाने की दिशा में ठोस प्रावधान किया गया है। अब शहर का विकास मास्टर प्लान के तहत किया जाएगा। वित्तीय बजट में सर्वाधिक राशि का खर्च कचरा साफ सफाई, बिजली और ईंधन, स्टोर की खपत, भाड़ा, मरमत एवं रख रखाव, इंफ्रास्ट्रक्चर एसेट्स नागरिक सुविधाएं इमारतें वाहन, अतिक्रमण व्यय आदि के लिए 14 करोड़ बीस लाख का परिवधान किया गया है।

छठ दीपावली में साफ सफाई मच्छर से राहत के लिए फॉगिंग प्याऊ, ठंड में जलावन के लिए 13 करोड़ 38 लाख का प्राविधान, नप में कर्मचारियों के लिए मजदूरी,पेंशन भत्ता, वेतन, पीएफ के लिए 5 करोड़ 19 लाख, कार्यालय रख रखाव का खर्च किताब, पत्रिका, लेखन सामग्री, यात्रा और बीमा, अंकेक्षण शुल्क, इंजीनियर परामर्श, विज्ञापन प्रकाशन, परिषदों का भत्ता, बैठक के लिए 4 करोड़ 38 लाख, मार्केट कम्प्लेक्स, सामुदायिक भवन, शवदाह गृह शीत मोक्ष धाम, गरीबों के लिए बहु मंजिला आवास, पुस्तकालय, रैन बसेरा, सामुदायिक शौचालय बजट बनाया गया है।

इसके अलावा, नप में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्रण मशीनरी, जल जीवन हरियाली के लिए 130 करोड़ दो लाख (जिसमें सामुदायिक भवन 2 करोड़, ओल्डेज होम 2 करोड़, गरीबों के लिए बहु मंजिल आवास 2 करोड़, वेंडर जॉन 50 लाख, पार्किंग 10 लाख, वाहन नप 8 करोड़, मार्केट कम्प्लेक्स 1 करोड़) रोड नाला 72 करोड़, पब्लिक लाइट 5 करोड़, जलापूर्ति जल जीवन हरियाली 7 करोड़ 50 लाख, स्वास्थ्य परामर्श केंद्र 50 लाख, शवदाह गृह 1 करोड़, डस्टबिन 2 करोड़, ओपन जिम पार्क विकास 1 करोड़, सार्वजनिक शौचालय, मूत्रालय एवं महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट 1 करोड़ 50 लाख आदि का प्राविधान किया गया है।

# आर्थिक तंगी में आकर महिला ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** बिहार के सासाराम में कर्ज और आर्थिक तंगी के कथित दबाव में आकर एक महिला द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। यह घटना रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार की है। मृत महिला की पहचान 30 वर्षीय रीमा देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला के एक छोटा बच्चा भी है और उसका पति मजदूरी का काम करता है। जानकारी के अनुसार, महिला ने स्थानीय बंधन समूह से कर्ज लिया था, जिसे लेकर वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थी। परिजनों का कहना है कि कर्ज की किश्तों के भुगतान को लेकर लगातार दबाव बढ़ रहा था। सोमवार शाम समूह से जुड़े कुछ लोग भी महिला से मिलने आए थे, जिसके बाद वह और अधिक तनाव में आ गई थी। बताया जाता है कि इसके बाद महिला ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। कुछ समय बाद बच्चे के रोने पर परिवार ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका के बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़ा, तो महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल है।

सूचना मिलने पर चेनारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट होंगे। चेनारी थाने के चौकीदार अलगू पासवान ने बताया कि शुरूआती जांच में किसी पारिवारिक विवाद की बात सामने नहीं आई है, लेकिन परिजनों ने कर्ज के दबाव का आरोप लगाया है।

## अनियंत्रित बस ने श्रद्धालुओं को मारी ठोकर, एक की मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के कुदरियां बांध-महुली घाट के समीप मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित बस ने तीन महिलाओं समेत चार लोगों को टक्कर मार दी।

इस हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृत महिला की पहचान खनेट गांव निवासी के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि सभी लोग सतुआनी मेला के अवसर पर गंगा स्नान करने महुली गंगा घाट गए थे। लौटने के दौरान यह हादसा हुआ।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, हादसे के पीछे बस चालक का संतुलन बिगड़ना बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बस को जब्त कर लिया। वहीं, मृत महिला के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

वहीं, दूसरी ओर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में सोमवार दोपहर थ्रेसर मशीन की चपेट में आने से एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई।

## दुष्कर्म के आरोपित गिरफ्तार

**गयाजी।** आमस थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की रात एक नाबालिग के साथ पांच लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपितों में पीड़ित बच्ची का चचेरा भाई भी शामिल है। सोमवार की सुबह जब यह मामला सामने आया, तो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म में शामिल चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों में से एक तीन बच्चों का पिता है।

मामले में पीड़िता के माता-पिता के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सब इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने बताया कि आरोपितों में सनोज, अनुज, शिशुपाल और साजन को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

घटनास्थल पर खून के धब्बे पाए गए हैं। पीड़िता के अनुसार, जब वह घर से शौच के लिए खेत में गई, तो पांच लोग, जिनमें चार गांव के निवासी और एक डेकोरेशन संचालक शामिल थे, उसके पास पहुंचे। उन्होंने मुंह बंदकर सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया।

# तारापुर में कार्यकर्ताओं ने मनायी होली-दीपावली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** जैसे ही उपमुख्यमंत्री सह तारापुर विधायक सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनाए जाने की घोषणा हुई, मुंगेर से लेकर तारापुर तक जश्न का माहौल छा गया। सड़कों पर उतरे कार्यकर्ताओं ने रंग-गुलाल उड़ाकर खुशी का इजहार किया। कहीं पटाखे फूटे, तो कहीं मिठाइयों की मिठास ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया।

पूरा इलाका मानो एक साथ दीवाली और होली मना रहा हो। मुंगेर शहर में भाजपा और एनडीए कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जिला अध्यक्ष अरुण कुमार पोद्दार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए। हर चेहरे पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। सम्राट चौधरी जिंदाबाद और मुंगेर का बेटा बना सीएम जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। कई जगहों पर स्वतःस्फूर्त जुलूस निकाले गए, जिसमें युवाओं की भागीदारी खास रही। तारापुर में तो जश्न का रंग और भी गाढ़ा दिखा। युवा जिलाध्यक्ष भाजपा गौतम राज के नेतृत्व में मिनी विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल कार्यकताओं ने हाथों में पार्टी का झंडा लेकर पूरे बाजार का भ्रमण किया।

## 65 वर्षों बाद इतिहास ने ली करवट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मुंगेर। साढ़े छह दशक का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ। इतिहास ने एक बार फिर करवट ली और मुंगेर की धरती ने बिहार को अपना मुख्यमंत्री दिया। इस बार यह गौरव तारापुर के लखनपुर गांव निवासी सम्राट चौधरी के रूप में सामने आया है। 65 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मुंगेर से कोई नेता प्रदेश के सर्वोच्च पद तक पहुंचा है, जिससे पूरे जिले में उत्साह और गर्व का माहौल है। इससे पहले मुंगेर ने बिहार को पहला मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के रूप में दिया था, जिन्हें बिहार केसरी के नाम से जाना जाता है। वर्ष 1961 में उनके निधन के बाद से यह गौरव फिर मुंगेर को नहीं मिला था। अब सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही यह ऐतिहासिक सिलसिला एक बार फिर जीवंत हो उठा है।

# साइबर ठगी के घालमेल में बैंक मैनेजर गिरफ्तार

## हैदराबाद साइबर थाने की टीम ने मैनेजर को उठाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में साइबर अपराध से जुड़े एक बड़े मामले में बैंकिंग सेक्टर की गंभीर लापरवाही सामने आई है। साइबर जालसाजों का खाता खोलने में कथित भूमिका निभाने के आरोप में जवाहरलाल रोड स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बैंक मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई को हैदराबाद साइबर थाने की पुलिस ने अंजाम दिया, जिसमें मुजफ्फरपुर नगर थाने की पुलिस ने सहयोग किया। जानकारी के अनुसार, आरोप है कि गिरफ्तार बैंक मैनेजर ने साइबर ठगों के लिए फर्जी या संदिग्ध खातों को खोलने में मदद की थी, जिनका उपयोग ऑनलाइन ठगी और धोखाधड़ी की रकम को ट्रांसफर करने में किया जा रहा था। साइबर अपराधियों के नेटवर्क की जांच के दौरान बैंकिंग चैनल की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

हैदराबाद साइबर थाने की टीम ने तकनीकी जांच और बैंक रिकॉर्ड्स के आधार पर मामले की पुष्टि की और फिर मुजफ्फरपुर में छापेमारी कर आरोपी बैंक मैनेजर को हिरासत में लिया। छापेमारी के दौरान नगर थाने की पुलिस ने सुरक्षा और आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी मैनेजर को नगर थाने लाया गया, जहां उससे प्रारंभिक पूछताछ की गई। इसके बाद उसे सीजेएम कोर्ट में पेश किया जाएगा और पुलिस ट्रांजिट रिमांड लेकर उसे आगे की पूछताछ के लिए हैदराबाद ले जाएगी। पुलिस का मानना है कि इस गिरफ्तारी से साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है, जिसमें बैंकिंग सिस्टम के कुछ अंदरूनी लोग भी शामिल हो सकते हैं। मामले की जांच अभी जारी है और कई अहम खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

# जनगणना प्रशिक्षण के दूसरे दिन 33 प्रश्नों पर हुई चर्चा




**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड के केशव सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में भारत की जनगणना 2027 कार्यक्रम के निमित्त मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना के प्रथम चरण के प्रशिक्षण के द्वितीय दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम बारुण प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार के निर्देश पर प्रशिक्षण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया।

प्रशिक्षक के रूप में ज्योति शंकर,योगेंद्र दुबे,हेमंत कुमार निराला,शशि भूषण लाल,अमित कुमार सिंहा , गुड्डू कुमार ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के क्रम में बताया कि एच एल ओ ट्रेनिंग ऐप को किस प्रकार से डाउनलोड करना है और डाउनलोड के पश्चात उससे 33 प्रकार के जो प्रश्न पूछे जाएंगे उन्हें किस प्रकार से मकान के मुखिया से पूछताछ करना है।साथ ही साथ मकान का सूचीकरण, नजरी नक्शा बनाना आदि बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

यह प्रशिक्षण चार चरणों में चलेगा जो 24 अप्रैल को समाप्त होगी। आज के प्रशिक्षण में विजेंद्र कुमार,शुभम कुमार, अक्षयलाल गुप्ता, अख्तर खान, तकीउद्दीन अहमद, राजा दिलीप,प्रशांत प्रियदर्शी, प्रमोद कुमार, योगेंद्र पुष्पम, भृगुनाथ प्रसाद, संजय कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## मंदिर में जुटी भीड़

**जमुई।** जमुई के पत्नेश्वर धाम मंदिर में मंगलवार को एक प्रेमी जोड़ा शादी करने पहुंचा था। मंदिर परिसर में दोनों ने जल्द से जल्द विवाह संपन्न कराने के लिए पुजारी से आग्रह भी किया। प्रेमिका सूट और चुनरी में सजी थी, जबकि प्रेमी गमछा लेकर मंडप पर बैठा था। दोनों के चेहरे पर शादी की खुशी साफ झलक रही थी। प्रेमी युगल के मंदिर पहुंचने की खबर धीरे-धीरे आसपास फैल गई। देखते ही देखते मंदिर परिसर में लोगों की भीड़ जुटने लगी। स्थानीय लोग इस अनोखे दृश्य को देखने के लिए उत्सुक नजर आए। माहौल कुछ समय के लिए मेले जैसा हो गया। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक-युवती पटना के एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाई के दौरान करीब आए थे। करीब तीन वर्षों से दोनों के बीच प्रेम संबंध चल रहा था। मोबाइल पर बातचीत के दौरान दोनों ने शादी करने का फैसला लिया। बताया जा रहा है कि दोनों अलग-अलग जाति से संबंध रखते हैं, जिसके कारण लड़की के परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफ थे। परिवार ने प्रेमिका की शादी कहीं और तय करने की तैयारी भी शुरू कर दी थी, जिससे दोनों ने घर से भागने का फैसला लिया।

# चेक वापसी की मांग से सेविकाओं में भ्रम, रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आरओ और एलईडी खरीद को लेकर अनियमितता का मामला सामने आया है। सरकार द्वारा प्रत्येक सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के लिए 35 हजार रुपये सीधे सेविकाओं के खाते में भेजे गए हैं, लेकिन अब सीडीपीओ कार्यालय द्वारा उसी राशि का चेक मांगा जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में करीब 250 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जहां शुद्ध पेयजल के लिए आरओ और एलईडी लगाने की योजना है।

राशि मिलने के बाद सेविकाएं खरीदारी की तैयारी में जुटी थीं। तभी सीडीपीओ कार्यालय से संबंधित वॉट्सऐप ग्रुप में संदेश प्रसारित कर उन्हें चेक लेकर आने को कहा गया। इस प्रक्रिया की शुरूआत रतनी फरीदपुर प्रखंड से हुई, जहां 55 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इसके बाद सेविकाओं में भ्रम की स्थिति बन गई है कि वे सरकार के निदेर्शानुसार स्वयं खरीदारी करें या राशि सीडीपीओ को सौंप दें। कुछ सेविकाएं आदेश के दबाव में चेक जमा भी कर चुकी हैं। सेविकाओं का कहना है कि यदि वे खुद खरीदारी नहीं करती हैं और बाद में सामान की गुणवत्ता में गड़बड़ी होती है,तो जिम्मेदारी उन्हीं पर आएगी। ऐसे में सीडीपीओ के स्तर पर जवाबदेही से बचने की आशंका भी जताई जा रही है, जिसके कारण विरोध शुरू हो गया है। मामला जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रचना के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने रतनी फरीदपुर के सीडीपीओ से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने बताया कि सदर प्रखंड से भी इसी तरह की शिकायतें मिल रही हैं और पूरे जिले में इसकी जांच कराई जा रही है। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह गलत है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधित सीडीपीओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हवाई अड्डे पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगमन पर भव्य स्वागत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत और अभिनंदन किया। हवाई अड्डे परिसर में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे जिन्होंने उत्साह के साथ नारे लगाकर अपने नेता का स्वागत किया। स्वागत के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने नितिन नवीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन का मार्गदर्शन और नेतृत्व सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचार, संगठन को मजबूत करने की उनकी कार्यशैली और दूरदृष्टि पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने आगे कहा कि संगठन को सशक्त बनाने के लिए नितिन नवीन का संकल्प स्पष्ट और मजबूत है और इसी संकल्प के साथ सभी कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता और नेतृत्व का मार्गदर्शन मिलकर पार्टी को और अधिक प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा जनसेवा के कार्यों को नई गति मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास और सेवा के अपने लक्ष्य को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाएगी।



## डॉ. प्रेम कुमार ने सम्राट चौधरी को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ0 प्रेम कुमार ने सम्राट चौधरी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के विधान मंडल दल का नेता सर्वसम्मति से चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सम्राट चौधरी के दीर्घ राजनीतिक अनुभव, मजबूत संगठनात्मक क्षमता और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण का स्पष्ट प्रमाण है। डॉ0 प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि सम्राट चौधरी को यह नई जिम्मेदारी मिलना बिहार की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत का संकेत है। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उनके नेतृत्व में राज्य प्रगति, समृद्धि और सामाजिक न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि सम्राट चौधरी की कर्मठता, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक समझ बिहार के विकास को नई दिशा देगी और राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# सम्राट चौधरी देंगे बिहार की राजनीति को नई दिशा : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार प्रदेश के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने सम्राट चौधरी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के विधानमंडल दल का नेता सर्वसम्मति से चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस निर्णय को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे बिहार की राजनीति को नई दिशा मिलेगी। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए के सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व, दीर्घ राजनीतिक अनुभव और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी अपने नेतृत्व में बिहार को विकास के नए आयामों तक ले जाएंगे और नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए राज्य के चौमुखी विकास को और गति प्रदान करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सम्राट चौधरी ने कम उम्र से ही समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाई है और विपरीत परिस्थितियों में भी जनहित के लिए लगातार संघर्ष किया है जो उनके समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि सम्राट चौधरी का अनुभव और कार्यशैली राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उनके नेतृत्व में बिहार 'विकसित बिहार' की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने अंत में अति पिछड़ा समाज की ओर से सम्राट चौधरी को पुनः बधाई और अभिनंदन दिया।



# राज्यपाल से मिली मां वैष्णव देवी सेवा समिति

## थैलेसीमिया बच्चों के इलाज व सामूहिक विवाह का दिया निमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मां वैष्णव देवी सेवा समिति एवं मां ब्लड सेंटर के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन से लोक भवन में शिष्टाचार भेंट कर संस्था द्वारा किए जा रहे निःस्वार्थ सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। राज्यपाल ने विशेष रूप से मां ब्लड सेंटर द्वारा थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों में गहरी रुचि दिखाई। उन्हें बताया गया कि बिहार के 45 ऐसे बच्चे जिन्हें हर 15 दिनों में जीवन के लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर निर्भर रहना पड़ता है, उनके लिए देश के प्रतिष्ठित अस्पताल नारायणा हेल्थ, बैंगलोर के सहयोग से बोन मैरो ट्रांसप्लांट के माध्यम से स्थायी उपचार की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी रविवार, 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले फाइनल स्क्रीनिंग कैंप के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया गया। साथ ही 21 जून को आयोजित होने वाले 51 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह का औपचारिक निमंत्रण भी उन्हें प्रदान किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल एवं संस्थापक सदस्य मुकेश हिसारिया उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने संस्था द्वारा संचालित विभिन्न सेवा एवं सामाजिक पहलों की जानकारी भी राज्यपाल को दी। राज्यपाल ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वे मां वैष्णव देवी सेवा समिति एवं मां ब्लड सेंटर के कार्यों को नजदीक से देखें। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी भी कार्य की पूर्ण जानकारी प्राप्त करना पसंद करते हैं। ताकि पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके।



# गहरी दृष्टि वाले अर्थशास्त्री थे बाबा साहब अम्बेडकर : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 'प्राचीन भारतीय वाणिज्य' विषय पर एक सारगर्भित परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत सहायक प्रोफेसर चन्द्रकांत आर्य ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष और भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी विजय प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि यदि भारत पुनः उत्पादक राष्ट्र बने तो आर्थिक समृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर केवल एक प्रखर विधिवेत्ता ही नहीं, बल्कि गहरी दृष्टि वाले अर्थशास्त्री भी थे। अपने शोध 'प्राचीन भारतीय वाणिज्य' के माध्यम से उन्होंने यह स्पष्ट किया कि प्राचीन भारत की आर्थिक संरचना अत्यंत सुदृढ़, समृद्ध और संतुलित थी। विजय प्रकाश ने आगे कहा कि उस समय व्यापारिक नैतिकता, गुणवत्ता, आत्मनिर्भरता और संगठित वाणिज्य व्यवस्था भारत की उन्नति के प्रमुख आधार थे। यदि वर्तमान भारत इन मूल्यों को अपनाकर पुनः उत्पादन आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़े तो देश फिर से आर्थिक समृद्धि प्राप्त कर सकता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्राचीन व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अध्ययन कर उनके श्रेष्ठ तत्वों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लागू करना समय की आवश्यकता है। परिचर्चा का मुख्य केंद्र डॉ. अम्बेडकर का शोध प्रबंध 'प्राचीन भारतीय वाणिज्य' रहा जिसमें महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। चर्चा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि प्राचीन भारत का व्यापार वैश्विक स्तर तक विस्तृत था और समुद्री तथा स्थलीय मार्गों के माध्यम से रोम, मिस्र और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ सुदृढ़ व्यापारिक संबंध स्थापित थे। उस काल में प्रचलित मुद्रा व्यवस्था, व्यापारिक संघ और परिवहन प्रणाली अत्यंत विकसित थीं जबकि भारतीय वस्त्र, मसाले, धातु और हस्तशिल्प की अंतरराष्ट्रीय बाजार में विशेष मांग थी। परिचर्चा के निष्कर्ष के रूप में यह स्थापित किया गया कि भारत की प्राचीन आर्थिक समृद्धि का आधार उसकी मजबूत वाणिज्यिक संरचना, नैतिक व्यापार प्रणाली और सुव्यवस्थित प्रशासन था। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक प्रोफेसर चन्द्रकांत आर्य ने प्रतिभागियों के विचारों का विश्लेषण प्रस्तुत किया और डॉ. अम्बेडकर के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों को साझा किया। उन्होंने क्रिस्टोफ जाफ्रलो द्वारा लिखित कृतियों का भी संदर्भ दिया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव अवधेश कुमार नारायण ने परिचर्चा की सराहना करते हुए विषय के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला और डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रोफेसर कुमारी प्रेरणा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ. मृदुला प्रकाश (निदेशक, शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय), डॉ. प्रतिमा कुमारी (प्रभारी प्राचार्या), महाविद्यालय के शिक्षकगण, प्रशिक्षुगण और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमामय समापन हुआ।



# धार्मिक न्यास पर्षद ने बिहार में बड़े पैमाने पर मनाया सनातनी सतुआनी पर्व

## धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने बांटे सत्तू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में इस बार सतुआनी पर्व को बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी की गई थी। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के निर्णय के अनुसार राज्य के सभी प्रमुख मठों और मंदिरों में सतुआनी पर्व का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रोफेसर रणबीर नंदन ने न्यास पर्षद के चीना कोठी स्थित कार्यालय के साथ राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में आमलोगों के बीच सत्तू का शरबत और सत्तू और गुड़ युक्त लड्डू का वितरण किया। इसके साथ ही यह पर्व केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं रह गया बल्कि दलित बस्तियों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस मौके पर पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने बताया कि इस बार सतुआनी को सामाजिक भागीदारी के साथ मनाने की योजना बनी। राज्य के अलग-अलग जिलों में मंदिरों के साथ बस्तियों में भी लोगों के बीच सत्तू और शर्बत का वितरण किया गया। इसका उद्देश्य पर्व को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना रहा। पटना में इस अवसर पर करीब 50 स्थानों पर विशेष काउंटर लगाए गए। इन केंद्रों पर लोगों के बीच सत्तू का शर्बत और सत्तू-गुड़ की गोली वितरित की गई। राजधानी के कई प्रमुख मंदिरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों जैसे पटना जंक्शन हनुमान मंदिर, राजवंशी नगर पंचरुपी हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर गौरैयामठ के निकट, बांसघाट के काली मंदिर, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, चांदपुर बेला शिवमंदिर, पूर्वी लोहानीपुर शिवमंदिर, निशा देवी मंदिर, दलदली सालिमपुर अहरा शिव मंदिर, बाकरगंज कला मंच, दरियापुर खेतान मार्केट, सब्जीबाग, मछुआ टोली अमरुदी गली के सामने मंदिर, गौरैयामठ मंदिर मीठापुर, कालीबाड़ी मंदिर दो पुलवा, शिव मंदिर रोड नंबर 1 सिपारा, चांदपुर बेला बजरंगबली मंदिर, दुर्गा मंदिर, पृथ्वीपुर चिरैयाटांड मारुति नगर मोड़, महावीर स्थान लोधीपुर, पटना हवेली राजा बाजार, दुर्गा मंदिर मंदिरी, दुजरा देवी स्थान, अनिसाबाद गोलम्बर, कौशल नगर हनुमान मंदिर, लाल मंदिर पटेल चौक, राजभवन एसबीआई के पास, सचिवालय मंदिर, शिवपुरी उड़ान टोला शिवमंदिर, श्रीश्री देवी मंदिर शिवपुरी चौक, शिव रामेश्वर मंदिर काली स्थान दादरमंदी, बेउर मोड़ काली मंदिर, जय प्रकाश नगर भोलेनाथ मंदिर, नाला रोड दरियापुर, कदमकुआं हिंदी साहित्य सम्मेलन, काली मंदिर बांसघाट, धनकी मोड़ शिव मंदिर के साथ दलदली, बाकरगंज, सब्जीबाग, मीठापुर, सिपारा, अनिसाबाद, पटेल चौक, सचिवालय, बांसघाट और कदमकुआं समेत कई इलाके में सत्तू का शरबत और सत्तू की गोलियां बांटा गया।



## राजद कार्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेदकर की जयंती मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कर्पूरी सभागार में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेदकर का 135वां जयंती समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पार्टी के सभी नेताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेदकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने की जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह स्वागताध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने संचालन किया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा (वैशाली)।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेदकर की जयंती के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के माध्यम से देश को नई दिशा दी। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि हमें बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और समाज में समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हुआ।




# बाबा साहब का संविधान ही देश की असली ताकत : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में भीम संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शॉल देकर सम्मानित किया गया। सदाकत आश्रम में आयोजित भीम संवाद की अध्यक्षता करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संविधान ने सबको बराबर का अधिकार दिया है। बाबा साहेब सबके हैं। उन्होंने आगे कहा कि संविधान में आरक्षण सभी वर्गों को दिया गया है उनकी ही परिकल्पना पर आधारित ओबीसी आरक्षण हो या ईडब्ल्यूएस आरक्षण हो या एसटी एससी का आरक्षण हो, यह सभी आरक्षण संविधान के अनुरूप ही दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा बाबा साहेब के संविधान और सामाजिक न्याय की भावना की रक्षा के लिए लड़ती रही है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ लड़ाई लड़ती रहेगी।



# आरटीइ के तहत 57 हजार से अधिक बच्चों का निजी स्कूलों में नामांकन


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीइ) के तहत राज्य के निजी विद्यालयों में करीब 57 हजार से अधिक बच्चों का नामांकन कराया जा चुका है। विभाग ने नामांकन करने में उदासीनता बरतने वाले निजी विद्यालय संचालकों को शीघ्र नामांकन करने का आदेश दिया है। विदित हो कि राज्य सरकार ने आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के बच्चों का नामांकन करने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा गया था। इसके बाद शिक्षा विभाग ने रैंडमाइजेशन के माध्यम से 64759 बच्चों का नामांकन कराने के लिए निजी विद्यालय आवंटित किये गए थे। विभाग के आंकड़ों की माने तो अबतक राज्य में 57 हजार से अधिक बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन कराया जा चुका है। वहीं निजी विद्यालयों में शेष बच्चों का नामांकन लंबित रखने को विभाग ने गंभीरता से लिया है। बताया जाता है कि पिछले सप्ताह हुई समीक्षा बैठक में निदेशक प्राथमिक शिक्षा ने संबंधित स्कूल संचालकों को शीघ्र नामांकन दाखिल करने का निर्देश दिया है। ताकि बच्चों की पढ़ाई ससमय प्रारंभ हो सके।

# सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल के नेता बनाये जाने पर बिहार अग्रवाल सम्मेलन ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल के नेता बनाये जाने पर बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन अध्यक्ष अमर अग्रवाल, महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन, सचिव अक्षय अग्रवाल सहित संजय भलोटिया, निर्मल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, पवन भगत एवं अन्य सदस्यों द्वारा उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। सम्मेलन ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह आपके नेतृत्व, अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है कि आपको यह महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रदेश के हर वर्ग गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के उत्थान के लिए आपकी प्रतिबद्धता राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। आपके मार्गदर्शन में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे और बिहार एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राज्य के रूप में आगे बढ़ेगा।


अमर अग्रवाल, अध्यक्ष, बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन


डॉ गीता जैन, बिहार अग्रवाल महिला अध्यक्ष

# सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुना जाना स्वागतयोग्य : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पाण्डेय ने सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बिहार के विकास का नया आयाम स्थापित किया है। बिहार के भावी मुख्यमंत्री के तौर पर सम्राट चौधरी के चयन के लिए श्री पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जदयू अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत एनडीए के अन्य वरीय नेतृत्वकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार के विकास के लिए नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल में कई स्वर्णिम अध्याय जोड़े हैं। वो हम सभी के लिए सदैव प्रेरणाश्रोत रहेंगे। अब सम्राट चौधरी बिहार के नए सीएम होंगे। सम्राट चौधरी विकास पुरुष नीतीश कुमार का उत्तराधिकारी चुन लिए गए हैं। बिहार का सर्वांगीण विकास सदैव भाजपा की प्राथमिकता रही है।

# बाबा साहब की जयंती पर जन सुराज कार्यालय में विशेष कार्यक्रम

## शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जिसे जो पिएगा, वह दहाड़ेगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर जन सुराज पार्टी द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक न्याय, समानता एवं संविधान के मूल्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि आज हम सभी लोग पार्टी कार्यालय में बाबा साहेब की 135वीं जयंती मना रहे हैं। यह ऐसा अवसर है जब हमें हर वर्ष यह स्मरण करने की आवश्यकता होती है कि हम जन सुराज पार्टी को किस उद्देश्य से लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि जन सुराज में दो महान विभूतियों महात्मा गांधी और डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को विशेष स्थान दिया गया है। गांधी जी से हमें विचारों की शुद्धता और कर्मठता की प्रेरणा मिलती है जबकि डॉ. अम्बेडकर हमें शिक्षा और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाते हैं। मनोज भारती ने कहा कि अगर बिहार में वास्तविक बदलाव लाना है तो उसका एकमात्र रास्ता शिक्षा है। बाबा साहब ने भी कहा था कि 'शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जिसे जो पिएगा, वह दहाड़ेगा।' आज शिक्षा हमारे समाज की सबसे पहली जरूरत है और जहां शिक्षा की बात होती है, वहां डॉ. अम्बेडकर की प्रासंगिकता स्वतः सामने आ जाती है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब ने दलितों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, आज उसी प्रकार के प्रयास बिहार के लोगों को अपने समाज के उत्थान के लिए करने होंगे। देश के विभिन्न हिस्सों में बिहारी समाज जिस प्रकार के भेदभाव और अपमान का सामना करता है उसे समाप्त करने के लिए ठोस प्रयास जरूरी है और यह कार्य जन सुराज ही प्रभावी रूप से कर सकता है।



# हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से. पार्टी ने अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से. पार्टी के द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी के संरक्षक भारत सरकार के मंत्री जीतनराम मांझी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ अनिल कुमार सहित पार्टी के बहुत सारे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए। इस अवसर पर पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी ने कहा कि बाबा साहब ने भारत को एक ऐसा संविधान दिए जिससे सभी लोगों को एक समान अधिकार मिला चाहे वे किसी धनवान के पुत्र हो या फिर किसी गरीब का संतान सबको एक समान का अधिकार दिया गया यानी सबके लिए समानता का अधिकार है।

## संपादकीय

# बाल तस्करी -जो बच्चे भविष्य थे, वही खतरे में

हैरानी की बात यह है कि बाल तस्करी के फैलते जाल पर शीर्ष अदालत के सख्त रुख के बावजूद कई राज्यों ने अब तक न जरूरी रपट तैयार की है और न ही समितियां बनाई हैं।इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन नौनिहालों को हम देश का भविष्य मानते हैं, उनमें से बहुत सारे बच्चे आज बहुस्तरीय जोखिम के बीच से गुजर रहे हैं। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के अनेक रूप के अलावा बाल तस्करी का संजाल आज इस कदर जटिल होता जा रहा है कि इससे निपटना सरकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि इस अपराध को काबू में करना और बच्चों को इस खतरे से बचाना सरकार की अनिवार्य जिम्मेदारी और सबसे ऊपर की प्राथमिकता में दर्ज होना चाहिए। मगर हालत यह है कि देश के सुप्रीम कोर्ट को इस बारे में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देना पड़ रहा है कि वे बच्चों के खिलाफ इस अपराध को गंभीरता से लें।गौरतलब है कि बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देश में बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जताई और कहा कि संगठित गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और अगर राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों ने तुरंत प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो स्थिति बेकाबू हो सकती है।हैरानी की बात यह है कि बाल तस्करी के फैलते जाल पर शीर्ष अदालत के सख्त रुख के बावजूद कई राज्यों ने अब तक न जरूरी रपट तैयार की है और न ही समितियां बनाई हैं। समस्या की गंभीरता को देखते हुए स्वाभाविक ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के लापरवाह रवैये पर नाराजगी जताई। दरअसल, करीब एक वर्ष पहले अदालत ने अपने एक फैसले में संगठित तस्करी के जाल को तोड़ने के लिए कई संस्थागत सुधारों के निर्देश दिए थे। इनमें तस्करी के मामलों में छह महीने के भीतर हर रोज सुनवाई करना, मानव तस्करी रोधी इकाइयों को मजबूत करना और जांच प्रक्रिया में सुधार करना शामिल था।अदालत ने राज्यों को यह निर्देश दिया था कि वे तस्करी के संभावित संवेदनशील स्थानों की पहचान और निगरानी के लिए राज्यस्तरीय समितियां बनाएं और लापता बच्चों के मामलों को तस्करी मान कर जांच शुरू करें। मगर इस मुद्दे पर राज्य सरकारों के रुख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कई राज्यों ने अभी तक तय प्रारूप में रपट तक दाखिल नहीं की है। सरकारी तंत्र में इस इच्छाशक्ति के अभाव और उदासीनता की वजह क्या यह है कि जो बच्चे तस्करी का शिकार हो जाते हैं, उनमें ज्यादातर समाज के गरीब और कमजोर तबके से आते हैं?यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि देश में बाल तस्करी का संकट पिछले कुछ वर्षों के दौरान कितना गहरा गया है। खासतौर पर कोविड महामारी के बाद बच्चों के लापता होने के मामलों में काफी तेजी दर्ज की गई। बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश की स्थिति ज्यादा गंभीर है। सही है कि लापता होने वाले तमाम बच्चों में से कइयों को पुलिस खोज लेती है, लेकिन उनमें से बहुतों की कोई खबर नहीं मिलती। सवाल है कि जिन बच्चों को नहीं खोजा जा पाता, वे कहां जाते हैं और उनके साथ क्या होता है।यह समझना मुश्किल नहीं है कि देश भर में जो बच्चे गायब हो जाते हैं, उन्हें बाल मजदूरी से लेकर यौन शोषण और अपराध की दुनिया के अंतहीन दलदल में झोंक दिया जाता है। एक परिवार अपने बच्चे के लापता होने के बाद किस दंश और दुख से गुजरता है, यह शायद बताने की जरूरत नहीं है। मगर कोई भी समाज और सत्ता बच्चों की तस्करी के मुद्दे को लेकर अगर गंभीर नहीं है, तो यह एक तरह से अपने ही भविष्य की त्रासदी को नजरअंदाज करना है।

# सुरों की आशा बनकर गूंजती रहेंगी आशा भोसले

**भारतीय संगीत का आकाश आज कुछ अधिक मौन, कुछ अधिक रिक्त प्रतीत होता है। स्वर की वह चंचल चिड़िया, जन-जन को चमत्कृत करने वाली आवाज जिसने दशकों तक हर हृदय में मधुरता के बीज बोए, आज भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच न हो, पर उसकी गूंज अनंत में विलीन होकर भी अमर बनी हुई है। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, वे भारतीय आत्मा की वह स्वर-लहरी थीं, जो हर संस्कृति, हर भावना और हर युग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही। वे एक बेमिसाल गायिका, अनगिनत लोगों की आशा एवं अभिलाषा की करिश्माई आवाज बनकर करीब 12000 गीतों का सृजन कर विश्व रिकार्ड बनाया।**

**(ललित गर्ग )**



आशा भोसले का व्यक्तिगत जीवन जितना संघर्षमय रहा, उतना ही अदम्य साहस, जीवटता और आत्मविश्वास से भरा हुआ भी था। एक संगीत-साधक परिवार में जन्म लेकर उन्होंने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया, परंतु हर चुनौती को उन्होंने अपनी शक्ति में रूपांतरित किया।

भारतीय संगीत का आकाश आज कुछ अधिक मौन, कुछ अधिक रिक्त प्रतीत होता है। स्वर की वह चंचल चिड़िया, जन-जन को चमत्कृत करने वाली आवाज जिसने दशकों तक हर हृदय में मधुरता के बीज बोए, आज भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच न हो, पर उसकी गूंज अनंत में विलीन होकर भी अमर बनी हुई है। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, वे भारतीय आत्मा की वह स्वर-लहरी थीं, जो हर संस्कृति, हर भावना और हर युग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही। वे एक बेमिसाल गायिका, अनगिनत लोगों की आशा एवं अभिलाषा की करिश्माई आवाज बनकर करीब 12000 गीतों का सृजन कर विश्व रिकार्ड बनाया। हृदयाघात के कारण उनका जाना केवल एक कलाकार का जाना नहीं, बल्कि भारतीय संवेदना के एक पूरे युग का अवसान है, परंतु यह अवसान भी किसी अंत का नहीं, बल्कि उस अमरत्व का संकेत है जहाँ कलाकार अपने शरीर से परे होकर अपनी कृति में जीवित रहता है। 'अभी न जाओ छोड़ कर' जैसे गीत आज करोड़ों हृदयों की सच्ची पुकार बन गए हैं। जिनकी आवाज ने विरह को भी मधुर बना दिया, आज उन्हीं के बिछोह में संसार भाव-विह्वल है। आशा जी की आवाज में एक अद्भुत जीवंतता थी, वह कभी किशोरी की चंचलता बन जाती तो कभी विरहिणी की करुण पुकार। उनके गीतों में जीवन की सम्पूर्णता समाहित थी-हंसी, आंसू, प्रेम, पीड़ा, श्रृंगार और भक्ति का ऐसा समन्वय जो दुर्लभ है। यही कारण है कि उनकी गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि विश्व के अनेक देशों में लोग उनके गीतों को गुनगुनाते रहे। यदि भारतीय संगीत को एक महासागर माना जाए तो आशा भोसले उसमें बहती वह नदी थीं, जिसने हर शैली को अपने भीतर समेट लिया। क्लासिकल से लेकर पॉप, जैज से लेकर गजल और कव्वाली तक, उन्होंने हर विधा में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। यह मानना कठिन है कि एक ही स्वर इतनी विविधताओं को इतनी सहजता से व्यक्त कर सकता है, पर आशाजी ने इसे संभव कर दिखाया। वे केवल गाती नहीं थीं, वे हर गीत को जीती थीं और यही कारण है कि उनके गीत केवल ध्वनि नहीं बल्कि अनुभूति बन जाते थे।

8 सितंबर 1933 को जन्मी आशाजी ने संगीत को साधना के रूप में जिया। लता मंगेशकर जैसी विराट प्रतिभा की छाया में अपनी अलग पहचान बनाना सरल नहीं था। अनेक प्रतिभाएँ उस छाया में दबकर गुमनामी में खो गईं, पर आशाजी ने संघर्ष को अपनी शक्ति बनाया। पिता दीनानाथ मंगेशकर से मिली संगीत की विरासत को उन्होंने अपने परिश्रम और साहस से विस्तार दिया। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक दबाव और प्रतिस्पर्धा के बीच भी उन्होंने अपने स्वर की लौ को कभी मंद नहीं होने दिया। ओ.पी. नैयर जैसे संगीतकारों के साथ उनका जुड़ाव उनके करियर का निर्णायक मोड़ बना और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी उपलब्धियाँ केवल लोकप्रियता तक सीमित नहीं रहीं। ग्रेमी अवार्ड से सम्मानित होना, पद्म विभूषण प्राप्त करना और गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में सर्वाधिक गीत गाने का रिकॉर्ड दर्ज कराना, यह सब उनकी दीर्घ साधना और असाधारण प्रतिभा के प्रमाण हैं। परंतु इन सबसे बढ़कर उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है, जो उन्हें श्रोताओं से मिला और जो आज भी उनके गीतों के माध्यम से जीवित है।

आशा जी के गीतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समय की सीमाओं को लांघ जाते हैं। पिया तू अब तो आजा, दम मारो दम, चुरा लिया है तुमने, दिल चीज क्या है जैसे अनगिनत गीत आज भी उतने ही ताजगी भरे लगते हैं जितने अपने समय में थे। उनके गीतों में केवल संगीत नहीं, बल्कि एक जीवंत आत्मा थी, जो हर शब्द को अर्थपूर्ण बना देती थी और उसे कालजयी बना देती थी। संगीत उनके लिए केवल कला नहीं, जीवन का श्वास था। जैसे बिना सांस के जीवन असंभव है, वैसे ही बिना संगीत के जीवन नीरस और अर्थहीन हो जाता है। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा का पोषण है। उनके हर गीत में कहीं न कहीं ईश्वर की स्तुति, जीवन की सार्थकता और भावनाओं की पवित्रता का स्पर्श मिलता है।

आज जब हम उन्हें स्मरण करते हैं, तो यह अनुभव होता है कि उनका जाना केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक युग का समापन है। मो. रफी, मुकेश और किशोर कुमार के बाद आशा भोसले का जाना भारतीय संगीत की उस स्वर्णिम परंपरा के एक और दीप का बुझना है, जिसने इस देश की आत्मा को सुरों में पिरोया था। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि ऐसे कलाकार कभी समाप्त नहीं होते, वे अपनी कृतियों में जीवित रहते हैं, अपने स्वरों में सांस लेते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों के हृदय में गूंजते रहते हैं। मोहन भागवत द्वारा व्यक्त श्रद्धांजलि इस सत्य को और गहराई देती है कि आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक थीं। उनका योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से भारतीयता, संवेदनशीलता और जीवन के उत्सव को अभिव्यक्त किया। उनका जाना निस्संदेह एक अपूरणीय क्षति है, पर उनकी आवाज, उनकी लय, उनकी जीवंतता और उनकी आत्मा इस देश की माटी में सदैव गूंजती रहेगी। यही उनकी सच्ची अमरता है और यही हमारे लिए उनकी सबसे बड़ी विरासत है।

आशा भोसले का व्यक्तिगत जीवन जितना संघर्षमय रहा, उतना ही अदम्य साहस, जीवटता और आत्मविश्वास से भरा हुआ भी था। एक संगीत-साधक परिवार में जन्म लेकर उन्होंने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया, परंतु हर चुनौती को उन्होंने अपनी शक्ति में रूपांतरित किया। लता मंगेशकर जैसी विराट विभूति की छाया में रहते हुए भी अपनी स्वतंत्र पहचान बनाना उनके असाधारण व्यक्तित्व का प्रमाण है। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक आलोचनाओं और पारिवारिक जटिलताओं के बीच उन्होंने कभी अपने आत्मबल को क्षीण नहीं होने दिया। उनकी जिंदादिली, बेबाकी, हाजिरजवाबी और जीवन के प्रति उत्सवधर्मी दृष्टिकोण उन्हें केवल एक कलाकार नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणा बनाते हैं। वे हर परिस्थिति में मुस्कराते हुए आगे बढ़ने की उस दुर्लभ कला की प्रतीक थीं, जो साधारण मनुष्यों को असाधारण बना देती है। आशाजी की प्रतिभा को तीन मुख्य संगीतकारों ने निखारा एवं संवारा, जिनमें ओ.पी.नैय्यर, रवि और आर.डी. बर्मन मुख्य है। उनका एक गीत मेरा कुछ सामान तुम्हारे पास पड़ा है, बहुत ही लोकप्रिय है, इसके लिये उन्हें नेशनल अवार्ड मिला था।

आशा भोसले की आवाज में केवल स्वर नहीं, बल्कि एक दिव्य स्पंदन, एक अदृश्य करिश्मा और साधना की सिद्धि निहित थी। वह स्वर कभी श्रृंगार की मधुरता बनकर मन को मोह लेता, तो कभी विरह की वेदना बनकर आत्मा को छू जाता। उन्होंने अपने गायन के माध्यम से भारतीय संगीत को केवल सरस और मनोरंजक ही नहीं, बल्कि अर्थपूर्ण, भावपूर्ण, आध्यात्मिक और प्रेरणादायी बनाया। उनके गीतों में जीवन का दर्शन, संवेदना की गहराई और आत्मिक स्पर्श एक साथ विद्यमान रहता था। उन्होंने हर शब्द में प्राण फूँककर उसे कालजयी बना दिया, जिससे संगीत केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि जीने का अनुभव बन गया। वास्तव में, आशा भोंसले वह अनंत स्वर-धारा थीं, जिन्होंने भारतीय संगीत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाकर उसे वैश्विक चेतना में प्रतिष्ठित किया और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत बना दिया।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# भारतीय संगीत की सरस्वती-सुरधारा मौन हो गई

**(प्रणय विक्रम सिंह)**

स्वर जब साधना बन जाए और साधना जब संवेदना में ढलकर पीढ़ियों के हृदय में घर कर ले, तब वह केवल संगीत नहीं रहता, वह संस्कृति बन जाता है।

'पद्म विभूषण' से अलंकृत महान गायिका आशा भोसले जी का निधन इसी सांस्कृतिक चेतना की एक अमिट धारा के अवसान का क्षण है।

आशा ताई केवल एक स्वर नहीं थीं, वे भारतीय संगीत की वह विस्तृत यात्रा थीं, जिसमें समय, समाज और संवेदना एक साथ बहते रहे। उनके गीतों में जीवन के हर रंग थे। यौवन की चंचलता, प्रेम की मधुरता, विरह की वेदना और संघर्ष की सघनता की हर छटा व्याप्त थी। उन्होंने जिस सहजता से विविध भावों को अपने स्वर में पिरोया, वह उन्हें असाधारण बनाता है।

मराठी फिल्म 'माझा बाल' (1943) में गाया गया उनका पहला गीत 'चला चला नाव वाला' और हिंदी सिनेमा में 'चुनरिया' (1948) का 'सावन आया', केवल आरंभ नहीं थे, बल्कि उस अनवरत साधना के प्रथम स्वर थे, जिसने आने वाले दशकों तक संगीत को नई ऊंचाइयां दीं।उनकी गायकी का विस्तार इतना व्यापक था कि वह किसी एक शैली, भाषा या युग की सीमा में बंधकर नहीं रह सकी।20 से अधिक भारतीय भाषाओं में 11 हजार से भी अधिक गीतों को अपनी आवाज देने वाली आशा जी ने संगीत को सचमुच बहुभाषी और बहुरंगी बना दिया। यही नहीं, उनके इस अद्भुत योगदान ने उन्हें वर्ष 2011 में सबसे अधिक स्टूडियो रिकॉर्डिंग करने वाली कलाकार के रूप में।गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान दिलाया। उनकी प्रतिभा की गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं रही। वर्ष 2005 में ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन पाने वाली वह पहली भारतीय महिला गायिका बनीं। यह उपलब्धि उनके स्वर की वैश्विक स्वीकृति का प्रमाण है।शास्त्रीयता की गहराई से लेकर आधुनिकता की गति तक, उन्होंने हर आयाम को अपनी स्वर-साधना से स्पर्श किया। यही कारण है कि उनके गीत केवल सुने नहीं जाते, बल्कि महसूस किए जाते हैं। वे स्मृतियों में बसते हैं और समय के साथ और अधिक अर्थवान होते जाते हैं। 'दम मारो दम' और 'पिया तू अब तो आजा' जैसे गीतों ने उस दौर में नई अभिव्यक्ति का साहस दिया। वे केवल गाने नहीं थे, बल्कि बदलते समाज की धड़कन थे। यद्यपि इन गीतों को लेकर विवाद भी हुए, किंतु यही विवाद उनकी निर्भीक कला-साधना और प्रयोगधर्मिता का प्रमाण बन गए।

आशा जी की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने संगीत को केवल कला के रूप में नहीं, बल्कि जीवन के अनुभव के रूप में जिया। उनके स्वर में एक जीवंतता थी, जो श्रोताओं को सीधे उनके भाव-जगत से जोड़ देती थी। वह आवाज कभी थकती नहीं थी, वह हर दौर के साथ स्वयं को नया रूप देती रही और यही उनका चिरंतन आकर्षण था।

**मराठी फिल्म 'माझा बाल' (1943) में गाया गया उनका पहला गीत 'चला चला नाव वाला' और हिंदी सिनेमा में 'चुनरिया' (1948) का 'सावन आया', केवल आरंभ नहीं थे, बल्कि उस अनवरत साधना के प्रथम स्वर थे, जिसने आने वाले दशकों तक संगीत को नई ऊंचाइयां दीं।उनकी गायकी का विस्तार इतना व्यापक था कि वह किसी एक शैली, भाषा या युग की सीमा में बंधकर नहीं रह सकी।**

उनका जाना एक कलाकार का जाना भर नहीं है, यह उस युग का अवसान है, जिसने भारतीय संगीत को विश्व पटल पर एक विशिष्ट पहचान दी। परंतु उनकी विरासत उनके गीतों में, उनके सुरों में और उन अनगिनत हृदयों में जीवित रहेगी, जिन्हें उन्होंने स्पर्श किया।

आज जब वह स्वर मौन हुआ है, तब भी उसकी गूंज शाश्वत है। वह गूंज हमें यह स्मरण कराती रहेगी कि कला कभी समाप्त नहीं होती, वह केवल रूप बदलती है और महान कलाकार अपने पीछे एक ऐसा आकाश छोड़ जाते हैं, जिसमें उनके सुर सदैव झंकृत होते रहते हैं।

प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि महान संगीत-साधिका को ऐसे दिव्य लोक में स्थान प्रदान करें, जहां नाद ही नित्य हो, सुर ही सत्य हों और साधना ही शाश्वत शांति बनकर विराजमान हो।

# बंगाल में आक्रामक हुआ चुनाव प्रचार, जारी हुआ भाजपा संकल्प पत्र

**भाजपा भी इस बार सरकार बनाने के लिए लड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हल्दिया, आसनसोल व सिउड़ी में विशाल जनसभाओं में बंगाल की जनता को छह गारंटियां दीं जिनको भाजपा के संकल्प पत्र में दोहरा कर मजबूत किया गया। इन जनसभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने जहाँ एक ओर विकास और सुशासन का एजेंडा सामने रखा वहीं दूसरी ओर टीएमसी सरकार पर चौतरफा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद सबका साथ सबका विकास तो होगा ही लेकिन जिन लोगों ने लूटा है, उन लुटेरों का हिसाब भी होगा।**

**(मृत्युंजय दीक्षित)**


भाजपा ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों एवं व्यापारियों के लिए घोषणा की है। भाजपा के संकल्प पत्र में बंगाल मे राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक विशेष आयोग बनाया जाएगा और सभी मामलों की जांच कर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

असम, केरल व पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव हेतु मतदान संपन्न हो जाने के बाद पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु के चुनाव प्रचार मे आक्रामकता आ गई है। बंगाल के सन्दर्भ में प्राप्त विश्लेषणों के अनुसार ऐसा लग रहा है कि इन चुनावों में बंगाल में मात्र दो प्रतिशत मतों के अंतर से ही सरकार बनने का खेल होने वाला है। सत्ता के लिए प्रमुख लड़ाई चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए प्रयासरत ममता बनर्जी तथा भारतीय जनता पार्टी के बीच ही है और यही दोनों आक्रामक रूप से चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने पहले ममता सरकार के खिलाफ श्वेत पत्र जारी किया फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन विशाल जनसभाओं के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया।

इस बीच बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व उनकी पार्टी के कुछ नेताओं ने बीजेपी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर हिंसा को बढ़ावा देने वाली बयानबाजी आरम्भ कर दी। अभिषेक बनर्जी तो अपनी रैली में सीधे तौर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं की गर्दन, हाथ, पैर तोड़ने तक की बात कह रहे हैं। इसके लिए उनके खिलाफ चुनाव आयोग की ओर से एफआईआर भी की गई है। बंगाल की मुख्यमंत्री ने स्वयं चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और लगातार कोर्ट में अभियान चला रही हैं। बंगाल की मतदाता सूची से लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम कट जाने से वह अधिक परेशान हैं।

भाजपा भी इस बार सरकार बनाने के लिए लड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हल्दिया, आसनसोल व सिउड़ी में विशाल जनसभाओं में बंगाल की जनता को छह गारंटियां दीं जिनको भाजपा के संकल्प पत्र में दोहरा कर मजबूत किया गया। इन जनसभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने जहाँ एक ओर विकास और सुशासन का एजेंडा सामने रखा वहीं दूसरी ओर टीएमसी सरकार पर चौतरफा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद सबका साथ सबका विकास तो होगा ही लेकिन जिन लोगों ने लूटा है, उन लुटेरों का हिसाब भी होगा। उन्होंने ममता सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि विगत 15 वर्षों में राज्य में सिंडीकेट, कट मनी और गुंडाराज का बोलबाला रहा है जिससे आम जनता का विश्वास टूटा है। भाजपा सरकार आने पर भय की जगह भरोसा कायम किया जायेगा। भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजेंगे। सरकारी सिस्टम जनता के लिए जवाबदेह होगा। हर घोटाले, भ्रष्टाचार ओर बहन बेटियों के साथ हुए अन्याय की फाइलें, खुलेंगी। घुसपैठियों को खोज खोजकर खदेड़ा जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी की विशाल जनसभाओं के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया है जिसमें कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गयी हैं। बंगाल में कोलकाता के भाजपा कार्यालय में एक विशाल वंदेमातरम संग्रहालय बनाया जाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि हम वंदे मातरम की परिकल्पना के माध्यम से बंगाल की संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेंगे। अभी वंदेमातरम की 150 वीं जयंती पर संसद में विशेष सत्र का आयोजन हो चुका है तथा साथ ही अब सरकारी आयोजनों में संपूर्ण वंदेमातरम गायन अनिवार्य किया जा चुका है। बंगाल की दृष्टि से वंदेमातरम संग्रहालय की स्थापना एक महत्वपूर्ण घोषणा है।



सिंगूर को लेकर घोषणा- भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में दूसरी बड़ी घोषणा सिंगूर को लेकर की है जिसमें भाजपा ने सरकार बनने के बाद वहां एक औद्योगिक पार्क बनाने का संकल्प किया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सिंगूर से अपनी राजनैतिक जमीन बनाने की शुरुआत की थी। पश्चिम बंगाल का सिंगूर विवाद भारत के औद्योगिक और राजनीतिक इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना रही है। सिंगूर विवाद वर्ष 2006 में शुरू हुआ था जब तत्कालीन वामपंथी सरकार ने हुगली जिले के सिंगूर में टाटा मोटर्स को नैनो कार बनाने के लिए करीब 997 एकड़ जमीन दी। सरकार ने यह जमीन पुराने भूमि अधिग्रहण कानून के अंतर्गत ली थी किंतु सरकार ने निर्णय का कुछ स्थानीय किसान संगठनों ने विरोध किया था तब ममता बनर्जी किसानों के समर्थन में आ गई और मां, माटी और मानुष का नारा दिया। आज बंगाल मे सभी कल कारखाने बंद हो चुके हैं और भारी बेरोजगारी है। यही कारण है कि भाजपा ने अब सिंगूर में ही औद्योगिक पार्क बनवाने का संकल्प लिया है।

संकल्प पत्र में राज्य में कानून व्यवस्था सुधारने और विकास को गति देने को भाजपा का लक्ष्य बताया गया है। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों एवं व्यापारियों के लिए घोषणा की है। भाजपा के संकल्प पत्र में बंगाल मे राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक विशेष आयोग बनाया जाएगा और सभी मामलों की जांच कर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। इसके अलावा घुसपैठियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट नीति लागू की जाएगी। कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता लागू किया जाएगा। महिलाओं को हर महीने 3000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। आयुष्मान भारत सहित केंद्र सरकार की सभी योजनाएं बंगाल में लागू की जाएंगी। भाजपा ने बंगाल में भी समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया है और युवाओं को एक करोड़ रोजगार देने का वादा भी किया है।

भाजपा वर्ष 2026 में बंगाल से ममता सरकार की विदाई तय करने के लिए सतर्कता के साथ कड़ी मेहनत कर रही है। बंगाल के विश्लेषकों का मत है कि बंगाल में ममता दीदी का दुर्ग भेदना अभी भी बहुत कठिन है क्योंकि चुनावी हिंसा बहुत अधिक होती है लेकिन इस बार चुनाव आयोग भी बहुत सख्त है अतः परिस्थिति बदल सकती है। इस बार चुनावों के बाद भी दो माह तक बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। विश्लेषकों कहना है कि यदि इस बार बंगाल चुनाव बिना किसी हिंसा के संपन्न हो जाते हैं तो भाजपा सरकार बनने की सम्भावना भी बन सकती है।( इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं। )

# आग की चपेट में आने से 10 घर जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सालमारी (कटिहार)** । बलिया बेलोन क्षेत्र के ग्राम पंचायत उनासो पचगाछी के वार्ड दो मीनापुर भर्री टोला गांव में सोमवार के देर रात में आग लगने से 10 परिवार का 10 आवासी कच्चा भवन सहित आधा दर्जन जलावन, गोहाश घर जल कर राख हो गया।भर्री टोला के बाटुल मंडल पत्नी हीरा देवी, झोरू मंडल पत्नी आजुली देवी, दीलीप मंडल पत्नी अनीता देवी, रंजीत मंडल पत्नी सुनीहर देवी, गोविंद मंडल पत्नी पिंकी देवी, बानम मंडल पत्नी सनोका देवी, मुकुल मंडल पिता शीसीर मंडल, मुसम्मन प्रतिमा देवी का घर आग के चपेट में आने से पूरी राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

आग की लपट इतनी तेज थी के जब तक ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाया जाता तब तक घर में रखा कपड़ा, बिस्तर, अनाज फर्नीचर सभी जल कर राख हो गया था। इस घटना में सात बकरी, एक दुधारू गाय झुलस कर मर गयी है। अग्नि कांड में बाटुल मंडल गंभीर रूप से झुलस जाने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में इलाज के लिए भागलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। इस इस घटना से पिडित परिवार का रो रो बुरा हाल है। मौके पर दमकल घटना स्थल में पहुंच कर आग पर पूरी तरह काबू पाया। अग्निकांड की सूचना पा कर स्थानीय मुखिया हाजी एजाजुल हक, सरपंच अबरार अहमद घटना स्थल पर पहुंच कर क्षति का आंकलन करते हुए बताया की यह गरीब परिवार है।मेहनत मजदुरी कर के किसी तरह रहने योग कच्चा भवन बनाया था।

वह भी आग के चपेट में आ गया। यह सभी परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। उन्होंने पिडित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन देते हुए घटना की सूचना बीडीओ प्रेम कुमार को दिये जाने पर पिडित परिवार को तत्काल सहयोग करने आदेश देते हुए बताया की सरकारी प्रावधान के अनुसार हर संभव सहायता शीघ्र मिलेगा। जदयू प्रखंड अध्यक्ष विजय साह, पुर्व मुखिया दिनेश इन्सान ने बताया की यह सभी बीपीएल परिवार है। सरकारी प्रावधान के अनुसार सहायता करने का आग्रह करते हुए इस परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की मांग की है।

## चरक ऋषि की पूजा आस्था और उत्साह के साथ संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** अमदाबाद में चरक ऋषि की पूजा पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार धूमधाम के साथ संपन्न हुई। नगर पंचायत क्षेत्र के बाजार स्थित चरक स्थल पर विधिवत प्रतिमा स्थापना के साथ अनुष्ठान की शुरूआत की गई।पूजा के दौरान सागवान या सखुआ से बने करीब 20 से 25 फीट लंबे गोलाकार ढांचे में बांसों को मिलाकर बांधा कर इस तरह तैयार किया जाता है कि वह आसानी से वृत्ताकार में घूम सके। इस ढांचे के दोनों सिरों पर रस्सियों के सहारे पुजारी चढ़ते हैं,नीचे मौजूद सहयोगी रस्सियों को खींचकर उसे लगातार घुमाते हैं। इसी दौरान पुजारी ऊपर से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित करते हैं।आयोजन स्थल पर मुख्य पार्षद बबलू मंडल, बंटी सिंह,संदीप मंडल और किशन रजक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक उपस्थित रहे।

# छिनतई का विरोध किया तो युवक को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला के रोशना थाना क्षेत्र के गौरीपुर बांध पर सोमवार की देर शाम उस वक्त सनसनी फैल गई। जब लूटपाट के इरादे से आए दो अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ईलाज के की मांग की। राजेश ने जब इसका विरोध किया और वहां से निकलने की कोशिश की तो एक अपराधी ने पिस्तौल से फायरिंग कर दी।गोली राजेश के बाएं जांघ में जा लगी और शरीर के अंदर फंस गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि हिम्मत दिखाते हुए



लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल युवक की पहचान अमदाबाद थाना क्षेत्र के सूरापुर गांव निवासी राजेश कुमार यादव (20) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राजेश सोमवार को अपनी नानी के घर गौरीपुर गांव गया था। शाम के समय वह एक ठेकेदार के पास पैसा लेने गया था और वहां से लौटते वक्त यह वारदात हुई।जैसे ही राजेश बाइक से बांध के रास्ते अपने नाना के घर लौट रहा था। तभी पहले से घात लगाए बैठे दो अपराधियों ने उसे रोक लिया। बदमाशों ने हथियार दिखाकर पैसे और मोबाइल घायल अवस्था में ही राजेश किसी तरह बाइक स्टार्ट कर वहां से भाग निकला और सीधे अपने नाना के घर पहुंचा। इसके बाद परिजनों ने उसे तुरंत उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज जारी है। इधर, रोशना थाना में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### लाखों की केबल व सीसीटीवी हार्ड डिस्क चोरी, दो कर्मियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

**बरही/हजारीबाग (नबिटासं)।** बीते दिन प्रखंड के करसो क्षेत्र स्थित लानार्सी इंफ्रा लिमिटेड कंपनी के मटेरियल गोदाम से बड़ी चोरी का मामला सामने आया है । जिसमें करीब 50 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रिकल सामान की चोरी कर ली गई है। इस मामले में कंपनी के दो कर्मियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हैदराबाद की लानार्सी इंफ्रा लिमिटेड कंपनी के रांची क्षेत्र के सीनियर एक्जीक्यूटिव संचित कुमार सिंह ने करसो स्थित मटेरियल स्टोर से केबल चोरी होने को लेकर बरही थाना में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि कंपनी झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (खइश्ठछ) के आरडीएसएस योजना के तहत क्षेत्र में बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य कर रही है, जिसमें अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम शामिल है। बताया गया कि बीते 8 अप्रैल को जब वह, कंपनी के मैनेजर तथा अन्य दो लोग के साथ शाम करीब 5 बजे करसो स्थित कंपनी के अधिकारीक भंडारगृह पहुंचे, तो जांच के दौरान पाया कि स्टोर से 3व/95 स्क्वायर एमएम केबल के करीब 30 ड्रम तथा सीसीटीवी कैमरे का हार्ड डिस्क गायब है। चोरी गए केबल की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद स्टोर में तैनात सुरक्षा गार्ड से पूछताछ की गई, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। मामले में स्टोर इंचार्ज जय दुबे और साइट इंजीनियर रवि कुमार पर संदेह जताते हुए दोनों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद से दोनों के मोबाइल फोन बंद हैं और उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। आरोप है कि 4 अप्रैल को भी संबंधित कर्मियों द्वारा केबल को वाहन में लोड करते देखा गया था। साथ ही, स्टोर में लगे उउळश कैमरे का हार्ड डिस्क भी गायब पाया गया, जिससे साक्ष्य मिटाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### घाघरा डैम में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया, सतुआ उड़ान में उमड़ी भीड़

**केरेडारी/हजारीबाग (नबिटासं)।** केरेडारी प्रखंड के प्रसिद्ध घाघरा डैम परिसर में इस वर्ष भी बैसाखी पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व के मौके पर आसपास के गांवों सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे, जिससे पूरा डैम परिसर मेले के रूप में तब्दील हो गया। बैसाखी के अवसर पर लोगों ने पारंपरिक हृसतुआ उड़ानह्न का आयोजन किया, जिसमें बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को सतुआ खिलाकर और शुभकामनाएं देकर पर्व की खुशियां साझा कीं। मेले में स्थानीय दुकानदारों द्वारा खान-पान, खिलौने और अन्य सामानों की दुकानें सजाई गई थीं, जिससे लोगों ने खरीदारी का भी आनंद उठाया। आयोजन स्थल पर आए लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं की गई थीं। बच्चों के लिए झूले, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे माहौल और भी जीवंत हो उठा। दिनभर चले इस आयोजन में लोगों ने परिवार और मित्रों के साथ पिकनिक का भी आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कृषि मंत्री द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बैसाखी जैसे पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे आगे भी निरंतर जारी रखने की अपील की। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि घाघरा डैम में बैसाखी पर्व मनाने की परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। हर साल यहां इस तरह का भव्य आयोजन होता है, जो न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए आपसी मेल-जोल का भी एक बड़ा अवसर बनता है। इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा और लोगों ने पूरे दिन उल्लास के साथ पर्व का आनंद उठाया।

### बरही में अंबेडकर जयंती सह सामाजिक समरसता पर्व धूमधाम से मनाया गया

**बरही/हजारीबाग (नबिटासं)।** विश्व हिंदू परिषद की बरही शाखा द्वारा बाराटांड़ स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर अंबेडकर जयंती सह सामाजिक समरसता पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला बौद्धिक प्रमुख सुबोध कुमार पांडे ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा, संघर्ष और संगठन के बल पर समाज को नई दिशा दी तथा भारत के संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बाबा साहब के संदेश हृशिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहोह्न को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला बौद्धिक प्रमुख सुबोध पांडे, जिला सह शारीरिक प्रमुख प्रभु राणा, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, प्रखंड उपाध्यक्ष नितेश कुमार, साधु शरण, कृष्णा केशरी, रामपदारथ शर्मा, बलराम केशरी, सुधीर चंद्रा, प्रमोद कुमार, बसंत, कार्तिक राणा, महादेव यादव, बिरेंद्र रविदास एवं विकास रविदास सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामाजिक बुराइयों को समाप्त कर राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

### केरेडारी प्रखंड के कई गांवों में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**केरेडारी/हजारीबाग (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के हरला, सलगा, पांडू, तरहेसा, गोपदा, हेवई, मनातू एवं बेलतु गांवों में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी अंबेडकर जयंती समारोह समिति के आमंत्रण पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में विधायक श्री चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा, सामाजिक न्याय और समानता का अद्वितीय उदाहरण है। उनके विचार आज भी समाज के हर वर्ग को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि सभी लोग बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाएं, शिक्षा का प्रसार करें तथा समाज में जागरूकता लाकर एक सशक्त और समानता आधारित समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

# सांसद ने हाईमास्ट एलईडी लाइट का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही (कटिहार)** । प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के वार्ड संख्या सात कुशहा मोहनपुर गांव में जामा मस्जिद के निकट सफीक आलम के घर के सामने सार्वजनिक स्थल पर सांसद तारिक अनवर के द्वारा स्विच ऑन कर 16 मीटर हाईमास्ट एलईडी लाइट का उद्घाटन किया।

इस मौके पर सांसद तारिक अनवर ने कहा कि चुनाव के समय में इस गांव के लोगों की मुख्य मांग एलईडी लाइट लगाने की थी जिसका सपना आज पूरा हो गया गांव वालों के लिए एलईडी लाइट को स्विच ऑन कर चालू कर दिया गया अब गांव रात में जगमग करेंगे। वहीं ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय कुशहा से सीमाना होते हुए मोहनपुर तक दो किलोमीटर सड़क निर्माण कराने की मांग की। वहीं पेंशन सहित कई तरह के आवेदन सांसद को सुपुर्द किए। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, उपाध्यक्ष अल्तमश दीवान, एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान, एससी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सुनील रजक, ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के संयोजक डॉ. विपिन कुमार सिंह, मनोहरपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष ललन कुमार यादव स्थानीय वार्ड सदस्य मो. सईदुर रहमान, मो. शफीक आलम, मो. तारिक,मो. अतीब, मो. नसीम, मो. सुल्तान, मो. रहमान, मो. जमील दीवान आदि उपस्थित रहे ।

# बहरखाल में कटाव रोधक कार्य शुरू होने से कटाव का खतरा कम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** ग्राम पंचायत सालमारी के महानंदा नदी में कटाव रोकने के लिए एंव तटबंध की सुरक्षा के लिए बहरखाल गांव के पास नदी किनारे स्पर्श संख्या 15, 22, 35 में करीब 725 मीटर तक कटाव रोधक कार्य शुरू किये जाने से नदी कटाव का खतरा टलने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने बताया की टीकेजे इंस्ट्राफेक्कर के द्वारा कटाव रोधक कार्य किया जा रहा है। समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की बात कहे। ग्रामीणों ने कहा की विगत कई वर्षों से यहां भीष्ण नदी कटाव होने के कारण गांव पर खतरा मंडरा रहा था। बाढ़ के समय तटबंध पर अत्यधिक दबाव के कारण ग्रामीण दहशत में रहते हैं। क्षेत्र के लोगों के द्वारा बार बार कटाव रोधक कार्य कराने की मांग किये जाने पर विभाग द्वारा 725 मीटर तक कटाव रोधक कार्य करा रहा है। लोगों ने बताया की अब तक जो भी काम हुआ है। इस में संतोष व्यक्त किये। विभागीय अभियंता एवं कनीय अभियंता की मोजुदगी में कटाव रोधक कार्य चलने की बात कहे। टीकेजे इंस्ट्राफेक्कर के संवेदक विवेक कुमार झा ने कहा की समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य को पूरा किया जायेगा। कटाव रोधक कार्य विभागीय अधिकारियों के देखरेख में कार्य तेजी से किया जा है।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरारी (कटिहार)।** मंगलवार को जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा के आवासीय कार्यालय में सादगीपूर्ण एवं गरिमामय माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लेकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित एवं बाबा साहेब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक स्वर में बाबा साहेब अमर रहें के नारे लगाए, जिससे पूरा माहौल गूंज उठा। जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने का जो मार्ग दिखाया, वही आज के दौर में सबसे अधिक प्रासंगिक है। उनके विचारों को अपनाकर ही समाज में वास्तविक समानता लाई जा सकती है।एससी-एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री सह जिला परिषद सदस्य गुणसागर पासवान ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने वंचितों को अधिकार दिलाने के लिए जो लड़ाई लड़ी, वह हम सभी के लिए प्रेरणा है।जदयू जिला महासचिव चंद्रमोहन सिंह ने कहा कि बाबा साहेब केवल संविधान निमार्ता ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के महानायक थे। उनके आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।मौके पर जय प्रकाश सिंह, पूर्वी बारीनगर पंचायत अध्यक्ष गब्बर पासवान, प्रदीप कुमार, संजय चौधरी, नवीन चौधरी, तारकेश्वर भारती, मांगण मेहता समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोहनपुर में सांसद का मिलन समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के बड़ी मोहनपुर में पंचायत के मुखिया प्रियंका कुमारी,प्रतिनिधि शशि कुमार मंडल के आवास पर सांसद का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शशि कुमार मंडल ने पुस्तकालय भवन में सांसद कोष से पुस्तक देने की मांग की। वहीं स्थानीय ग्रामीण मुक्ति मंडल,नारद मंडल आदि ने मोहनपुर चौक से बड़ी मोहनपुर होते हुए अड़गारा चांदपुर जाने वाली सड़क जो की जर्जर हालत में हैं,अविलंब नए सिरे से कालीकरण कराने की मांग की। साथ ही मोहनपुर चौक पर हाई मास्ट एलइडी लाइट लगाने की मांग की। इस बाबत सांसद तारिक अनवर ने स्थानीय ग्रामीणों से स्थानीय समस्याओं के बारे में सुना कहां की जल्द ही पुस्तकालय भवन में पुस्तकालय उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही मोहनपुर चौक से बड़ी मोहनपुर होते हुए अड़गारा टोला जाने वाली सड़क का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही जल्द ही मोहनपुर चौक पर हाई मास्ट एलइडी लाइट लगाया जाएगा। इस अवसर पर कटिहार सांसद तारिक अनवर, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अल्तमश दीवान, ऑल इंडिया आदिवासी संयोजक डॉ. विपिन कुमार सिंह, एससी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सुनील रजक, मोहनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शशि कुमार मंडल, सुभाष कुमार यादव, दिलीप विश्वास, मो. सुल्तान,मुक्ति मंडल, नारद मंडल, महावीर मंडल आदि उपस्थित रहे।

## भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती रेल मंडल में मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेलमंडल अंतर्गत स्थानीय रेलवे अस्पताल परिसर में समानता, स्वाभिमान एवं न्याय के प्रतीक, भारत रत्न एवं संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को हृडॉ. बी.आर. अंबेडकर वाटिकाह्न का भव्य उद्घाटन डीआरएम किरेंद्र नरह द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ऑल इंडिया एससी एंड एसटी रेलवे इम्प्लाइज एसोसिएशन कटिहार डिवीजन, एन.एफ. रेलवे द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डीआरएम किरेंद्र नरह सहित अन्य अतिथियों ने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों, समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय—पर प्रकाश डाला।

# संविधान निर्माता की मनाई गई 135वीं जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** हर साल की तरह इस साल भी प्रखंड मुख्यालय मनसाही में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी,जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बीए,एम,पीएचडी,एलएलबी,एमएस सी,डीएससी आदि किए थे। राजनीतिज्ञ समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, शिक्षाविद थे। भारतीय रिपब्लिकन पार्टी में जुड़े उन्हें सरकार के द्वारा भारत रत्न का पुरस्कार मिला हैं,उन्होंने नारा दिया था शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो। वहीं भारत सरकार में



बलराम पोद्दार,उपाध्यक्ष रवि शंकर तिवारी,अशोक यादव, प्रखंड के प्रधान सहायक अरविंद यादव,प्रखंड नाजिर विकास कुमार सहित दर्जनों लोगों ने संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के तेल चित्र पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक ऐसे अनुयाई थे जिन्होंने अपने जीवन काल में सब दिन पढ़ाई लिखाई करते रहे लोगों को सही राह पर चलने लोगों को शिक्षा ग्रहण करने के बारे में कहे थे। आज उन्हीं के राह पर आम लोग चल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 ई. में मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू गांव में हुआ था उनके पिता का नाम रामजी राव,माता भीमाबाई,पत्नी रमाबाई और सविता बाई,बच्चे यशवंत अंबेडकर,धर्म हिंदू बाद में बौद्ध धर्म अपना लिए शिक्षा इन्हें प्रथम कानून मंत्री बनाया था। इन्हें संविधान निमार्ता भी कहा जाता हैं 1936 में स्वतंत्र लेबर पार्टी की स्थापना की ये दलित के नेता थे। एक वर्ष में 1600 किताबें पढ़ना अपनी लाइब्रेरी में 50000 किताबें रखना 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान का निर्माण किए। उन्हें 32 डिग्रियां सहित कई भाषाओं का भी ज्ञान था। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार उरांव, शिक्षक प्रमोद सिंह, चंद्र किशोर पासवान सहित आमिर खान, रवि कुमार साह, उत्तम कुमार शर्मा, सुधीर कुमार प्रभाकर, संजय कुमार मंडल, सिकंदर उरांव, संजय पासवान, राजेश मंडल, देवनारायण पासवान, राजेश शर्मा, बालकिशोर शर्मा, रामानंद मंडल, पूनम कुमारी, रूबी सोरेन, सपना देवी सरिता देवी, रीना देवी, संजय सिंह, रविंद्र उरांव, सिकंदर उरांव आदि उपस्थित रहे ।

# अम्बेडकर जयंती पर गूंजी दिव्यांगों के हक की आवाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर मिर्चाईबाड़ी स्थित अम्बेडकर चौक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'कोशी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति' के तत्वावधान में आयोजित की गयी। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित की।इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार राज्य सलाहकार बोर्ड समाज कल्याण विभाग के सदस्य शिव शंकर रमाणी ने की।

अपने संबोधन में श्री रमाणी ने बाबा साहेब के न्याय और समानता के सपनों को याद करते हुए दिव्यांगों के सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016' को पूर्ण रूप से धरातल पर उतारने के लिए सरकार और प्रशासन से प्रार्थना एवं गुहार लगाई।समिति द्वारा आयोजित इस सभा में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की प्रमुख बातों पर प्रकाश डाला गया। 21 प्रकार की दिव्यांगता की पहचान और उनका वर्गीकरण। शिक्षा, रोजगार और समाज में समानता का अधिकार।सरकारी नौकरियों में आरक्षण और निशुल्क शिक्षा का प्रावधान।सार्वजनिक स्थानों पर दिव्यांगों के लिए सुलभता सुनिश्चित करना। कानून का उल्लंघन करने वालों के लिए कठोर दंड के प्रावधान आदि शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बाबा साहेब के सपनों का भारत तभी बनेगा जब समाज का अंतिम व्यक्ति, विशेषकर दिव्यांगजन, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे और उन्हें सम्मानजनक जीवन मिलेगा। इस अवसर पर शिव शंकर रमानी के अलावा जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह, विजय कुमार, गंगा राम चंद्रवंशी, उमाकांत आनंद, आशा देवी, विष्णु देव राय, मुन्ना शाह, ऋषिकेश कुमार, मोनिका कुमारी, जूली शर्मा, मनोज साह राखी कुमारी, सुल्तान, लोको, रजी अहमद आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सोना 9 साल से अक्षय तृतीया पर दे रहा सॉलिड रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सल्फर सोने की कीमतों में इस साल काफी उतार-चढ़ाव के देखते हुए इस बार



अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना क्या मुनाफे का सौदा साबित होगा बता दें पिछली अक्षय तृतीया (अप्रैल 2025) के बाद से भारतीय स्पॉट मार्केट में सोने की कीमतों में 60 प्रतिशत का उछाल आया है, जिससे निवेशकों की संपत्ति में इजाफा हुआ है। यह लगातार नौवां साल है, जब सोने ने निवेशकों को ठोस रिटर्न दिया है। भारत में सोना खरीदना सिर्फ एक आर्थिक फैसला नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और शुभ संकेत भी है। कुछ खास त्योहारों, जैसे धनतेरस, दिवाली और अक्षय तृतीया पर सोना खरीदा जाता है। ऐसा माना जाता है कि इससे समृद्धि, सौभाग्य और स्थायी धन की प्राप्ति होती है। अक्षय तृतीया भी ऐसा ही एक पर्व है, इस बार 19 अप्रैल 2026 को पड़ रहा है। ऐतिहासिक आंकड़ों के अनुसार, यह त्योहार भारतीयों के लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ है। इस साल जनवरी में सोना 1,80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया था। उसके बाद कीमतों में गिरावट आई है और अब यह करीब 1,50,000 रुपये के स्तर पर है। यह हालिया हाई से लगभग 30,000 रुपये सस्ता है। तेजी के बाद मुनाफावसूली और बढ़ती क्रूड कीमतों के कारण महंगाई की चिंताओं के चलते निवेशकों ने खूब मुनाफा कमाया। विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा कीमतें निवेश के लिए एक अच्छा अवसर है। चॉइस ब्रोकिंग की कमोडिटी एक्सपर्ट कावेरी मोरे के अनुसार, इस साल अक्षय तृतीया से पहले भारत में मांग मजबूत बनी हुई है, हालांकि ऊंची कीमतों ने आम ग्राहकों की भारी खरीदारी को सीमित कर दिया है। वहीं, एक मुंबई-बेस्ड बुलियन डीलर का कहना है कि इस बार सोने-चांदी की खरीदारी भी बहुत कम है। माहौल ऐसा नहीं लग रहा कि त्योहार नजदीक आ रहा हो। ग्लोबल लेवल पर चीन में सोने की मांग कमजोर पड़ी है, लेकिन वहां का केंद्रीय बैंक लगातार 17वें महीने सोना खरीद रहा है, जो बुलियन में लगातार भरोसा दिखाता है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि सोने की कीमतों की रफ्तार धीमी जरूर होगी, लेकिन मौजूदा रुझान जारी रह सकता है। केंद्रीय बैंकों की खरीदारी और जियो-पॉलिटिकल टेंशन को देखते हुए सोना एक फायदे का निवेश बना हुआ है। बिजनेस हेड हर्षल दासानी कहते हैं, 'मौजूदा कीमतों पर सोने को रिटर्न के दौड़ वाला निवेश न समझें, बल्कि इसे अपने पोर्टफोलियो को स्थिर करने वाला साधन मानें।' हालांकि उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि पिछले साल जैसा तगड़ा रिटर्न दोहराना मुश्किल हो सकता है।

## वर्ल्ड बैंक चीफ अजय बंगा ने किया आगाह, नजरअंदाज न करें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व बैंक के प्रेसिडेंट अजय बंगा ने पॉलिसी बनाने वालों से बड़ी अपील की है। उन्होंने आगाह करते हुए कहा है कि मिडिल ईस्ट में जारी झगड़े के बीच पॉलिसीमेकर्स एक कहीं ज्यादा जरूरी लंबे समय की चुनौती को नजरअंदाज न करें। वह चुनौती है रोजगार पैदा करना। बंगा ने एक बड़ी असमानता की ओर ध्यान दिलाया। विकासशील देशों में अगले 10-15 सालों में लगभग 1.2 अरब लोग काम करने वाली आबादी में शामिल होंगे। लेकिन, मौजूदा अनुमानों के मुताबिक, सिर्फ 40 करोड़ रोजगार ही पैदा होंगे। इससे 80 करोड़ रोजगारों की भारी कमी रह जाएगी। यह एक ऐसा फासला है जिसके गहरे सामाजिक-आर्थिक नतीजे हो सकते हैं। बंगा ने माना कि बार-बार आने वाले वैश्विक झटकों के दौर में लंबे समय से चली आ रही ढांचागत समस्याओं पर ध्यान बनाए रखना मुश्किल होता है। इन झटकों में कोरोना महामारी से लेकर मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव तक शामिल हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक इंटरव्यू में बंगा ने कहा, 'हमें एक ही समय में दो काम करने होंगे। चलते भी रहना है और च्यूइंग गम भी चबाते रहना है।

# तीन कंपनियों ने बनाया है दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मंगलवार को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। इसे दिल्ली-देहरादून इकनॉमिक कॉरिडोर भी कहा जाता है। पीएम मोदी के उद्घाटन के साथ ही 213 किलोमीटर लंबा छह लेन वाला यह एक्सप्रेसवे आम लोगों के लिए शुरू हो जाएगा। यह कॉरिडोर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों से होकर गुजरता है। इससे दिल्ली और देहरादून के बीच की दूरी करीब ढाई घंटे में पूरी होगी। अभी देहरादून पहुंचने में करीब 6 घंटे लगते हैं।

इस एक्सप्रेसवे को तीन कंपनियों ने मिलकर बनाया है। इसे बनाने में 12000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। यह कॉरिडोर पर्यटन और आर्थिक रूप से व्यापार और विकास के नए रास्ते खोलेगा। इस एक्सप्रेसवे के खुलने से न केवल दिल्ली-उत्तराखंड के बीच पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास को भी नई रफ्तार मिलेगी।

### तीन कंपनियों ने बनाया है दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसव के प्रबंधन की जिम्मेदारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की है। इस एक्सप्रेसवे को तीन



कंपनियों ने मिलकर बनाया है। ये इस प्रकार हैं: इस एक्सप्रेसवे को बनाने का काम चार चरणों में पूरा हुआ है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक यह एक्सप्रेसवे इन चरणों में पूरा हुआ है।

पहला चरण दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से शुरू हुआ था। करीब 32 किमी लंबे पहले फेज पर काम ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के नजदीक खेकड़ा (बागपत) तक चला।

दूसरे चरण का काम खेकड़ा (बागपत) से शुरू हुआ। करीब 120 किमी लंबा यह फेज सहारनपुर बायपास तक है। इस फेज को ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट के तौर पर विकसित किया गया। तीसरा फेज सहारनपुर बाईपास से उत्तराखंड में गणेशपुर तक रहा। यह फेज 42 किमी लंबा है। यह फेज गणेशपुर से देहरादून तक का है जो करीब 20 किमी लंबा है। इसमें 4.6 किमी का अपग्रेडेड हिस्सा शामिल है। बाकी हिस्सा नए सिरे से बनाया गया है। यह कॉरिडोर उत्तराखंड के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। इस आर्थिक गलियारे से प्रदेश में रोजगार, पर्यटन और व्यापार को बहुत बढ़ावा मिलेगा।

### पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को पूरा होने में 6 साल से ज्यादा का समय लगा है। हालांकि कंस्ट्रक्शन का काम करीब 5 साल में ही पूरा हो गया। बाकी समय जमीन अधिग्रहण और केंद्र सरकार से फंड मिलने में लगा। इस प्रोजेक्ट की टाइमलाइन इस प्रकार है:

**फरवरी 2020:** केंद्र सरकार ने आधिकारिक तौर पर इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को मंजूरी दी।

**जनवरी 2021:** अक्षरधाम से बागपत जिला सीमा तक के पहले दो चरणों के लिए भूमि अधिग्रहण और निविदा आवंटन का काम पूरा हुआ।

**नवंबर 2021:** हरिद्वार को इस एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 2,095 करोड़ रुपये आवंटित किए गए।

**दिसंबर 2021:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 दिसंबर को औपचारिक रूप से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे निर्माण की आधारशिला रखी।

**जनवरी 2022:** शामली-अंबाला एक्सप्रेसवे लिंक के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हुई।

## विजय केडिया का फिर प्रिसिजन कैमशाफ्ट्स पर दांव, खरीदे हैं 10 लाख शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज निवेशक विजय केडिया ने स्मॉलकैप कंपनी प्रिसिजन कैमशाफ्ट्स पर फिर दांव लगाया है। केडिया ने प्रिसिजन कैमशाफ्ट्स के 10 लाख शेयर खरीदे हैं। प्रिसिजन कैमशाफ्ट्स के शेयर सोमवार को बीएसई में उछाल के साथ 145.25 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले पांच दिन में कंपनी के शेयरों में करीब 18 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। इस साल 30 मार्च के बाद से कंपनी के शेयरों में 37 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 263.30 रुपये है। वहीं, प्रिसिजन कैमशाफ्ट्स के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 104.05 रुपये है। शेयर मार्केट के दिग्गज इनवेस्टर विजय केडिया ने ऑटो कंपोनेंट्स एंड इक्विपमेंट इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी प्रिसिजन कैमशाफ्ट्स पर फिर दांव लगाया है। विजय केडिया ने कंपनी के 10 लाख शेयर खरीदे हैं। कंपनी में केडिया की हिस्सेदारी 1.05 पर्सेंट हो गई है। विजय केडिया ने प्रिसिजन कैमशाफ्ट्स में यह हिस्सेदारी 14.1 करोड़ रुपये में खरीदी है। इससे पहले, सितंबर 2025 तिमाही में भी केडिया के पास प्रिसिजन कैमशाफ्ट्स के 10 लाख शेयर थे। हालांकि, दिसंबर 2025 तिमाही में केडिया का नाम कंपनी के इनवेस्टर लिस्ट से बाहर था। प्रिसिजन कैमशाफ्ट्स का मार्केट कैप सोमवार 13 अप्रैल 2026 को 1379 करोड़ रुपये के पार जा पहुंचा है। स्मॉलकैप कंपनी प्रिसिजन कैमशाफ्ट्स के शेयर पिछले 5 साल में 222 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं।

## दनादन 11 बार बोनस शेयर बांट चुकी है मल्टीबैगर कंपनी, हर बार 2 शेयर पर दिए हैं 1 बोनस शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर कंपनी संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल ने अपने शेयरधारकों को दनादन बोनस शेयर बांटे हैं। संवर्धन मदरसन अपने निवेशकों को 11 बार बोनस शेयर का तोहफा दे चुकी है। कंपनी के शेयर सोमवार को बीएसई में 119 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 5 दिन में कंपनी



के शेयरों में करीब 12 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले एक साल में संवर्धन मदरसन के शेयर 40 पर्सेंट उछल गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 136.10 रुपये है। वहीं, संवर्धन मदरसन के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 77.07 रुपये है। संवर्धन मदरसन, ऑटो कंपोनेंट्स एंड इक्विपमेंट्स इंडस्ट्री से जुड़ी है। मल्टीबैगर कंपनी संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल ने साल 1997 से लेकर अब तक अपने शेयरधारकों को 11 बार बोनस शेयर दिए हैं। संवर्धन मदरसन ने अपना पिछला बोनस शेयर जुलाई 2025 में दिया है। कंपनी ने साल 1997 से लेकर अब तक हर बार 1:2 के रेशियो में ही बोनस शेयर दिए हैं। यानी, कंपनी ने हर बार प्रत्येक 2 शेयर पर 1 बोनस शेयर बांटा है। संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल ने नवंबर 1997, जुलाई 2000, जनवरी 2005, मई 2007, अगस्त 2012, नवंबर 2013, जून 2015, मई 2017, सितंबर 2018, अगस्त 2022 और मई 2025 में बोनस शेयर दिए हैं।

**1997 में 100 शेयर खरीदने वाले निवेशक के पास अब होते 8600 से ज्यादा शेयर:** अगर किसी निवेशक ने साल 1997 में बोनस शेयर दिए जाने से पहले संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल के 100 शेयर खरीदे होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में उस व्यक्ति के पास इस मल्टीबैगर कंपनी के करीब 8614 शेयर होते। यह बात की एक रिपोर्ट में कही गई है। अगर साल 2000 से कैलकुलेशन करें संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल ने अपने निवेशकों को 10 बार बोनस शेयर बांटे हैं।

**2 बार अपने शेयर का बंटवारा भी कर चुकी है कंपनी:** संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल दो बार अपने शेयर का भी बंटवारा कर चुकी है। कंपनी ने अक्टूबर 2002 में अपने शेयर को 2 टुकड़ों में बांटा, तब कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 5-5 रुपये फेस वैल्यू वाले 2 शेयरों में बांटा। इसके बाद मार्च 2004 में कंपनी ने अपने शेयर को 5 टुकड़ों में बांटा। कंपनी ने 5 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 1-1 रुपये फेस वैल्यू वाले 5 शेयरों में बांटा।

# एलजी के शेयर बुधवार को मचाएंगे हलचल

### लॉक-इन पीरियड खत्म होने से 44 करोड़ शेयर होंगे मुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छुट्टी के बाद स्टॉक मार्केट खुलेगा तो एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के शेयर हलचल मचा सकते हैं। इसकी वजह है कंपनी के शेयरहोल्डर्स के लिए लागू लॉक-इन पीरियड का खत्म होना। इस लॉक-इन पीरियड के खत्म होते ही बड़ी संख्या में शेयर ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। नुवामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ल्ल इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के शेयरों पर लगा छह महीने का लॉक-इन पीरियड अब समाप्त हो रहा है। इसका मतलब यह है कि अब तक जिन शेयरों को बेचा नहीं जा सकता था, वे अब बाजार में बेचने के लिए योग्य हो जाएंगे।हालांकि, यह जरूरी नहीं है कि सभी शेयर एक साथ बिक जाएं। इसका मतलब सिर्फ इतना है कि अब ये शेयर ट्रेडिंग के लिए खुले हैं।

नुवामा की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी की कुल इक्विटी का लगभग 65 प्रतिशत यानी करीब 44.12 करोड़ शेयर अब बाजार में ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। मौजूदा कीमत के हिसाब से इन शेयरों की कुल वैल्यू लगभग 66,180 करोड़ बैठती है। दिसंबर 2025 तिमाही के अंत तक, कंपनी के प्रमोटर्स के पास 85 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जो कि न्यूनतम 75 प्रतिशत की तय सीमा से ज्यादा है। पब्लिक शेयरहोल्डर्स की बात करें तो भारत के म्यूचुअल फंड्स के पास करीब 5.4 प्रतिशत होल्डिंग्स है, जबकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के पास करीब 3 प्रतिशत हिस्सेदारी है। करीब 10.6 लाख छोटे रिटेल निवेशकों, जिनका निवेश 2 लाख तक है, के पास कंपनी में 3.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है।



हालांकि, मार्च तिमाही के लिए कंपनी ने अभी तक नया शेयरहोल्डिंग डेटा जारी नहीं किया है।

**एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का शेयर प्राइस ट्रेंड:** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के शेयर सोमवार को 1.8 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,503.5 पर बंद हुए। हालांकि, यह अपने लिस्टिंग के बाद के हाई 1,749 से करीब 14 प्रतिशत नीचे है, लेकिन अभी भी अपने इश्यू प्राइस से ऊपर बना हुआ है। पिछले पांच सेशन में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में 5 प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई है।

## सब्जियों की कीमतों ने बढ़ाया किचन का बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते महीने सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर 3.40 फीसदी दर्ज की गई, जो फरवरी में 3.21 फीसदी रही थी। सोना-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी समेत अन्य वस्तुओं की कीमतों मे भी दर्ज की गई बढ़ोतरी। मार्च में सोना-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी जैसी वस्तुओं की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई, जिससे खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे किचन का बजट बढ़ गया। सोमवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 3.40 फीसदी रही, जो फरवरी 2026 में 3.21 फीसदी थी। बीते महीने ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई 3.63 फीसदी और शहरी क्षेत्रों में 3.11 फीसदी दर्ज की गई। स्टेटवाइज आंकड़ों में तेलंगाना में सबसे ज्यादा महंगाई दर्ज की गई, जहां यह 5.83 फीसदी रही। इसके बाद आंध्र प्रदेश में 4.05 फीसदी महंगाई दर्ज की गई है। उसके बाद कर्नाटक, तमिलनाडु और राजस्थान का स्थान रहा है। औसत उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक यानी रसोई के बजट पर असर डालने वाल खाद्य महंगाई में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो मार्च में 3.87 फीसदी दर्ज की गई है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र में खाने-पीने की चीजें 3.96 और शहरों में 3.71 फीसदी रही है। जबकि इससे पहले फरवरी में सीएफपीआई 3.47 फीसदी रही थी।

## दुबई के कदम से भारतीय एयरलाइंस की बढ़ी टेंशन, सरकार से जवाबी एक्शन की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान संकट के चलते दुबई ने एक ऐसा कदम उठाया है जिसने भारतीय एयरलाइंस की टेंशन बढ़ा दी। 31 मई तक उसने विदेशी एयरलाइंस के लिए अपने यहां पाबंदी लगाई है। इसके तहत दुबई ने अपने एयरपोर्ट्स पर रोज सिर्फ एक फ्लाइट की सीमा तय की है। इससे भारतीय एयरलाइंस के बीच रेवेन्यू के नुकसान की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने किसी भी दूसरे देश की एयरलाइंस के मुकाबले इस डेस्टिनेशन के लिए ज्यादा फ्लाइट्स की योजना बनाई थी। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट का प्रतिनिधित्व करने वाले फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने भारत सरकार से अपील की है कि वह दुबई के अधिकारियों पर इन पाबंदियों को हटाने का दबाव डाले। 31 मार्च को भेजे गए एक पत्र के अनुसार, अगर ऐसा नहीं होता है तो एफआईए ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की एयरलाइंस जैसे बदले में वैसी ही पाबंदियां लगाने का सुझाव दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, दुबई एयरपोर्ट्स से मिली जानकारी के मुताबिक, 20 अप्रैल से 31 मई के बीच एयरलाइंस को दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट मख्तूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट दोनों के लिए रोजाना सिर्फ एक राउंड ट्रिप की अनुमति होगी। रिपोर्ट के अनुसार, 27 मार्च के एक निजी ईमेल में दुबई एयरपोर्ट ने एयरलाइंस को लिखा, 'एयरलाइंस के लिए रोजाना एक रोटेशन की सीमा जारी रहेगी।

# बाजार की आंधी में 7 कंपनियों के शेयरों का दबदबा कायम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले एक साल के दौरान घरेलू शेयर बाजारों में काफी उठा-पटक देखने को मिली है। लेकिन इस दौरान कई कंपनियों ने शानदार रिटर्न दिया है। निफ्टी500 स्टॉक में से 7 कंपनियां ऐसी हैं जिनके शेयरों की कीमतों में 150 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। मार्केट की मौजूदा परिस्थितियों का इन कंपनियों पर कोई असर नहीं दिखा है। बता दें, पिछले एक साल में निफ्टी50 में 4 प्रतिशत और निफ्टी500 में 7 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है।

इस इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी के शेयरों की कीमतों में बीते एक साल में 207 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। वहीं, तीन साल में यह स्टॉक 2866 प्रतिशत और 5 साल में 3494 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। कंपनी के शेयरों का 52 वीक हाई 1 अप्रैल को 4344 रुपये रहा है।

बीते एक साल में इस सरकारी कंपनी के शेयरों का भाव 192 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का 52 वीक हाई 431.50 रुपये और 52 वीक लो लेवल 144.71 रुपये है। पीएसयू स्टॉक में तीन साल में 425 प्रतिशत और 5 साल में 648 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है।

इस कंपनी की लिस्टिंग अगस्त 2025 में हुई थी। इश्यू प्राइस से अबतक कंपनी के शेयरों का भाव 190 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 675 रुपये था। बता दें, 13 अप्रैल 2026 के शेयरों का भाव 1954.20 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया।

# एनएसई का 20000 करोड़ रूपये का आईपीओ जल्द आएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का लंबे समय से इंतजार हो रहा है। एनएसई भी सेबी के पास अपने के ड्राफ्ट पेपर दाखिल करने की तैयारी में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इससे 20,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए जा सकते हैं। यह पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल होगा, यानी कंपनी को कोई नया पैसा नहीं मिलेगा। सारा फंड मौजूदा शेयरधारकों को जाएगा। अगर आप अभी ह्स्ब्र के अनलिस्टेड शेयर खरीदते हैं, तो आप इस में बेचने वालों में शामिल नहीं होंगे। केवल वही पुराने शेयरधारक बेच पाएंगे, जिनके पास जून 2025 से लगातार शेयर हैं।

खबरों के मुताबिक जून 2026 में सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर सकता है और इस साल के अंत तक आईपीओ के आने की उम्मीद है। सेबी के नियमों के अनुसार, केवल वही शेयरधारक में शेयर बेच पाएंगे, जिनके पास जून 2025 से लगातार पूरी तरह भुगतान वाले ह्स्ब्र शेयर हैं। यह नियम उन लोगों को रोकता है, जो सिर्फ फायदा उठाने के लिए आखिरी समय में अनलिस्टेड मार्केट से शेयर खरीदते हैं। इसका मतलब साफ है अगर आप अभी ह्स्ब्र के अनलिस्टेड शेयर



खरीदते हैं, तो आप में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। पात्र शेयरहोल्डर्स को भाग लेने के लिए 27 अप्रैल, 2026 तक अपनी 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' जमा करना होगा, जो शेयरधारक समय पर नहीं देंगे, वे में शेयर नहीं बेच पाएंगे।

सेबी का एक साल का नियम: सेबी के नियमों के तहत, मौजूदा शेयरधारक पेपर दाखिल करने से कम से कम एक साल पहले से लगातार शेयर होल्ड कर रहे हों, तभी वे ह्स्न्र में बेच सकते हैं। इस सेकेंडरी सेल में अपनी लगभग 4.5 प्रतिशत इक्विटी बेचने की योजना बना रहा है। 30 जून, 2025 तक 1,59,394 शेयरहोल्डर्स थे। 31 मार्च, 2025 तक 39,201 शेयरहोल्डर्स और 31 दिसंबर, 2025 तक 1,86,481 शेयरहोल्डर्स थे।

### आईपीओ के लिए किन-किन बैंकों को चुना गया

पिछले महीने ह्स्ब्र ने इस के लिए 20 बैंकों को नियुक्त किया, जो एक रिकॉर्ड है। इससे पहले प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने 18 बैंकों के साथ रिकॉर्ड बनाया था। 8 लॉ फर्मों को भी सलाहकार के तौर पर चुना है। फरवरी 2026 में ह्स्ब्र ने एक समिति बनाई और स्वतंत्र सलाहकार नियुक्त किया, जो चयन प्रक्रिया की देखरेख करेगा।

# एलपीजी और तेल ही नहीं, किसानों सामने भी खड़ी है बड़ी समस्या, सल्फर की वजह से बढ़ी टेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के प्रभावित होने की वजह से सिर्फ तेल और एलपीजी ही नहीं सल्फर की समस्या खड़ी हो सकती है। सल्फर आज के समय में फर्टीलाइजर्स, बैटरी, केमिकल्स, मेटल्स और सेमीकंडक्टर्स के लिए जरूरी है। यूरिया से कंप्यूटर चिप्स तक के लिए सलफ्यूरिक एसिड काफी जरूरी है। लेकिन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बाधित होने की वजह से फैक्टरी प्रोडक्शन धीमा और फूड की कीमतें बढ़ सकती हैं। बता दें, भारत अपनी जरूरत का बढ़ा हिस्सा खाड़ी के देशों से मंगाता है। ऐसे में सल्फर की आपूर्ति प्रभावित होने की वजह से खाद की कीमतों पर असर दिखेगा। इससे किसानों के सामने नई समस्या खड़ी हो सकती है।

**सल्फर क्यों है इतना जरूरी:** खाड़ी के देशों से दुनिया के एक्सपोर्ट का 45 प्रतिशत उत्पादन होता है। तेल और गैस रिफाइनिंग का सल्फर एक बायप्रोडक्ट है। ऐसे में तेल की आपूर्ति प्रभावित होने का सीधा



असर सल्फर पर पड़ता है। बता दें, दुनिया का 60 प्रतिशत सल्फर डिमांड सिर्फ फर्टीलाइजर्स के लिए आता है। बाकि बचा 40 प्रतिशत केमिकल्स, मेटल प्रोसेशिंग, बैटरी और चिप फाइब्रेकेशन के लिए होता है।

**भारत के लिए क्यों है चिंता की बात:** यूरिया और फॉस्फेट फर्टीलाइजर्स के लिए सल्फर बहुत जरूरी है। सल्फर की आपूर्ति प्रभावित होने की स्थिति में सरकार पर खाद की सब्सिडी बढ़ाने का दबाव होगा। वहीं, किसानों का उत्पादन खर्च बढ़ सकता है। खाद्य महंगाई में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। केमिकल और मेटल का प्रोडक्शन करने वाले लोगों की लागत बढ़ने का दबाव रहेगा।

**चीन ने भी दिखाई सख्ती:** मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए चीन ने मई से सल्फ्यूरिक एसिड के एक्सपोर्ट को रोकने का संकेत दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह 2026 सख्ती 2026 तक लगाई जा सकती है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार जब से युद्ध शुरू हुआ है तब से चीन में सल्फर की कीमतों में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस महीने की शुरुआत में केंद्र सरकार ने आने वाले खरीफ फसल के लिए न्यूट्रियन्ट आधारित सब्सिडी में करीब 12 प्रतिशत का इजाफा किया है। अगर युद्ध लम्बा खींचा तब की स्थिति में सरकार पर भी दबाव बढ़ेगा। ऐसे में सरकार के पास तब दो ही विकल्प रह जाएंगे। पहला विकल्प कीमतों को किसानों तक बढ़ा दिया जाए।

# संविधान निर्माता बाबा साहब की जयंती की रही धूम






नबिटा टीम

**धनबाद/ बोकारो/ चंदवारा (कोडरमा)।** संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कोयला नगर सामुदायिक भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल, निदेशक मानव संसाधन मुरली कृष्णा रमैया, निदेशक तकनीकी संजय कुमार सिंह, आरएस राम, राजकुमार कनौजिया, कृष्ण बल्भ पासवान, भोला कुमार सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।अपने संबोधन में सीएमडी ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को एक वैश्विक प्रेरणा बताया। उन्होंने बाबासाहेब के एजुकेट, ऑर्गनाइज, ट्रांसफॉर्म के संदेश को दोहराते हुए छात्रों से अपील की कि वे शिक्षा और शोध के माध्यम से खुद को सशक्त बनाएं और आगे चलकर समाज की सेवा करें। सीएमडी ने कहा कि बाबासाहेब का योगदान केवल सामाजिक न्याय तक सीमित नहीं था, बल्कि अर्थव्यवस्था, नीतिनिर्माण और भारतीय संविधान के निर्माण में भी उनका अहम योगदान रहा है। इस मौके पर कृष्णा बल्लभ पासवान ने अंबेडकर के जीवन और उनके कार्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब की मेहनत और शिक्षा के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने छात्रों को किताबों के महत्व को समझने और उनके विचारों को अपनाने की सलाह दी। राजकुमार कनौजिया ने अपने संबोधन में लिंग, जाति और धर्म के आधार पर समानता की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने सोच में समानता को शामिल करें, तो समाज में वास्तविक बदलाव संभव है और हमें अपने दैनिक जीवन में न्याय और समानता का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। इससे पूरा आयोजन और भी जीवंत बना गया। इससे पहले सीएमडी ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**बोकारो कार्यालय के अनुसार** बहादुरपुर स्थित 'सहयोगिनी' संस्था के कार्यालय में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती और संस्था का 25वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दोहरे अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गोमिया के पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सामाजिक क्षेत्र में संस्था के योगदान की जमकर सराहना की। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि ₹सहयोगिनी₹ संस्था बाबा साहब के दिखाए मार्ग और संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, लड़कियों और ग्रामीण वंचित वर्गों के बीच सहयोगिनी द्वारा किया जा रहा कार्य काबिले तारीफ है। बाल विवाह, बाल तस्करी, कुपोषण और हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संस्था ने झारखंड में एक सशक्त पहचान बनाई है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों ने संस्था के 25 वर्षों के सफर और जमीनी स्तर पर आए बदलावों को रेखांकित किया। कसमार प्रखंड की प्रमुख नियुक्ति दे ने बताया कि संस्था खेल और अन्य माध्यमों से किशोरियों के भीतर नेतृत्व क्षमता विकसित कर रही है। साथ ही, सरकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुँचाने में सेतु का कार्य कर रही है।

बोकारो मुख्यालय के डीएसपी अनिमेष कुमार ने पोक्सो एक्ट और सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में संस्था के प्रयासों को सराहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को रोकने में पुलिस प्रशासन हमेशा संस्था के साथ खड़ा है। संस्था की सचिव कल्याणी सागर ने जानकारी दी कि वर्तमान में 50 गांवों में किशोरियों के कौशल विकास और स्वावलंबन पर केंद्रित विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरणविद् गुलाबचंद, अमरेश कुमार महतो और सुचित्रा सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर की जीवनी और उनके संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच का कुशल संचालन कुमारी किरण और विकास कुमार गोस्वामी ने किया।

समारोह में मुख्य रूप से डॉ श्याम कुमार भारती, विजय कुमार, विनीता देवी, पुष्पा देवी, महेश्वर महतो, अमरिंदर अनुप, संजय कुमार महतो, सफरोज खान, मंजू देवी, रेखा देवी, रीता देवी, राधा कुमारी, महेश्वर महतो, रवि राय, तपन अड़ी, नीतू कुमारी, स्वाति कुमारी, पायल कुमारी, अनिल कुमार हेंब्रम, नेपाल महतो, कुमार गौरव, प्रकाश कुमार महतो, हबीब, हलीमा एजाज, शंकर रवानी, प्रीति प्रसाद, सीता कुमारी, हनी प्रसाद, प्रवीण कुमार, संजय कुमार सिंह, डॉ. प्रभात कुमार रंजन, अनुनय सागर, अभय सिंह, गौतम सागर सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दूसरी ओर भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती सेक्टर 5 स्थित अंबेडकर कॉलोनी, धोबी मोहल्ला अंबेडकर पार्क में प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अपने शताब्दी वर्ष में निर्धारित ₹पंच प्रण₹ में से एक प्रण 'सामाजिक समरसता' के तहत अपने सेवा बस्ती में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने का निर्णय लिया था। इस निमित सामाजिक समरसता मंच, बोकारो महानगर के बैनर तले मनाया जयंती मनाई गई।इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि बोकारो इस्पात संयंत्र महाप्रबंधक ऐ के सिंह, कर्नल शेखावत, महानगर कार्यवाह रतन लाल महतो, महानगर सम्पर्क प्रमुख दिनेश्वर सिंह, वीर सावरकर नगर कार्यवाह शशि जी एवं अन्य उपस्थित अतिथियों द्वारा बाबा सब के चित्र पर पुष्प और माल्यार्पण कर किया गया। महाप्रबंधक ए के सिंह ने अपने संबोधन में कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एक प्रखर शिक्षाविद, न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में हम सब उन्हें जानते हैं। वे सभी नागरिकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने में उनके अमूल्य योगदान के लिए माने जाते हैं।कर्नल शेखावत ने बाबा साहब को याद करते हुए यह संकल्प पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी कानून को मानेंगे और कानून के विरुद्ध कोई भी कार्य नहीं करेंगे यह बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ, बोकारो महानगर संपर्क प्रमुख दिनेश्वर सिंह ने बाबा साहब के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उनके शिक्षा, न्यायवादिता और समाज सुधार पर विस्तार से सभी उपस्थित जनों के बीच अपनी बात रखी। सभी से संकल्प लेने की बात की बाबा साहब जिस तरह कानून के प्रति अपनी निष्ठा बताई है इस प्रकार हम लोगों को भी अपने नागरिक कर्तव्य के के रूप में कानून का पालन करना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ, बोकारो महानगर सामाजिक समरसता प्रमुख अशोक कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि ए के वर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा स्थानीय अवध रजक, शिव प्रसाद, पारस साहनी, बच्चन रजक, लक्ष्मी देवी एवं कमलदेव बैठा को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज रजक, चन्दन साहनी, जितेन्द्र रजक, प्रमोद रजक, आशीष शर्मा मुख्य रहे। कार्यक्रम में स्थानीय अनेक महिला, पुरूष एवं बच्चों के साथ मनोज रतन पाण्डेय, प्रशांत कुमार, नीरज कुमार, नगेन्द्र पुरी उपस्थित रहे।

**चंदवारा (कोडरमा) से संवाददाता के अनुसार** चंदवारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भारत रत्न डॉ० भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा के एवं सम्मान के साथ मनाई गई। वही चंदवारा पानी टंकी,तीतरचांच अंबेडकर चौक से जुलूस निकाला गया। जुलूस पूरा भर्मण कर एक सभा में तब्दील हो गया।जहाँ एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान मुखिया प्रतिनिधि संजय दास ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब के विचार सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की सशक्त नीव है।उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही एक समरस एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है।मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल दास,तुलसी दास,मनोज दास,शंकर दास,इंद्रदेव दास,भुनेश्वर दास,सुरेंद्र दास,राजेन्द्र दास यादि लोग मौजूद थे।

# आक्रोशित छात्रों ने की तालाबंदी

## सत्र में देरी और परीक्षा में गड़बड़ी से उग्र था छात्रों का हुजूम


### खूंटी, रांची, लोहरदगा और गुमला से पहुंचे थे छात्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** कोरोना के बाद से रांची विश्वविद्यालय की व्यवस्था जो चरमराई, सुधरने का नाम नहीं ले रही है। परीक्षा में छात्रों को फेल कर दिया जा रहा है। सत्र साल-दो साल विलंब से चल रहा है। सोमवार को छात्रों का धैर्य जवाब दे दिया और खूंटी, रांची, लोहरदगा, गुमला से आए सैकड़ों छात्रों ने रांची विवि के मुख्य द्वार में तालाबंदी कर दी। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के बैनर तले सैकड़ों छात्र पहुंचे थे।

इसके बाद धीरे-धीरे संख्या बढ़ती गई और फिर विवि प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पहली बार विवि में आठ घंटे तक तालाबांदी की गई। आठ घंटे भूखे-प्यासे छात्र-छात्राएं मुख्य द्वार पर धरना देते रहे। कोई भी सक्षम पदाधिकारी मिलने नहीं आया।

कोरम पूरा करने के लिए शाम पांच बजे प्राक्टर डॉ मुकुंद चंद्र मेहता आए और छात्रों से ज्ञापन लिया और आश्वासन




दिया कि 16 को सभी पदाधिकारी रहेंगे और उनके सामने इन मांगों पर विचार किया जाएगा।

हंगामा के चलते नई कुलपति डॉ. सरोज शर्मा ने शाम पांच बजे के बाद आईक्यूएसी (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) मोरहाबादी में कुलपति का पदभार ग्रहण किया।

कांग्रेस रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा भी धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और धरना दे रहे छात्र छात्राओं से मुलाकात की।

### विवि प्रशासन के खिलाफ लोगों ने की नारेबाजी

साथ-साथ जमकर नारेबाजी भी की और सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि आपलोग की मांग जायज है।

महानगर कांग्रेस आपके साथ है और एनएसयूआइ आपलोग की मांग को लेकर आगे बढ़ रही है और जीत दिलाएगी। घेराव कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद, नसीम हुसैन, प्रदेश महासचिव, मुशर्रफ हुसैन, सैफ अहमद, प्रदेश सचिव पवन नाग, महानगर अध्यक्ष सतीश केशरी, रांची विश्विद्यालय अध्यक्ष कैफ खान सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं भी थे।

वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने रांची विश्वविद्यालय की कुलपति की नियुक्ति पर सवाल उठाया। पूर्व कार्यकाल से जुड़े आरोपों पर स्पष्टता की मांग एवं आरोप सही सिद्ध होते हैं, तो तत्काल हटाने की मांग की। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने मांग की है कि रांची विश्वविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में शीर्ष पद पर नियुक्ति से पूर्व सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच एवं स्थिति की स्पष्टता सुनिश्चित की जाए।

## वसूली करते अधिकारी धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाते हुए सरकार ने एक बड़ी कार्रवाई की है। जिले के बलथरी चेकपोस्ट पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप में गिरफ्तार किए गए प्रवर्तन अवर निरीक्षक हेमंत कुमार प्रसाद को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। परिवहन विभाग द्वारा जारी इस आदेश के बाद प्रशासनिक महकमे में यह मामला गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र स्थित बलथरी चेकपोस्ट से जुड़ा है। लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि चेकपोस्ट पर तैनात अधिकारियों द्वारा ट्रकों और अन्य वाहनों से अवैध रूप से पैसों की उगाही की जा रही है। इन शिकायतों का संज्ञान लेते हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने एक विशेष रणनीति के तहत छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान प्रवर्तन अवर निरीक्षक हेमंत कुमार प्रसाद को रंगे हाथों अवैध वसूली करते हुए पकड़ा गया था। एसपी द्वारा भेजी गई जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाईं और भ्रष्टाचार में संलिप्त रहे। इस रिपोर्ट को आधार बनाते हुए विभाग ने विभागीय जांच शुरू की थी।जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद, विभाग ने हेमंत कुमार प्रसाद की कार्यशैली को सरकारी सेवक नियमावली के विरुद्ध माना। विभाग ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त अधिकारियों के लिए विभाग में कोई जगह नहीं है। इसी के परिणामस्वरूप, उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया। हेमंत कुमार प्रसाद की बर्खास्तगी को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। प्रशासन और परिवहन विभाग ने यह साफ कर दिया है कि चेकपोस्टों पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बाबा साहब के रास्ते पर चलकर ही बनेगा समरस समाज : तारिक अनवर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कटिहार में श्रद्धा और सम्मान का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर कटिहार के सांसद तारीक अनवर ने कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी माल्यार्पण कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के बाद सांसद ने अंबेडकर चौक पर लगाए गए सेवा शिविर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद तारीक अनवर ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। उन्होंने कहा कि समाज में समानता, न्याय और भाईचारा कायम रखने के लिए हमें उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ‟बाबासाहेब के आदर्शों को अपनाकर ही एक मजबूत और समरस समाज का निर्माण संभव है। सांसद ने यह भी कहा कि आज के समय में संविधान की मूल भावना को समझना और उसे जीवन में उतारना बेहद जरूरी है, तभी समाज में सभी वर्गों के बीच संतुलन और सम्मान बना रह सकता है। वहीं कटिहार कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने भी बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि युवाओं को विशेष रूप से उनके विचारों और संघर्षों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी अगर बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलेगी, तो समाज में सकारात्मक बदलाव अवश्य आएगा। कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में बाबा साहेब के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। नेताओं ने एक स्वर में उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास, सिकंदर मंडल,बीके ठाकुर, कटिहार कांग्रेस के शहरी क्षेत्र के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, शाहनवाज खान, अंजुमन कौशर उर्फ आम्रपाली यादव,कुमार गौरव, पंकज तंबाकूवाला, राजेश रंजन मिश्रा, आनंद सिंह,मो. हसन अधिवक्ता सहित कई मौजूद रहे।

# चलाया जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई /कटिहार।** नगर पंचायत बारसोई स्थित अग्निशमन केंद्र बारसोई में समारोह पूर्वक 'राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस' मंगलवार को मनाया गया। मौके पर अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी शिवशंकर यादव की अगुवाई में सभी अग्निशमन कर्मियों ने विषम परिस्थितियों में भी आग जैसी आपदाओं पर काबू पाने का संकल्प लिया। इस दौरान 14 अप्रैल 1944 की स्मृति में वीर शहीद सभी 66 अग्निशमन कर्मियों को बारी बारी से श्रद्धांजलि दी गईं। मौके पर श्री यादव ने बताया कि 14 अप्रैल से लेकर 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। आग से बचाव के लिए जन जागरूकता अभियान चलाये जाएंगे। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल बारसोई में पहुंच कर अग्निशमन कर्मियों ने उक्त अस्पताल के स्टॉफ को अग्निशमन उपकरणों को संचालित करने के गुरु सीखलाए। अस्पताल में लगे अग्निशमन उपकारणों की बारिकी से गुणवत्ता जांची। इस दौरान अनुमंडलीय अस्पताल में मोकड्रिल के माध्यम से आग से बचाव तरीके बताये गए। मौके पर अग्निशमन अधिकारी जीतेन्द्र कुमार, देव कुमार, नीतीश कुमार, शशिरंजन कुमार, रवि प्रसाद,दीपक कुमार, राहुल पासवान, राजीव कुमार, स्वाति कुमारी, प्रियंका कुमारी, अजीत कुमार, अविनाश कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

## घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह पंचायत के ग्राम बहादुर के एक कच्चा मकान मे मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। इस आग लगी से लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार बिजली की शॉट सर्किट से अचानक धुआं निकलने लगा। घरवाले देखकर घबरा गए और हो हल्ला किया। जिसके बाद आस - पास के लोग इकट्ठा हुए और पड़ोस के मकान के छत पर चढ़ कर किसी तरह से आग को बुझाया गया तब तक सबकुछ जलकर राख हो गया।

गृहस्वामी गीता ने बताई अब हमलोग को रहने के लिए कुछ नहीं है. मेरा पति का निधन पूर्व मे हीं हो गया है। मेरा एक पुत्र का दिमागी हालत ठीक नहीं है छोटा पुत्र सरकारी स्कूल मे पढ़ाई करता है. आगे उन्होंने बताई कि पीएम आवास के लिए मुखिया को कई बार आवेदन दिए लेकिन मुझे आवास का लाभ नहीं मिला है।

# नौडीहा में निर्मित मॉडल डिग्री कॉलेज में जल्द पढ़ाई हो शुरू : कॉंग्रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** नीमचक बथनी अनुमंडल के खिजरसराय के नौडीहा गांव में 12 एकड़ भूमि पर निर्मित मॉडल डिग्री कॉलेज में इसी सत्र जुलाई 2026 से पढ़ाई शुरू कराने की मांग कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन से किया है।

आज नव निर्मित मॉडल डिग्री कॉलेज भवन के समक्ष कॉंग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए कहा कि सन 2009 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल में बिहार के बथानी अनुमंडल में मॉडल डिग्री बनाने हेतु 22 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था, जिसके बाद जमीन उपलब्ध कराने हेतु कॉंग्रेस पार्टी वर्षो संघर्ष चलाने के बाद 2022 में नौडीहा गांव में जमीन सरकार द्वारा देने के बाद 2024 से निर्माण कार्य शुरू होकर



अब पूरी तरह से बन कर तैयार है।

प्रदर्शन में उपस्थित बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, खिजरसराय प्रखंड कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नवल किशोर शर्मा, राज नंदन दास, गौतम कुमार, टिंकू गिरी, विनोद मिश्रा, अशोक सिंह, दीपक कुमार, कृष्ण सिंह, सुबोध कुमार, शिया नंद यादव, धनंजय दास माले नेता,सत्येंद्र यादव, आदि ने कहा कि मॉडल डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू होने से अनुमंडल के खिजरसराय, अतरी , बथानी, मोहरा के छात्रों को काफी सहूलियत होगी। नेताओं ने कहा कि यह मॉडल डिग्री कॉलेज जिला का बेहतरीन कॉलेज होगा, जिसमें आगे छात्रों तथा यहां के स्टाफ हेतु क्वॉर्टर, खेल मैदान सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी राज्य सरकार से किया गया ।

## सास को लेकर दामाद फरार

**गोड्डा।** झाड़ फूंक करने के बहाने सास को लेकर दामाद फरार हो गया है । ससुर ने इस संबंध में पीसीआर दर्ज किया है और पीसीआर के आधार पर थाना में मामला दर्ज किया गया है । सोमवार को अमुवार गांव के महेंद्र हेम्ब्रम के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है।

आवेदन में उल्लेख किया है कि राजपुरा गांव के रामू सोरेन जो उनका दामाद है ने उनकी बेटी को छोड़कर सास सुकूरमुनी हांसदा को बीते 14 फरवरी को झाड़ फूंक के बहाने लेकर फरार हो गया है। अभी तक वापस नहीं लाया गया है । बोलने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

दौरान पीड़ित महेंद्र ने बताया कि न्याय की मांग को लेकर पोड़ैयाहाट थाना में 25 फरवरी को शिकायत दर्ज की थी। पुलिस अधीक्षक को भी लिखित सूचना दी गई थी। इसके बावजूद आरोपित के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्य ममता कुमारी मिलकर भी शिकायत की थी।

# बाल कल्याण समिति ने लिया नवजात के स्वास्थ्य का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बाल कल्याण समिति कटिहार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी का पीठ ने मंगलवार को समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सदस्य अरुण कुमार चौबे तथा सदस्य लता कुमारी ने एसएनसीयू वार्ड, सदर अस्पताल कटिहार जाकर, नवजात शिशु के बेहतर इलाज और देखरेख का जायजा लिया। प्राणपुर थाना के अवर निरीक्षक सूर्य नारायण ऊरांव के द्वारा सदर अस्पताल कटिहार में नवजात शिशु को प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया था । नवजात शिशु प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत केहुनिया मोड़, एन. एच. 81 के पास असुरक्षित अवस्था में मिली थी । सदर अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड के ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पूनम कुमारी को अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के द्वारा नवजात शिशु का बेहतर तरीके से इलाज करने और अन्य सुविधा उपलब्ध कराने को आदेशित किया गया। डॉक्टर के द्वारा जानकारी दी




गयी कि अब नवजात शिशु का स्वास्थ्य सामान्य है और अगले कुछ दिनों में बालिका को अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा सकेगा । समिति के द्वारा नवजात शिशु की बेहतर देखरेख की आया को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि किशोर न्याय बालकों के देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 के अनुसार उक्त नवजात शिशु की जो बालिका है ,के जैविक माता-पिता का पता लगाया जाएगा.इसके लिए समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों का सहारा लिया जाएगा, साथ ही नियमानुसार राष्ट्रीय एवं अन्य समाचार पत्रों में विज्ञापन भी प्रकाशित करवाया जाएगा। जिस थाना क्षेत्र में नवजात शिशु मिली है, उस थाना से भी रिपोर्ट मांगी जायेगी ताकि नवजात शिशु के जो जैविक माता-पिता हैं,उनका पता चल सके। अगर जैविक माता-पिता का पता नहीं चलता है तो उपरोक्त कानून तथा संबंधित नियम के अनुसार समिति उपरोक्त बालिका शिशु के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेगी।

# प्रफुल्ल हिंगे ने आईपीएल में रचा इतिहास

- शोएब अख्तर समेत 8 खिलाड़ियों की बराबरी की



नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2026 के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी प्लेइंग 11 में प्रफुल्ल हिंगे को शामिल किया। प्रफुल्ल ने अपने डेब्यू मैच में ही फिर वो कमाल कर दिया और आईपीएल इतिहास में किसी भी खिलाड़ी ने नहीं किया था। यही नहीं प्रफुल्ल ने शोएब अख्तर समेत 4 खिलाड़ियों की बराबरी भी कर ली।

### प्रफुल्ल ने पहले ओवर में 3 विकेट लिए

प्रफुल्ल हिंगे ने राजस्थान के खिलाफ पारी के पहले ही ओवर में 3 विकेट झटके और आईपीएल इतिहास में बतौर डेब्यूटेंट पहले ओवर में 3 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। प्रफुल्ल ने वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को आउट कर राजस्थान को पूरी तरह से बैकफुट पर धकेल दिया। ये तीनों बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल पाए। प्रफुल्ल की गेंदबाजी का इन सभी बल्लेबाजों को पास कोई जवाब नहीं था और सबने उनके सामने सरेंडर कर दिया। प्रफुल्ल ने इस लीग में 1191 मैचों के बाद पहले ओवर में 3 विकेट लेने का कमाल किया।

**पहली पारी में 4 विकेट**

| | |
|---|---|
| 2026 | प्रफुल हिंगे |
| 2025 | अश्विनी कुमार |
| 2019 | अल्जारी जोसेफ |
| 2017 | एंड्रयू टे |
| 2015 | डेविड वाइज |
| 2012 | केवोन कूपर |
| 2011 | पॉल वाल्थाटी |
| 2009 | शादाब जकाती |
| 2008 | शोएब अख्तर |

# पिता करते थे मजदूरी, मां ने गहने बेच कर दिलाए थे जूते

- साकिब हुसैन आईपीएल में यादगार डेब्यू की दास्तां



नई दिल्ली। आईपीएल 2026 का 21वां मैच पूरी तरह से सनराइजर्स हैदराबाद के नाम रहा। इस मुकाबले में हैदराबाद की टीम ने दोनों विभाग में लगातार चार मैच जीतकर आई राजस्थान रॉयल्स की टीम को पीट दिया। इसका सबसे बड़ा श्रेय जाता है, सनराइजर्स के दो डेब्यूटेंट भारतीय तेज गेंदबाजों को। अभी तक इस सीजन बल्लेबाजी में वैभव सूर्यवंशी, मुकुल चौधरी, समीर रिजवी जैसे खिलाड़ियों ने कमाल किया था। अब गेंदबाजी में भी भारत का युवा टैलेंट सामने आ गया है। यह दो नाम हैं प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन के।

### 30 लाख में खरीदे साकिब

साकिब हुसैन का जन्म बिहार के गोपालगंज में हुआ था। यह खिलाड़ी आईपीएल में नया नहीं है लेकिन बस खेलने पहली बार उतरा। इससे पहले 2024 में केकेआर के लिए इस खिलाड़ी को स्क्वाड में जगह मिली थी। मगर कोलकाता के लिए यह खिलाड़ी खेल नहीं पाया। उसके बाद आईपीएल 2026 के ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने 30 लाख के बेस प्राइस पर 21 साल के पेसर को खरीदा। यह फैसला सही था, इसे साकिब ने अपने यादगार डेब्यू से साबित किया।

# चेन्नई के मैचों का बदला कार्यक्रम



### सीजन के बीच क्यों बदल दिए गए वेन्यू?

नई दिल्ली। आईपीएल 2026 के बीच सीजन ही चेन्नई सुपर किंग्स के दो मैचों का कार्यक्रम बदल गया है। आईपीएल द्वारा सोमवार 13 अप्रैल इसकी जानकारी देते हुए रिलीज जारी की गई है। इसके मुताबिक चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले दोनों मैचों के वेन्यू बदल दिए गए हैं। दरअसल दोनों टीमों के बीच होने वाले इस सीजन दोनों मैचों के वेन्यू में अदला-बदली हुई है।

### कौन से दो मैचों का बदला कार्यक्रम?

26 अप्रैल को गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाला दोपहर का मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना था। अब इस मैच का वेन्यू अहमदाबाद से बदलते हुए चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शिफ्ट कर दिया गया है। यह मुकाबला अब चेन्नई में दोपहर 3.30 बजे (IST) से खेला जाएगा। वहीं इन दोनों टीमों के बीच होने वाले सीजन के दूसरे मुकाबले में भी बदलाव हुआ है। यह मैच 21 मई 2026 को होना है और यह शाम 7.30 बजे से शुरू होगा।

# वैभव दे सकते है टीम इंडिया में दस्तक




बनेंगे भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

### आयरलैंड टी-20 दौरे के लिए चयन लगभग तय

नई दिल्ली। जून 2026 में भारत के आयरलैंड दौरे के लिए वैभव सूर्यवंशी के चुने जाने की संभावना है। यदि वह चुने गए तो देश का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनेंगे। इंडियन एक्सप्रेस को मिली जानकारी के अनुसार, चयनकर्ता 15 साल के इस खिलाड़ी को इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दौरे से ठीक पहले होने वाली इस छोटी T20I सीरीज में बड़ा मौका दे सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने इसकी पुष्टि की। सूत्र ने बताया, ''वह आयरलैंड दौरे के लिए दावेदारों में शामिल है और चयनकर्ताओं ने कई अन्य खिलाड़ियों के साथ उसका नाम भी शॉर्टलिस्ट किया है।''

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले सीजन दुनिया के कुछ बेहतरीन गेंदबाजों की जमकर धुनाई की थी। इस साल भी वह उसी लय में खेल रहे हैं। वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन अब तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 26 गेंदों में 78 रन, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 17 गेंदों में 52 रन और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 14 गेंदों में 39 रन बनाए हैं। वह बड़े नामों से बिल्कुल भी घबराते हुए नहीं दिखते। उन्होंने जसप्रीत बुमराह (जिन्हें पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा था) और जोश हेज़लवुड जैसे गेंदबाजों का भी पूरे आत्मविश्वास के साथ सामना किया।

### जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी चुने जा सकते हैं वैभव सूर्यवंशी

राष्ट्रीय चयनकर्ता इस युवा खिलाड़ी को भारतीय टीम में शामिल करने के लिए ज्यादा इंतजार करने के मूड में नहीं हैं, लेकिन संभावना है कि वे उसे थोड़ी कमजोर टीम के खिलाफ खेलने का मौका देंगे। अगर वैभव सूर्यवंशी का शानदार रन बनाने का सिलसिला जारी रहता है तो चयन समिति उसे आयरलैंड में होने वाली आगामी सीरीज के साथ-साथ इस साल के अंत में होने वाले जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी चुनेगी। यहां तक कि भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से कहा है कि वे देर न करें और वैभव सूर्यवंशी को तुरंत टीम में चुन लें। सचिन तेंदुलकर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष क्रिकेटर हैं। सचिन तेंदुलकर ने 1989 में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू 16 साल और 205 दिन की उम्र में किया था।

### वैभव तोड़ सकते हैं शेफाली वर्मा का रिकॉर्ड

पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों की बात करें तो शेफाली वर्मा भारत के लिए खेलने वाली सबसे कम उम्र की क्रिकेटर हैं। शेफाली ने 15 साल, सात महीने और 27 दिन की उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। अगर वैभव सूर्यवंशी आयरलैंड दौरे पर खेलते हैं तो वह शेफाली का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। भारत बनाम आयरलैंड टी20 इंटरनेशल सीरीज के दो मैच 26 और 28 जून 2026 को होने हैं। पता चला है कि IPL 2026 के खत्म होने के एक महीने से भी कम समय के भीतर होने वाली इस सीरीज के लिए दूसरी श्रेणी की टीम चुनी जाएगी। चयन समिति वैभव सूर्यवंशी और हाल के समय में अपनी छाप छोड़ने वाले अन्य खिलाड़ियों को इस सीरीज में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव देने के लिए उत्सुक है। आयरलैंड सीरीज के बाद इंग्लैंड का दौरा होगा। एक जुलाई से शुरू होने वाले इंग्लैंड दौरे पर भारत पांच T20 और तीन ODI मैच खेलेगा। इन दोनों सीरीज में कई वरिष्ठ खिलाड़ियों के लौटने की उम्मीद है। बल्लेबाजी के



अपने तरीके के बारे में बताते हुए वैभव सूर्यवंशी कह चुके हैं कि वह कभी भी अपने सामने गेंदबाज के बारे में नहीं सोचते, बल्कि उस गेंद के बारे में सोचते हैं जो उनकी तरफ आ रही होती है।

# सचिन का रिकॉर्ड क्लासेन ने तोड़ा

### आईपीएल में पहली 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-7 बैटर

हैदराबाद। हैदराबाद के बैटर हेनरिक क्लासेन आईपीएल 2026 के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अर्धशतक से चूक गए, लेकिन अपनी टीम के लिए 26 गेंदों पर 40 रन की अहम पारी खेली और इस दौरान 3 छक्के व एक चौका भी लगाया। क्लासेन ने अपनी इस पारी के दम पर सचिन तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**हेनरिक क्लासेन ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड-** क्लासेन ने राजस्थान के खिलाफ 40 रन की पारी खेली और आईपीएल की पहली 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वो छठे नंबर पर आ गए। क्लासेन ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा जो 1683 रन के साथ पहले छठे नंबर पर थे, लेकिन अब वो 7वें नंबर पर आ गए। इस लीग में पहले 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर क्रिस गेल हैं जिन्होंने 2236 रन बनाए थे जबकि दूसरे नंबर पर शॉन मार्श 1933 रन के साथ मौजूद हैं। तीसरे नंबर पर माइक हसी हैं जिन्होंने 1777 रन बनाए थे जबकि चौथे नंबर पर ऋतुराज गायकवाड़ 1771 रन बनाए हैं।



### पहली 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-7 बैटर

- 2236 रन : क्रिस गेल
- 1933 रन : शॉन मार्श
- 1777 रन : माइक हसी
- 1771 रन : ऋतुराज गायकवाड़
- 1725 रन : शेन वॉटसन
- 1704 रन : हेनरिक क्लासेन
- 1683 रन : सचिन तेंदुलकर



# 8 चौके, 6 छक्के

### इशान किशन ने 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से ठोके 91 रन

### फिर भी बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान इशान किशन ने आईपीएल 2026 के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी की और 44 गेंद पर 91 रन ठोके। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और छह छक्के लगाए और 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से रन ठोके, लेकिन इस मैच में वह शतक से चूक गए। इशान बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन 9 रन पीछे रह गए अपने शतक से। उन्होंने इस बेहतरीन पारी के बावजूद हैदराबाद के लिए एक अनचाहे रिकॉर्ड की लिस्ट में एंट्री कर ली है। इशान किशन सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 90s में आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले इस लिस्ट में तीन बार डेविड वॉर्नर और एक बार जॉनी बेयरस्टो का नाम दर्ज है।

# आईपीएल 2026 में 20 में से 20 बार 200 से ज्यादा का स्कोर



### पावरप्ले में रन वर्षा, पांच बार 20 से कम गेंदों पर अर्धशतक

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में 20 मैच हो गए हैं और आंकड़े बताते हैं कि यह अबतक का सबसे विस्फोटक बल्लेबाजी वाला सीजन रहा है। 200 का आंकड़ा आम हो गया है। 20 मैच में 20 बार 200 से ज्यादा का स्कोर बना है। इतनी आसानी से 200 रन बनने का कारण ज्यादा छक्के लगने है। आईपीएल 2026 में छक्के लगने की दर 12.24 है। यानी लगभग हर 13 गेंद पर एक छक्का लग रहा है।

बल्लेबाज पावरप्ले का ज्यादा से ज्यादा से फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। यही कारण है कि 5 बार बल्लेबाज अर्धशतक 20 से कम गेंद पर लगा चुके हैं। आईपीएल में पहली बार 20 मैचों के बाद रन रेट 10 रन प्रति ओवर तक पहुंच गया है। इससे पहले किसी सीजन में 20 मैच के बाद सबसे ज्यादा रन रेट 2025 में 9.52 था। रनरेट में इजाफे का कारण पावरप्ले में विस्फोटक बल्लेबाजी हैं।





- **अंत के ओवरों में रनरेट गिरा-** मिडिल-ओवर का रन रेट भी बढ़ा है, लेकिन 14 प्रतिशत से थोड़ा कम। अंत के ओवरों में रनरेट गिरा है। यह 10 रन प्रति ओवर से थोड़ा ज्यादा है। पिछले चार सालों में डेथ ओवर और पावरप्ले के बीच रन रेट में अंतर कम से कम दो रन प्रति ओवर था। इस साल यह घटकर आधा रन प्रति ओवर रह गया है। 2022 में डेथ ओवर्स में रन रेट 11.57 था। 2026 में यह 10.44 है। 2024 में 11.54, 2023 में 11.2 और 2025 में 11.39 था।
- **200 से ज्यादा का स्कोर 5 बार हासिल-** बल्लेबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कितनी आसानी से 200 से ज्यादा का लक्ष्य हासिल किया गया है। पिछले साल पहले 20 मैच में 11 बार 200 से ज्यादा का स्कोर बना था। इस बार 20 बार 200 से ज्यादा का स्कोर बना है। पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने 18 पारी में 11 बार इसे हासिल किया है। इससे भी ज्यादा खास बात यह है कि बाद में बैटिंग करने वाली टीमों के लिए लक्ष्य तक पहुंचना काफी नॉर्मल हो गया है।

### 10 रन प्रति ओवर

### आईपीएल इतिहास में पहली बार

आईपीएल 2026 में पहले 20 मैचों के बाद रन रेट 10.00 रन प्रति ओवर तक पहुंचा है। यह किसी भी सीजन में 20 मैच के बाद का अबतक का सर्वोच्च रन रेट है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2025 का था, जब रन रेट 9.52 था। पावरप्ले में विस्फोटक बल्लेबाजी इस बदलाव की सबसे बड़ी वजह है।

**पांच बार 20 से कम गेंदों पर अर्धशतक-** आईपीएल 2026 में बल्लेबाज काफी तेजी से अर्धशतक तक पहुंच रहे हैं। अबतक 48 पचासे लगे हैं। पांच अर्धशतक 20 से कम गेंदों पर लग गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आई-पैक निदेशक विनेश चंदेल को 10 दिन की ईडी हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने बंगाल



विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आई-पैक के सह-संस्थापक और निदेशक विनेश चंदेल को मनी लांड्रिंग मामले में 10 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने चंदेल को सोमवार देर शाम पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया और रात में ही पीएमएलए कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 10 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया। यह कार्रवाई कोयला घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में की गई है। जांच एजेंसी के अनुसार, यह मामला सीबीआइ की नवंबर 2020 की प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें बंगाल के आसनसोल क्षेत्र में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों से जुड़े करोड़ों रुपये के कोयला चोरी और तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ था। ईडी का दावा है कि इस नेटवर्क से जुड़े एक हवाला ऑपरेटर ने आई-पैक की कंपनी इंडियन पीएसी कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड को करोड़ों रुपये ट्रांसफर किए।

### दिल्ली-एनसीआर में गर्मी का 'वार्म-अप' शुरू, तापमान 36 डिग्री के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर साफ आसमान और दिन भर धूप खिले रहने से गर्मी का एहसास और तापमान दोनों में ही वृद्धि देखने को मिल रही है। सोमवार को यह 36 डिग्री पार कर गया। इसी सप्ताहांत तक इसके 40 डिग्री पार हो जाने की संभावना है। उधर दिल्ली की वायु गुणवत्ता ''मध्यम'' श्रेणी में बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य स्तर पर 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.3



डिग्री कम 17.7 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 73 से 30 प्रतिशत रिकार्ड हुआ। 37 डिग्री तापमान के साथ रिज क्षेत्र दिल्ली का सबसे गर्म इलाका रहा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आज यानी मंगलवार को आसमान साफ रहेगा। धूप भी निकली रहेगी। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 38 और 19 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली की वायु गुणवत्ता ''मध्यम'' श्रेणी में बनी रही और पिछले 24 घंटों का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 149 रिकार्ड किया गया।

### दिल्ली में संपत्ति विवाद में नियमों की अनदेखी

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** संपत्ति विवाद में एक पक्ष को नियमों की अनदेखी करते हुए हिरासत में रखने के मामले में चितरंजन पार्क थाने की महिला एसएचओ को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक संपत्ति से संबंधित विवाद के मामले में एक पक्ष को गलत तरीके से हिरासत में लेने की शिकायत मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने यह कदम उठाया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र में संपत्ति को लेकर दो पक्षों में लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसे लेकर पुलिस दोनों पक्षों को थाने लाई थी। आरोप है कि एसएचओ ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के खिलाफ कलंदरा (धारा 107/151) काटकर उन्हें बंद कर दिया। बाद में रिहा होने पर पीड़ित पक्ष ने वरिष्ठ अधिकारियों से इस पूरे मामले और एसएचओ की भूमिका की शिकायत की।

# केजरीवाल की जज को हटाने की मांग पर सीबीआई का कड़ा विरोध

## कहा- गलत मिसाल कायम होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मामले की सुनवाई से जज को खुद अलग करने की मांग वाली पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित अन्य की अर्जियों का पुरजोर विरोध करते हुए केंद्रीय जाचं एजेंसी (सीबीआई) ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा कि इन अर्जियों को स्वीकार करना एक गलत मिसाल कायम करेगा।

सीबीआई की तरफ से पेश हुए सालिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ के समक्ष तर्क दिया कि अर्जियों को स्वीकार करने के आधार पर भविष्य में कोई पक्षकार सिर्फ अंदाजा, अटकलों और बेवजह की आशंकाओं के आधार पर पीठ की छवि खराब करते हुए अपनी पसंद की पीठ को चुन सकेगा। एसजी ने पूछा कि अगर जज खुद को सुनवाई से अलग करना शुरू कर देंगे, तो क्या इस देश में कोई भी जज निष्पक्ष होकर निर्णय कर पाएगा? सीबीआई को मामले में पक्षकार नहीं बनाने के लिए केजरीवाल के तर्क का जवाब देते हुए एसजी तुषार मेहता ने तर्क दिया कि यह मांग गलत है। उन्होंने कहा कि सीबीआइ को न सिर्फ ऐसी अर्जियों का विरोध करने का अधिकार है, बल्कि पीठ का भी यह दायित्व है कि अदालत पर किसी तरह का दबाव बनाने वाले किसी भी ऐसे कदम को रोके। एसजी ने अदालत से इस तरह के मामले से सख्ती से निपटने का अनुरोध किया। पूर्व में न्यायमूर्ति शर्मा द्वारा दिए गए आदेशों पर एसजी ने कहा कि मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम की धारा-19 के अनुसार




अदालत के लिए गिरफ्तारी की आवश्यकता के संबंध में ऐसी प्रारंभिक टिप्पणियां करना अनिवार्य था।एसजी ने यह भी बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को मंजूरी देने वाले हाई कोर्ट के फैसले को रद नहीं किया है (यह मामला केवल केजरीवाल को अंतरिम जमानत देते हुए एक बड़ी पीठ को भेजा गया है)। उन्होंने तर्क दिया कि केजरीवाल ने इस पहलू को छिपाया और अदालत को गुमराह किया। वहीं, मनीष सिसोदिया को लंबी कैद के कारण शीर्ष अदालत ने जमानत दी थी। सीबीआइ अपील याचिका पर हाई कोर्ट द्वारा एकतरफा आदेश देने पर केजरीवाल की आपत्ति का जवाब देते हुए एसजी ने कहा कि आरोपितों को अग्रिम प्रतियां दी गई थीं, लेकिन वे अदालत में पेश नहीं हुए। एसजी ने कहा कि अदालत आरोपमुक्त करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर नौ मार्च को रोक लगा सकती थी, लेकिन न तो इसके लिए प्रार्थना की गई और न ही अदालत ने इस पर विचार किया। अंतरिम आदेश इस प्रकृति का है कि इससे उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचता। मेहता ने कहा कि एक आशंकित व्यक्ति किसी भी चीज की आशंका जता सकता है। न्यायमूर्ति शर्मा के अधिवक्ता परिषद के कार्यक्रमों में शामिल होने के केजरीवाल के आरोप पर एसजी ने कहा कि इस मामले पर मेरा नजरिया बहुत गंभीर है। पक्षकारों के राजनीतिक विचार कुछ भी हो सकते हैं। लेकिन अधिवक्ता परिषद एक बार एसोसिएशन है।एसजी ने कहा कि असली सवाल यह है कि अगर किसी जज को बार एसोसिएशन द्वारा कानून के विषय पर बोलने के लिए बुलाया जाता है।

## 2027 का अनुमान 2026 में ही पार

# दिल्ली में कूड़े का विस्फोट: ऑनलाइन फूड डिलीवरी और पैकेजिंग से बढ़ा बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में कूड़ा उत्पन्न होने की मात्रा इतनी तेजी से



बढ़ रही है कि 2027 में उत्पन्न होने वाले कूड़े की मात्रा 2026 में ही पहुंच गई है। एमसीडी की दिल्ली सरकार को सौंपी गई ताजा रिपोर्ट के अनुसार राजधानी दिल्ली में कूड़ा उत्पन्न होने की मात्रा 11300 मीट्रिक टन प्रतिदिन की अपेक्षा में 12847 मीट्रिक टन प्रतिदिन हो गई है। जबकि एमसीडी ने पूर्व में अनुमान लगाया था कि वर्ष 2027 दिल्ली में कूड़ा उत्पन्न होने की मात्रा 12803 होगी। यानि तय अनुमान से ज्यादा ही कूड़ा उत्पन्न दिल्ली में होने लगा है।

### ऑनलाइन फूड डिलीवरी को ठहराया जिम्मेदार

एमसीडी के अधिकारी इसके लिए तेजी से बढ़ते आनलाइन फूड डिलीवरी और वस्तु पैकेजिंग को इसके लिए जिम्मेदार मानते हैं। साथ ही दिल्ली में बढ़ती आबादी भी इसके लिए जिम्मेदार है। हालांकि हाल ही में एमसीडी द्वारा चलाए गए विशेष सफाई अभियानों का भी यह असर माना जा रहा है। जिसकी वजह से दिल्ली में 1500 मीट्रिक टन अतिरिक्त कूड़ा उत्पन्न होने लगा है। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एमसीडी ने खासतौर पर रेलवे ट्रेक के आस-पास जमे कचरे को साफ करने का अभियान चलाया। इसके अलावा एमसीडी और डीडीए के इलाकों में खाली प्लाट में भी जमा कूड़े को अभियान चलाकर साफ किया गया। राजधानी दिल्ली में 103 किलोमीटर रेलवे के ट्रेक है। जहां से 18 हजार मीट्रिक टन कूड़ा एमसीडी ने साफ किया है। जिसकी वजह से कूड़ा उत्पन्न होने की मात्रा बढ़ गई है। अधिकारी ने बताया कि एक अध्ययन में यह बात सामने आई थी कि 2004 तक दिल्ली में जहां प्रति व्यक्ति 500 ग्राम कूड़ा उत्पन्न होता था वह 2014 में बढ़कर 600 ग्राम हो गया है।साथ ही आनलाइन डिलवरी के बढ़ते प्रचलन की वजह से इसकी मात्रा अब 650 से 700 ग्राम प्रति व्यक्ति होने की संभावना है।

## ईवी पालिसी 2.0 के साये में खतरा: इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियां बन रहीं 'टाइम बम', ई-वेस्ट का संकट गहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने अपनी नई ईवी नीति 2.0 में ई वाहनों को बढ़ावा देने की खुलकर वकालत की है। निस्संदेह ई वाहन प्रदूषण मुक्त परिवहन का बड़ा जरिया बनकर उभरे हैं, लेकिन दूसरी ओर इनकी पुरानी बैटरियों का असुरक्षित निस्तारण पर्यावरण और जन-स्वास्थ्य के लिए एक ''टाइम बम'' साबित हो रहा है।



हालिया आंकड़ों और धरातल की स्थिति से पता चलता है कि ई-वाहनों के फायदे अब इसके पीछे छूट रहे ''लेड'' (सीसा) और ''एसिड'' के प्रदूषण के नीचे दबते जा रहे हैं। अगर सिर्फ ई रिक्शा की ही बात करें तो एक ई-रिक्शा औसतन चार लेड-एसिड बैटरियों पर चलता है। प्रत्येक बैटरी में लगभग 20 किलो लेड और 10 किलो सल्फ्यूरिक एसिड होता है। इन बैटरियों का औसत जीवनकाल मात्र सात से आठ माह होता है। इसका अर्थ है कि हर वर्ष लाखों की संख्या में नई बैटरियों की जरूरत पड़ती है। उतनी ही मात्रा में पुरानी बैटरियां कचरे में तब्दील हो जाती हैं। नीतिगत स्तर पर केंद्र सरकार ने बैटरी वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2022 लागू किया है, इसके तहत विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) तय की गई है। मतलब पुरानी बैटरी को वापस उत्पादक तक पहुंचना चाहिए। लेकिन हकीकत इसके उलट है। भारत में करीब 70 प्रतिशत बैटरियां अनुचित और अवैध तरीके से रीसाइकिल की जा रही हैं। वर्ष 2022 में देश में करीब एक लाख टन बैटरी कचरा पैदा हुआ, जिसका बड़ा हिस्सा असंगठित कारखानों में जा रहा है। गुजरात में ज्यादातर ई कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। कर्नाटक दूसरे, उत्तराखंड तीसरे, तेलंगाना चौथे और तमिलनाडु पांचवें नंबर पर है। दिल्ली में सालाना करीब दो लाख टन तक ई कचरा निकलता है, लेकिन 95 प्रतिशत से अधिक कचरे का निस्तारण ही नहीं हो पाता। हैरत की बात यह भी कि देश में उत्पन्न कुल ई कचरे में भी पांच प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी दिल्ली की होती है। एनसीआर में भी ई-कचरे के निस्तारण की कहीं कोई व्यवस्था नहीं है।

# महिला आरक्षण पर राजी, फिर किस बात की परेशानी

## सोनिया गांधी समेत विपक्ष क्या बोला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन के लिए 16 अप्रैल से तीन दिन का विशेष सत्र आयोजित होना है। इस दौरान संशोधन विधेयकों को मंजूरी दिलाने की सरकार कोशिश करेगी। इसके तहत महिला आरक्षण को 2029 के आम चुनाव से ही लागू किया जाएगा और उसके लिए लोकसभा सीटों का परिसीमन होगा। यही नहीं राज्यों की विधानसभाओं में भी यह आरक्षण लागू होगा और उसके लिए भी विधानसभा की सीटें नए सिरे से तय होंगी। प्रस्तावित विधेयक में कहा गया है कि लोकसभा एवं विधानसभा की सीटों में 50 फीसदी का इजाफा किया जाएगा। विपक्ष की ओर से महिला आरक्षण को लेकर सैद्धांतिक समर्थन दिखता है। फिर भी विरोध के सुर हैं। ये विरोध के स्वर महिला आरक्षण के खिलाफ तो नहीं दिखते, लेकिन परिसीमन को लेकर कई दलों को आपत्ति है। कांग्रेस की सीनियर नेता सोनिया गांधी का कहना है कि नई जनगणना जो जारी है, उसके समापन होने के बाद ही इसे लागू किया जाए। उनका कहना है कि यदि तब तक के लिए महिला



आरक्षण को रोक ही लिया जाए तो कौन सा आसमान फट पड़ेगा? परिसीमन को लेकर उनका कहना है कि इससे कई राज्यों पर असर पड़ेगा। सरकार को यह गारंटी देनी चाहिए कि किसी भी राज्य के सीटों के अनुपात में अंतर नहीं आएगा। हालांकि यहां बता दें कि सरकार कह चुकी है कि 2011 की जनगणना के अनुपात में ही सीटें बढ़ेंगी। इसका अर्थ है कि यदि यूपी में 80 सीटें हैं तो 120 हो जाएंगी और महाराष्ट्र में 48 से 72 और बिहार में 40 से 60 का आंकड़ा हो जाएगा। फिर भी सीपीएम की नेता बृंदा करात समेत कई विपक्षी नेताओं का कहना है कि परिसीमन वाली बात ही गलत है। उनकी मांग है कि राज्यसभा में 2010 में जो महिला आरक्षण विधेयक आया था, उसे लागू किया जाए। उसमें परिसीमन का कोई प्रस्ताव नहीं था। उससे सभी राज्यों के हितों को बचाया जा सकेगा। वहीं सोनिया गांधी की एक और दलील है कि यदि विधानसभा चुनाव संपन्न हो जाए और उसके बाद यह विधेयक आएं तो क्या आपत्ति है। उनका कहना है कि 29 अप्रैल को बंगाल में वोटिंग के बाद सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। उसमें प्रस्ताव रखा जाए और विपक्ष की भी राय लेकर सदन बुलाया जाए।

# भारतीय इंजीनियर को माइक्रोसॉफ्ट में मिली नौकरी, कहानी हुई वायरल

## 850 रिजेक्शन के बाद भी नहीं मानी हार

**डबिन, एजेंसी।** भारतीय इंजीनियर दीर्घ कटारिया की सफलता की कहानी इन दिनों इंटरनेट पर छाई हुई है। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट आयरलैंड में एक ऊंचा पद हासिल किया है। हालांकि, यह मुकाम पाना उनके लिए बिल्कुल आसान नहीं था। इस सफलता के पीछे डेढ़ साल का लंबा संघर्ष और सैकड़ों बार मिली निराशा छिपी है। दीर्घ ने इंस्टाग्राम पर अपनी आपबीती साझा की है। उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ साल में उन्होंने 850 से ज्यादा नौकरियों के लिए आवेदन किया था। इस दौरान उन्हें केवल 13 इंटरव्यू देने का मौका मिला। उन्होंने एक अप्रैल को माइक्रोसॉफ्ट जॉइन किया। दीर्घ ने लिखा कि उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि यह हकीकत है



या कोई मजाक। अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि यह समय बहुत तनावपूर्ण था। कई रातें उन्होंने बिना सोए गुजारीं। एक विदेशी देश में अकेले रहने का डर और वीजा की समस्याओं ने उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया था। उस समय बाजार की स्थिति भी बहुत खराब थी और उन्हें हर कदम पर खुद पर शक होने लगा था। दीर्घ पिछले डेढ़ साल से सोशल मीडिया से पूरी तरह दूर थे। उन्होंने इसकी वजह बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर लोग अक्सर झूठ बोलते हैं। वहां कोई भी अपनी असलियत या संघर्ष नहीं दिखाता। उन्होंने कहा कि इंटरनेट की दुनिया दिखावटी है, इसलिए उन्होंने खुद को इससे अलग कर लिया था।

अपनी पोस्ट के जरिए उन्होंने उन लोगों को संदेश दिया है जो जीवन में संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही कोई आपका संघर्ष न देख रहा हो, लेकिन मेहनत कभी बेकार नहीं जाती।

## ● रूस से बातचीत में और क्या कहा?

# खतरनाक नतीजे होंगे: होर्मुज में नाकेबंदी को ईरान ने बताया उकसावे की कार्रवाई

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिकी अधिकारी तेहरान और वॉशिंगटन के बीच युद्धविराम समाप्त होने से पहले ईरानी अधिकारियों के साथ एक और व्यक्तिगत बैठक आयोजित करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। अधिकारी संभावित तारीखों और स्थानों की समीक्षा कर रहे हैं, जो आने वाले दिनों में ईरान और क्षेत्रीय मध्यस्थों के साथ चल रही बातचीत की प्रगति पर निर्भर करेगा। अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान अराघची ने अमेरिका की उकसावे वाली कार्रवाइयों को वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए खतरनाक नतीजे देने वाला बताया। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका-ईरान के बीच हाल ही में



इस्लामाबाद में शांति वार्ता हुई थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के अनुसार अराघची ने युद्धविराम के एलान और उसके बाद इस्लामाबाद में हुई ईरान-अमेरिका शांति वार्ता (11-12 अप्रैल) के बाद की क्षेत्रीय घटनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी उकसावे वाली कार्रवाइयों के क्षेत्रीय और वैश्विक शांति-सुरक्षा के लिए खतरनाक परिणाम हो सकते हैं।

# जंग के बीच पोप पर रार क्यों?

## ट्रंप ने माफी मांगने से किया इनकार, ईरानी संसद के स्पीकर ने साहस की सराहना की


**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पोप लियो के बीच तीखी बयानबाजी ने अमेरिका और वेटिकन के रिश्तों में असामान्य तनाव पैदा कर दिया है। ट्रंप ने सोमवार को साफ तौर पर कहा कि वह पोप से माफी नहीं मांगेंगे और उनके विचारों को गलत बताया।

व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि मैं पोप लियो से माफी नहीं मांगूंगा। वह अपराध और कई मुद्दों पर बहुत कमजोर हैं। उन्होंने ईरान के मुद्दे पर भी पोप की आलोचना करते हुए कहा कि ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनने दिया जा सकता। यह विवाद तब और बढ़ गया जब ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लंबा पोस्ट लिखकर पोप लियो पर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि अगर वह राष्ट्रपति नहीं बने होते तो पोप की नियुक्ति ही नहीं होती। ट्रंप ने पोप को अपराध पर कमजोर और विदेश नीति के लिए खराब बताते हुए उनकी शांति और संवाद की अपीलों की आलोचना की। ट्रंप ने अपने प्रशासन की उपलब्धियों का बचाव करते हुए कहा कि अमेरिका में अपराध दर कम हुई है और आर्थिक स्थिति बेहतर है। उन्होंने पोप को सलाह दी कि वह एक महान पोप बनने पर ध्यान दें, न कि राजनीति में हस्तक्षेप करें। दूसरी ओर, पोप लियो [illegible] ने इस विवाद में सीधे टकराव से बचने का संकेत दिया। अल्जीरिया की यात्रा के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं राजनेता नहीं हूं और डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहस में पड़ने का मेरा कोई इरादा नहीं है। पोप ने शांति और संवाद पर जोर देते हुए कहा कि दुनिया को युद्ध से दूर रहना चाहिए और वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर कलीबाफ ने पोप लियो के युद्ध और हिंसा के खिलाफ दिए गए।

# इस्राइल-लेबनान वार्ता में शामिल होंगे रुबियो

## रूस बोला- शांति वार्ता में मदद करने के लिए तैयार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में तनाव अब कूटनीति की सीमाएं लांघकर शक्ति, प्रतिष्ठा और टकराव की खुली जंग में बदलता दिख रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद हालात और ज्यादा पेचीदा हो गए हैं। एक ओर डोनाल्ड ट्रंप दावा कर रहे हैं कि ईरान समझौते के लिए दबाव में है, तो दूसरी ओर ईरान परमाणु मुद्दे पर अपनी शर्तों से पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। इस्राइल और लेबनान के बीच वॉशिंगटन में होने वाली वार्ता पर भी नजरें टिकी हुई है, जिसमें अमेरिका मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में पूरा क्षेत्र एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां शांति की उम्मीदें और युद्ध की आशंकाएं दोनों साथ-साथ तेज हो रही हैं और आने वाले दिन स्थिति को और विस्फोटक बना सकते हैं। इस्राइल की ओर से किए गए हवाई हमलों में लेबनान के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक अस्पताल को नुकसान पहुंचा है। यह घटना तेबनिन सरकारी अस्पताल में हुई, जहां हमले के बाद भारी तबाही देखी गई। मीडिया रिपोर्ट्स और वीडियो फुटेज के अनुसार अस्पताल



के अंदर गलियारों में मिट्टी, कांच के टुकड़े और मलबा फैल गया। कई कमरों में मेडिकल उपकरण भी पलट गए और क्षतिग्रस्त हो गए। अस्पताल के बाहर खड़ी कुछ गाड़ियां भी गिरते मलबे की वजह से टूट गईं। स्थानीय समाचार एजेंसी एनएनए ने बताया कि इस हमले में कुछ लोग घायल हुए हैं और हताहत होने की भी खबर है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री पहुंचे हैं, जहां भारत और जर्मनी के बीच विदेश मंत्रालय स्तर की बैठक होगी। यह दौरा जनवरी 2026 में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के भारत दौरे के बाद हो रहा है।

**रूस और ईरान के विदेश मंत्रियों की बातचीत:** रूस के विदेश मंत्री सर्जियो लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात की। इस बातचीत में रूस ने कहा कि क्षेत्र में फिर से युद्ध जैसी स्थिति नहीं बननी चाहिए। रूस ने यह भी साफ किया कि वह इस संकट को शांति से सुलझाने में पूरी मदद करने के लिए तैयार है। अमेरिका में इस्राइल और लेबनान के बीच अहम बातचीत होने जा रही है। इसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी शामिल होंगे। इस बैठक का मकसद इस्राइल की उत्तरी सीमा पर सुरक्षा सुनिश्चित करना और लेबनान को अपने देश पर पूरा नियंत्रण वापस दिलाने में मदद करना है। अमेरिका का कहना है कि यह संघर्ष लेबनान से नहीं, बल्कि हिजबुल्ला से है, इसलिए बातचीत जरूरी है। वहीं, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे शांति समझौते के लिए तैयार हैं, लेकिन ईरान और उसके समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# बोकारो बार एसोसिएशन द्वारा अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित, डीसी हुए शामिल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो बार एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा, सीजीएम श्री मनोरंजन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन**

इस दौरान उपस्थित उपायुक्त अजय नाथ झा, सीजीएम मनोरंजन कुमार समेत अन्य अतिथियों ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर एनडीसी प्रभाष दत्ता, डीएलएओ द्वारिका बैठा, डीएसओ शालिनी खालको, डीटीओ मारूति मिंज, डीपीआरओ रवि कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, एसोसिएशन के अध्यक्षझ्रसचिव सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**लोकतंत्र की मजबूती पर उपायुक्त का जोर**

## कहाः लोकतंत्र की मजबूती के लिए संवैधानिक जागरूकता हेतु करें काम





अपने संबोधन में उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी को बाबा साहेब की जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग निर्धारित मार्ग पर चलते हैं, जबकि कुछ का दृष्टिकोण व्यापक होता है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान आए अंतराल का उद्देश्य समाज को तैयार करना था, ताकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देशहित में सभी एकजुट होकर आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि लगभग 80 वर्षों में भारत में लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत हुई हैं, जबकि कई देशों में लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत परिस्थितियां देखने को मिलीं। भारत में समानता और अधिकारों की रक्षा संविधान के माध्यम से सुनिश्चित की गई है।

**संवैधानिक जागरूकता बढ़ाने पर दिया बल**

उपायुक्त ने कहा कि लोगों को अपने अधिकारों और कानूनी जानकारी के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने इस दिशा में सकारात्मक और प्रभावी पहल करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा अधिवक्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका - तीनों लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ हैं।

**अगले वर्ष बड़े आयोजन की कहीं बात**

उपायुक्त ने बोकारो बार एसोसिएशन से अपेक्षा जताई कि अगले वर्ष बाबा साहेब के विचारों पर आधारित संगोष्ठी, वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए, ताकि बोकारो जिला संवैधानिक चर्चा का अगुवाई कर सके।

**सीजीएम ने जिम्मेदारियों के निर्वहन पर दिया बल**

मौके पर सीजीएम मनोरंजन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि केवल बाबा साहेब की जयंती मनाने से उनके प्रति हमारा दायित्व पूरा नहीं होता। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संघर्ष के माध्यम से व्यवस्था परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज की मूल समस्याओं को समझकर संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि आज देश उसी संविधान के तहत निरंतर प्रगति कर रहा है। ऐसे में सभी को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री बासुदेव गोस्वामी, सचिव श्री दिनेश शर्मा आदि ने भी अपना वक्तव्य रखा।

# भावी भारत के लिए आप सबों को तैयार होना है, आप सब भारत के भविष्यः उपायुक्त

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, चास में मनाई गई डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भविष्य को गढ़ा जा रहा है, अप सबको भावी भारत के लिए तैयार होना है। आप सबों का जन्म इसलिए नहीं हुआ है कि आप बड़े हो और आपकी शादी हो जाएं और आप घर का चूल्हा - चौका करें। आप भारत के भविष्य है। समाज के लिए झ भारत के लिए बहुत कुछ करना है। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह मंगलवार को बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

**डॉ. अंबेडकर से प्रेरणा लेने की अपील**

उन्होंने कहा कि भारत के निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व समर्पित किया, उन बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर से हमें सीख लेनी चाहिए। उन्होंने केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए शिक्षा प्राप्त की और अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, ऊँच-नीच और भेदभाव को समाप्त करने का कार्य किया तथा सामाजिक न्याय पर आधारित समाज की स्थापना का सपना देखा और उसे साकार किया।

**इतिहास और संविधान की दी जानकारी**

उपायुक्त ने 26 जनवरी के महत्व, रावी नदी के तट पर पूर्ण स्वराज के ऐतिहासिक संकल्प तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए दिए गए हजारों-लाखों बलिदानों के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है और संविधान ह्यहम भारत के लोगह्ण की भावना को मजबूत करता है।

**समानता और संघर्ष का दिया संदेश**

कार्यक्रम में बतौर अतिथि उपस्थित उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सहबाज अख्तर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा और संघर्ष के बल पर समाज में समानता और न्याय की नींव रखी। वे भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे और सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने जातिवाद और छुआछूत जैसी बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने की आवश्यकता पर बल दिया और शिक्षित बनो- संगठित रहो- संघर्ष करो के संदेश को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही, इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

**उपायुक्त ने उपस्थित सबों को दिलाई शपथ**

मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने बाबा साहेब की जयंती पर सबको शपथ दिलाई। कहा कि मैं/हम सत्यनिष्ठा से यह शपथ लेते हैं कि - मैं, भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ. बी. आर. अंबेडकर द्वारा स्थापित स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों का सदैव सम्मान करेंगे। मैं, समाज में व्याप्त सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे तथा प्रत्येक नागरिक के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने में अपना योगदान देंगे। मैं, बाबासाहेब के इस महान मंत्र - शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो - को अपने जीवन में अपनाएँगे तथा शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने के लिए समर्पित रहेंगे। मैं, देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। मैं, एक समावेशी, न्यायपूर्ण एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान और सशक्तिकरण हेतु सदैव तत्पर रहूंगा। जिसका सभी ने दोहराव किया। उधर, कार्यक्रम की शुरूआत में सभी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### आम आदमी पार्टी ने किया बाबा साहब को याद

**संविधान की रक्षा का लिया संकल्प**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम आदमी पार्टी बोकारो जिला की ओर से बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर स्थानीय सेक्टर चार स्थित डा अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण और



पुष्पार्पण कर उन्हें याद किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने इस अवसर पर बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश, जोनल पर्यवेक्षक विधान चंद्र राय, जिला प्रभारी अरविंद विकाश, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, अशोक कुमार, मंजुला देवी, सतीश गुप्ता, शंभु कुमार, भगवान सिंह कुशवाहा, अनंत कुमार पांडेय, राहुल विश्वकर्मा, एस के झा, किशोर साव सहित अन्य उपस्थित थे। मौके पर अपने विचार रखते हुए आप झारखंड के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी राकेश ने कहा कि आज बाबा साहब के आदर्शों पर चलना हम सब की जिम्मेवारी है। जिस तरह से देश भर में सत्ताधारी शक्तियां सभी संवैधानिक संस्थानों पर हमला कर रहीं हैं, संविधान को खत्म कर देना चाहती हैं, उनके खिलाफ एकजुट होना जरूरी है। जोनल पर्यवेक्षक श्री राय ने कहा कि बाबा साहब के आदर्शों को अपनाकर समाज में व्यापक बदलाव लाया जा सकता है। जिला प्रभारी श्री विकाश ने कहा कि डा अम्बेडकर ने शिक्षित होकर संघर्ष करने का संदेश दिया था। आज भी उनके विचार प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

### पूर्वा एक्सप्रेस से गिरकर पति-पत्नी घायल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिल्ली से हावड़ा जाने वाली ट्रेन पूर्वा एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक दंपत्ति के साथ मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। घटना डोकरा हॉल्ट से कुछ दूरी पर पोल संख्या 226/18 के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दोनों पति-पत्नी जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे और वॉशरूम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक पति का संतुलन बिगड़ गया और वे गिरने लगे। पति को गिरता देख पत्नी ने तुरंत उन्हें संभालने की कोशिश की, लेकिन इसी क्रम में वह भी संतुलन खो बैठी और दोनों चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़े। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके शरीर में कई जगह गहरी चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे कंट्रोल रूम सक्रिय हुआ, जिसके बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षा बलों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को घटनास्थल से उठाकर एंबुलेंस के माध्यम से धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर करने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल दोनों की पहचान नहीं हो सकी है और वे किस स्थान के रहने वाले हैं, इसकी जानकारी भी नहीं मिल पाई है। आरपीएफ और जीआरपी मामले की जांच में जुटी हुई है और घायलों के परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# छात्राओं के बीच पहुंचे उपायुक्त, साथ भोजन कर बढ़ाया मनोबल

## देश के लिए जीने का लें संकल्प, छात्राओं को दिखाई सफलता की राह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को चास स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में उपायुक्त अजय नाथ झा समेत अन्य पदाधिकारियों ने छात्राओं के साथ भोजन किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनके अनुभव, पढ़ाई और दैनिक जीवन से जुड़ी बातों को जाना।



**विद्यालय जीवन की यादें साझा कर किया प्रेरित**

उपायुक्त ने अपने विद्यालय जीवन की एक रोचक घटना साझा करते हुए बताया कि उनके स्कूल में एक बार मुख्यमंत्री का आगमन हुआ था। उस दौरान जब मा. मुख्यमंत्री ने उनसे किसी असुविधा के बारे में पूछा, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा था कि यहां एक ही असुविधा है कि यहां ज्यादा सुविधाएं हैं। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने छात्राओं को बताया कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, संकल्प और मेहनत ही सफलता की कुंजी है।

**विद्यालय के दिनों को याद कर दिया संदेश**

उन्होंने बताया कि उनके समय में बिजली की सुविधा नहीं होती थी और वे अन्य छात्रों के साथ बारी-बारी से मोमबत्ती जलाकर पढ़ाई किया करते थे। आज के समय में उपलब्ध सुविधाओं को अवसर बताते हुए उन्होंने छात्राओं को अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने और जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने का संदेश दिया।

**देश के लिए कुछ करने का दिलाया संकल्प**

उपायुक्त ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे संकल्प लें कि उन्हें केवल अपने लिए नहीं, बल्कि देश के लिए भी जीना है। उन्होंने कहा कि आप सभी में असीम संभावनाएं हैं, जिन्हें सही दिशा में प्रयास कर साकार किया जा सकता है। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय की बाल संसद के सदस्यों से बातचीत की और उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारियों की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

**शिक्षिकाओं से भी किया संवाद, सुनी बात**

उपायुक्त ने विद्यालय की शिक्षिकाओं से भी संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित मुद्दों के समाधान हेतु आवश्यक पहल का आश्वासन दिया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर 3 सी के प्रांगण में भारतीय संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा कक्षा अष्टम की छात्रा पूनम दुबे ने मनमोहक गीत एवं कक्षा दसवीं की छात्रा अनन्या चौहान ने नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं वही कक्षा अष्टम के अमृत ,प्रेरणा, सत्यम, पूनम कक्षा तृतीय के सुप्रिया, अनुष्का ने डॉ अंबेडकर की जीवनी पर विचार प्रस्तुत किया। वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पाठक ने मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर साहब के व्यक्तित्व, कृतित्व, संघर्ष, शिक्षा एवं संविधान के निर्माण में अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ आचार्य शंभू कुमार ने अपने उद्बोधन में बाबा साहब के लेखन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका लेखन केवल शूद्रों के लिए महत्वपूर्ण नहीं है, उन्होंने दर्शन, इतिहास, राजनीति, आर्थिक विकास आदि अनेक समस्याओं पर विचार किया



जिनका संबंध सारे देश की जनता से है। अंग्रेजी में उनकी रचनावली ह्लडॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर राइटिंग्स एंड स्पीचेसह्व नाम से महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रकाशित की गई है। मंच संचालन कक्षा 9 के छात्र अंकुश कुमार सिंह एवं निशांत कुमार के भैया द्वारा आचार्य श्री धर्मेंद्र कुमार यादव के देखरेख में किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर जयंती पर बीएसएल ने किया विशेष कार्यक्रम आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा, सम्मान एवं सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को मिला। प्रातःकाल सेक्टर-4ऊ स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने अधिशासी निदेशक गण, मुख्य महाप्रबंधकों एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने बाबा साहेब के आदर्शों, विचारों एवं मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा सामाजिक न्याय, समानता एवं बंधुत्व की भावना को सुदृढ़ करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने बाबा साहेब के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं उनके अमूल्य योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक सुधार एवं संविधान निर्माण के क्षेत्र में उनके ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं और उनके आदर्श एक सशक्त एवं समावेशी भारत के निर्माण के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। संध्या में बोकारो क्लब में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिलाई से आए समूह 'शिप्रा कम्युनिकेशन' द्वारा बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष एवं मूल्यों पर आधारित आकर्षक 'साउंड एंड लाइट शो' प्रस्तुत किया गया। इस प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन के विभिन्न आयामों को जीवंत रूप में दशार्या गया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने अत्यंत सराहा। इस कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन सहित बीएसएल के अधिशासी निदेशक गण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### डीवीसी चंद्रपुरा ने डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर किया रन फॉर इक्विटी का आयोजन




**चंद्रपुरा (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर यहां के मुख्य द्वार से आज सुबह प्रभात फेरी निकाला गया और रन फॉर इक्विटी के नारा के साथ ईडीसीएल कार्यालय स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान रामकुमार अनुभवी ने डॉ भीमराव अंबेडकर के कीर्ति की प्रशंसा की और कहा कि डॉ भीमराव की सकारात्मक सोच के कारण आज हमारा देश उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर है। वरिष्ठ महाप्रबंधक परिचालन एवं अनुरक्षण अभिजीत घोष ने समारोह के संबोधन में डॉ भीमराव अंबेडकर के मार्गदर्शन पर हम सभी भारतीयों को चलने की अपील की। डीवीसी प्रबंधन द्वारा अंबेडकर भवन के प्रांगण में अवस्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर राजकुमार चौधरी, लखी हेंब्रम, रामजी रजक, अक्षय कुमार, अमूल्य सिंह सरदार,ललन प्रसाद गुप्ता, डॉ. माणिक माणिक मंडल, पवन कुमार , मनीष कुमार , दिनेश चौधरी ,अनिल मुंडा , प्रदीप तिर्की, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# झामुमो बोकारो जिला अध्यक्ष की पत्नी ने पति पर दूसरी शादी का लगाया आरोप

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला अध्यक्ष रतनलाल मांझी की पत्नी गुलाबी देवी ने पति पर आज दूसरी शादी किए जाने का आरोप लगाते हुए एसपी ऑफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। गुलाबी देवी अपने दो बेटी और अपने रिश्तेदारों के साथ एसपी आवाज पहुंची और न्याय की गुहार लगाई हालांकि एसपी ने इस मामले के समाधान का आश्वासन दिया है। गुलाबी देवी का कहना है की एसपी पति को बुलाकर शादी नहीं करने की बात मीडिया के सामने बोलवाने का काम करे। हालांकि झामुमो जिला अध्यक्ष रतनलाल माझी ने शादी से इनकार किया है और इसे राजनीतिक साजिश और छवि को खराब करने का प्रयास बताया है। रतनलाल मांझी ने बताया कि 2019 से उसकी पत्नी उसके साथ नहीं है। पत्नी का हरिश्चंद्र नाम के एक युवक के साथ रिश्ता है। इस मामले को लेकर पहले भी सामाजिक स्तर से बैठक हो चुकी है। पत्नी के द्वारा खुद पेटरवार थाने में उस युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। न्यायालय में 164 का बयान भी दर्ज है।मेरी पत्नी



मेरे साथ नहीं रहना चाहती थी जिस कारण न्यायालय में डायवोर्स मामला 2022 में दाखिल किया है पत्नी ने 2023 में मेंटेनेंस का मामला दाखिल कराया 2025 में फैसला आया और मैं साढ़े बारह हजार रुपए मेंटेनेंस की राशि दे रहा हूं। लेकिन गलत तरीके से सोशल मीडिया में मेरी शादी की बात का आरोप लगा रही है जो मेरे राजनीतिक छवि को धूमिल करने का एक राजनीतिक प्रयास है। उन्होंने बताया कि उसकी दो बेटी और एक बेटा है दोनों बेटी मां और बेटा मेरे साथ रहता है। पत्नी गुलाबी देवी और बेटी आरती कुमारी का कहना है कि आज वह शादी करने वाले हैं जिसे रोकना जरूरी है।क्योंकि यह हमारे भविष्य का सवाल है। पार्टी से लेकर प्रशासन और पुलिस इस पर हमारी मदद करें।

# केक काटकर मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर हाड़ी जाति समाज सुधार समिति समाजिक संस्था द्वारा अंबेडकर चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही केक काटकर कार्तिक हाड़ी ने अम्बेडकर जयंती को सेलिब्रेट किया गया.इस दौरान समाज के लोगों ने एकजुट होकर बाबा साहेब को नमन किया और उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। अंबेडकर चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में हाड़ी जाति समाज सुधार समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सभी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए



कहा कि उन्होंने समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणादायक है। वकील दास ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन हमें सामाजिक कुरीतियों को खत्म कर एक समान और सशक्त समाज बनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी ने वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उनके संघर्षों को रेखांकित किया और समानता व भाईचारे के मार्ग पर चलने की अपील की। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शमशेर आलम कार्तिक हाड़ी कोषाध्यक्ष विजय हाड़ी गोविन्द पुर के भोला हाड़ी राकेश चौधरी मंटू दास राजू दास इम्तियाज आलम काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com